kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-251 ❑ मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



हम दो साल से ज़्यादा समय तक बंधक बनाए रखने के बाद सभी बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हैं। उनकी आज़ादी उनके परिवारों के साहस, राष्ट्रपति ट्रम्प के अटूट शांति प्रयासों और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

युवा कांग्रेस में पांच नए सचिव, एक संयुक्त सचिव सहित छह की अतिरिक्त नियुक्ति 11

शिअद नेता जगदीप सिंह चीमा समर्थकों सहित भाजपा में शामिल 12

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी ने गाजा शांति को समर्थन देते हुए इजरायली नागरिकों की रिहाई का स्वागत किया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शांति प्रयासों को समर्थन देते हुए सोमवार को हमास की कैद से सभी इजरायली बंधकों को रिहा किए जाने का स्वागत किया। अपनी पोस्ट में उन्होंने इस रिहाई को बंधकों के परिजनों, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजेमिन नेतन्याहू के साहस, संकल्प और प्रयासों की सराहना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम दो साल से ज़्यादा समय तक बंधक बनाए रखने के बाद सभी बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हैं। उनकी आज़ादी उनके परिवारों के साहस, राष्ट्रपति ट्रम्प के अटूट शांति प्रयासों और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। हम क्षेत्र में शांति लाने के राष्ट्रपति ट्रम्प के ईमानदार प्रयासों का समर्थन करते हैं। उल्लेखनीय है कि हमास ने 7 अक्टूबर 2023 से बंधक बनाए अंतिम 20 जीवित इजरायली नागरिकों को रिहा कर दिया है। वे अमेरिका की मध्यस्थता में किए गए युद्ध विराम के बीच दो साल की कैद के बाद रिहा हुए हैं।

### राहुल गांधी मंगलवार को आईपीएस वाई पूरन कुमार के परिवार से मिलेंगे

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को चंडीगढ़ पहुंचेंगे, जहां वह हाल ही में आत्महत्या करने वाले 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के आवास पर जाकर उनके परिवार से मुलाकात करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राहुल गांधी मंगलवार शाम करीब 5 बजकर 15 मिनट पर चंडीगढ़ स्थित स्वर्गीय पूरन कुमार के आवास पर जाएंगे और उनकी पत्नी आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट करेंगे। उल्लेखनीय है कि आईपीएस वाई पूरन कुमार 2001 बैच के हरियाणा कैडर के अधिकारी थे और हाल ही में उन्होंने चंडीगढ़ स्थित आवास में आत्महत्या कर ली थी। उनकी पत्नी आईएएस अमनीत पी कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने 10 अफसरों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। फिलहाल मामले में जांच जारी है।

### महाराष्ट्र के धुले में मिला मंकी पॉक्स का पहला मरीज स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

मुंबई। महाराष्ट्र के धुले जिले के सरकारी डायमंड अस्पताल में इलाज करवा रहे एक मरीज की मंकी पॉक्स की दोनों रिपोर्ट सोमवार को पॉजिटिव आई हैं। इसके बाद मरीज को एक अलग आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट किया गया है। मरीज के संपर्क में आए लोगों की भी जांच शुरू कर दी गई है। भारत में अब तक इसके 35 मामले मिल चुके हैं, जबकि महाराष्ट्र में यह पहला मामला है।

## विशेषज्ञ सेल और सैटेलाइट ऑफिस होंगे स्थापित

# मुख्यमंत्री ने इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन को दी मंजूरी

### पांच बड़े शहरों में स्थापित होंगे सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को सम्पन्न इन्वेस्ट यूपी शासी निकाय की पहली बैठक में प्रदेश के औद्योगिक निवेश ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन प्रस्ताव को मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दी।

इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन के तहत टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सर्विस सेक्टर जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञ सेल गठित किए जाएंगे। साथ ही मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस स्थापित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से घरेलू और वैश्विक निवेशकों से सीधा संवाद स्थापित कर उत्तर प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन कार्यालयों के संचालन में पारदर्शिता, दक्षता और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पुनर्गठन का उद्देश्य इन्वेस्ट यूपी को अधिक कार्यकुशल, विशेषज्ञता-आधारित और निवेशक-केंद्रित संस्था के रूप में विकसित करना है। बैठक में 11 महाप्रबंधक/सहायक महाप्रबंधक पदों पर कार्योत्तर स्वीकृति दी गई। साथ ही, दो संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी (पीसीएस संवर्ग) को प्रतिनियुक्ति पर तैनात करने तथा भूमि बैंक प्रकोष्ठ गठित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें दो पीसीएस अधिकारी (उपजिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी स्तर) तैनात होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नया ढांचा इन्वेस्ट यूपी को एक 'एकल निवेश सुविधा एजेंसी' के रूप में सशक्त बनाएगा, जो न केवल निवेश आकर्षित करेगी बल्कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन तक उनकी सक्रिय निगरानी भी सुनिश्चित करेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि इस ढांचे को त्वरित प्रभाव से लागू किया जाए और प्रत्येक प्रकोष्ठ का कार्यक्षेत्र स्पष्ट रूप से परिभाषित हो, ताकि निवेश संवर्धन की दिशा में समन्वित और परिणामोन्मुख व्यवस्था विकसित हो सके।

बैठक में बताया गया कि बीते कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2024-25 में लगभग 4,000 नई फैक्टरियां स्थापित हुईं, जिससे कुल संख्या लगभग 27,000 तक पहुँच गई है। वर्ष 2022-23 तक प्रतिवर्ष औसतन 500 नई इकाइयाँ स्थापित हो रही थीं, जिनमें अब कई गुना वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म' मंत्र के सफल क्रियान्वयन से राज्य के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र में आए सकारात्मक परिवर्तन का प्रमाण है।

बैठक में निवेश प्रोत्साहन और सुविधा व्यवस्था की समीक्षा की गई। बताया गया कि फॉर्च्यून 1000 सूची की 814 कंपनियों को अकाउंट मैनेजर आवंटित किए गए हैं। अब तक 50 नए एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं तथा 280 से अधिक कंपनियों से संवाद प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशक इकाइयों को भूमि, सब्सिडी आदि के साथ-साथ प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए भी संवाद बढ़ाया जाए।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में औद्योगिक ● शेष पेज 11 पर

## बिहार विधानसभा चुनाव

# जन सुराज पार्टी ने की उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी

एजेंसी




पटना। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जन सुराज पार्टी ने सोमवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची भी जारी कर दी है। इस सूची में 65 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। इससे पहले जारी हुई पहली सूची में 51 उम्मीदवार घोषित किए गए थे, जिसमें पिछड़ा और अति-पिछड़ा समाज के लोगों को विशेष प्राथमिकता दी गई थी।

बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए सोमवार को जारी जनसुराज की दूसरी सूची में सबसे चर्चित नाम भागलपुर से उम्मीदवार बनाए गए वरिष्ठ अधिवक्ता अभयकांत झा हैं। अभय कंात झा ने भागलपुर दंगा पीड़ितों का केस लगभग निःशुल्क लड़ा था। 850 परिवारों को बचाया, उनका पुनर्वास कराया और मुआवजा दिलाया। वे लोग मेरठ भाग रहे थे, उनके भागलपुर में रहने की व्यवस्था भी उन्होंने कराई थी।

इस सूची में दूसरा नाम रामचंद्र सहनी का है। 2005 से 2010 तक मंत्री रहे, जबकि 2020 तक विधायक रहे। उम्र के कारण 2020 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने टिकट नहीं दिया, फिर भी पार्टी का काम करते रहे। अब उन्हें प्रशांत किशोर की बातें पसंद आ रहीं हैं। पूर्वी चंपारण के सुगौली विधानसभा क्षेत्र में जनसुराज पार्टी कमजोर है। उसे मजबूत करेंगे और जनसुराज पार्टी का गढ़ बनाएंगे।

दूसरी सूची के प्रमुख उम्मीदवार 1 पश्चिमी चंपारण 6 नौतन संतोष चौधरी 2 पूर्वी चंपारण 10 रक्सौल कपिलदेव प्रसाद उर्फ भुवन पटेल 3 पूर्वी चंपारण 12 नरकटिया लाल बाबू यादव 4 पूर्वी चंपारण 15 केसरिया नाज अहमद खान उर्फ पप्पू खान 5 पूर्वी चंपारण 16 कल्याणपुर डॉ मंतोष सहनी 6 पूर्वी चंपारण 20 चिरैया संजय सिंह 7 शिवहर 22 शिवहर नीरज सिंह 8 सीतामढी 23 रीगा कृष्ण मोहन 9 सीतामढी 24 बथनाहा (एससी) डॉ नवल किशोर चौधरी 10 सीतामढी 27 बाजपट्टी आजम हुसैन अनवर 11 सीतामढ़ी 28 सीतामढ़ी जियाउद्दीन खान 12 मधुबनी 31 हरलाखी रत्नेश्वर ठाकुर 13 मधुबनी 37 राजनगर (एससी) डॉ. सुरेंद्र कुमार दास 14 मधुबनी 38 झंझारपुर केशव भंडारी 15 सुपौल 42 पिपरा इंद्रदेव साह 16 सुपौल 44 त्रिवेणीगंज (अजा) प्रदीप राम,17 अररिया 46 नरपतगंज जनार्दन यादव, 18 किशनगंज 53 ठाकुरगंज मो एकरामुल हक19 पूर्णिया 58 कसबा इत्तेफाक आलम उर्फ मुन्ना 20 पूर्णिया 59 बनमनखी (एससी) मनोज कुमार ऋषि 21 पूर्णिया 60 रूपौली आमोद कुमार 22 कटिहार 63 कटिहार डॉ. गाजी शारिक 23 कटिहार 64कदवा मो.शहरयार 24 कटिहार 65 ● शेष पेज 11 पर

## सिख नरसंहार के दोषियों को बचाने के पाप से कांग्रेस कभी बच नहीं सकती: तरूण चुग

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❑ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के ऑपरेशन ब्लूस्टार पर बोले गए झूठ और कांग्रेस की 1984 में नरसंहार में भूमिका उजागर की।

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के ऑपरेशन ब्लूस्टार पर बोले गए झूठ और कांग्रेस की 1984 में नरसंहार में भूमिका उजागर की। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए तरुण चुग ने कहा कि यह कैसे संभव है कि श्री हरमंदिर साहिब पर टैंक और तोपें बिना तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सहमति और आदेश के चलाई गई हों। सच को तोड़-मरोड़कर पेश करना शहीदों का अपमान है और इतिहास के सबसे काले अध्याय को ढकने की शर्मनाक कोशिश है। सिख नरसंहार के दोषियों को बचाने के पाप से कांग्रेस कभी बच नहीं सकती। सोमवार को तरुण चुग ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 1984 के सिख नरसंहार के दोषियों को चार दशक तक बचाया और संरक्षण दिया। जगदीश टाइटलर, सज्जन कुमार और एचकेएल भगत जैसे नेताओं, जिन पर 52 जिलों में निर्दोष सिखों की बर्बर हत्याओं के आरोप लगे, को कांग्रेस ने ढाल बनकर बचाया।

चुग ने यह भी कहा कि 1984 सिख नरसंहार से पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने का मार्ग प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने ही प्रशस्त किया। चाहे वह एसआईटी का गठन हो, पुनर्वास, उचित मुआवज़ा या पीड़ित परिवारों को नौकरी की सुरक्षा देना– हर मोर्चे पर मोदी सरकार ने संवेदनशीलता दिखाई। जब कांग्रेस नेता नरसंहार की योजना बना रहे थे, तब भाजपा और आरएसएस ● शेष पेज 11 पर

## भारत पहुंचे मंगोलिया के राष्ट्रपति उखना, विदेश मंत्री जयशंकर ने की मुलाकात

नई दिल्ली। मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना भारत की राजकीय यात्रा पर आज यहां पहुंचे। हवाई अड्डे पर औपचारिक स्वागत किया गया। कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत से पहले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आज उनसे मुलाकात की। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा कि मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात करना सम्मान की बात है। आध्यात्मिक पड़ोसियों और वैश्विक दक्षिण के सदस्यों के रूप में हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के उनके उत्साहपूर्ण विचारों की वे सराहना करते हैं। उन्हें विश्वास है कि कल प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी बातचीत हमारी मित्रता के अगले दशक के लिए एक भविष्यदर्शी दिशा निर्धारित करेगी। राष्ट्रपति उखना 13-16 अक्टूबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। उनके साथ कैबिनेट मंत्रियों, सांसदों, वरिष्ठ अधिकारियों, व्यापारिक नेताओं और सांस्कृतिक प्रतिनिधियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी यहां आया है। ● शेष पेज 11 पर

## रामलीला मैदान में 16 नवम्बर को मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने रैली करने का किया ऐलान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




नई दिल्ली। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारिणी की बैठक में आज कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इन फैसलों में राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 16 नवम्बर को बड़ी रैली करने के साथ ही वक्फ संपत्तियों को बुनियाद पोर्टल पर अपलोड करने के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने का फैसला लिया गया है।

बोर्ड अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी के अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित इस बैठक में वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन में आने वाली तमाम परेशानियों को दूर करने का फैसला किया गया।

बैठक में वक्फ संपत्तियों को सरकार द्वारा स्थापित किए गए बुनियाद पोर्टल पर पंजीकृत करने के लिए विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि विभिन्न राज्यों से वक्फ मुतवल्लियों को पोर्टल पर रजिस्टर्ड कराने के लिए कई प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। पोर्टल के इस्तेमाल करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पोर्टल पर एक संपत्ति को पंजीकृत करने में घंटे भर से अधिक का समय बर्बाद हो रहा है। इन तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए वक्फ संपत्तियों के जानकारों की सेवाएं लेने पर भी चर्चा की गई है। इसके लिए राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तर पर हेल्प डेस्क स्थापित करने की भी योजना पर चर्चा की गई है।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने पोर्टल पर संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन की समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की है। सुप्रीम कोर्ट में पोर्टल मामले पर सुनवाई 28 अक्टूबर को होनी है। बोर्ड प्रवक्ता कासिम रसूल इलियास ने बताया कि आज की बैठक में 16 नवंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में वक्फ संपत्ति संरक्षण ● शेष पेज 11 पर

# अफगानिस्तान ने पाकिस्तानी सैन्य गुट पर क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने का लगाया आरोप

एजेंसी



❑ इस्लामिक अमीरात के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा– अफगानिस्तान की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित, बाहरी षड्यंत्र नाकाम

काबुल। इस्लामिक अमीरात-ए-अफगानिस्तान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोमवार को एक विस्तृत आधिकारिक बयान जारी कर देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमाई स्थिरता और क्षेत्रीय हालात पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ॑अफगानिस्तान की सभी आधिकारिक सीमाएं और सीमांकन रेखाएं पूरी तरह नियंत्रण में हैं तथा हाल के महीनों में किसी बड़े सुरक्षा या राजनीतिक संकट की कोई घटना नहीं हुई है।

मुजाहिद ने अपने बयान में कहा कि गैरकानूनी गतिविधियों पर कड़ी रोक लगी है और रक्षा मंत्रालय देश की सीमाओं की सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। उन्होंने दावा किया कि ॑अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता कायम है, तथा पिछले आठ महीनों में किसी बड़े हमले की कोई घटना नहीं हुई।

प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सेना के भीतर एक प्रभावशाली गुट अफगानिस्तान में अस्थिरता फैलाने की कोशिश कर रहा है। उनके अनुसार, ॑पाकिस्तानी सैन्य नेतृत्व का एक धड़ा अफगानिस्तान की स्थिरता से असंतुष्ट है और झूठी सूचनाएं फैलाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अफगानिस्तान की छवि खराब करने में लगा है।॑

मुजाहिद ने कहा कि इस गुट ने अफगान-पाक संबंधों में भ्रम फैलाने, सीमा पर तनाव बढ़ाने और आतंकी समूह आईएसआईएस-खुरासान (दाएश) को पनाह देने जैसे कदम उठाए हैं। उन्होंने दावा किया कि ॑आईएसआईएस-खुरासान के प्रमुख शाहाब अल-मुहाजिर और उसके सहयोगी वर्तमान में पाकिस्तान में छिपे हुए हैं।॑ इस्लामिक अमीरात ने पाकिस्तान से इन आतंकियों को सौंपने या निष्कासित करने की औपचारिक मांग की है।

मुजाहिद ने यह भी कहा कि अफगानिस्तान की धरती पर अब दाएश का कोई ठिकाना नहीं है और देश की सुरक्षा एजेंसियां ● शेष पेज 11 पर

## राजधानी जयपुर में नए आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन

# 9300 करोड़ रुपए से अधिक विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास : शाह

एजेंसी



❑ प्रदेश के विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए उनके अभिभावकों के बैंक खाते में 240 करोड़ एवं पांच लाख दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के 364 करोड़ रुपये की राशि का हस्तान्तरण किया।

जयपुर । केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर में नए आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट.2024 के तहत प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से चार लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउण्ड ब्रेकिंग तथा लगभग 9300 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। श्री शाह ने सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर जेईसीसी में आयोजित कार्यक्रम में नये कानूनों के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद इसका अवलोकन किया। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने रिमोट बटन दबाकर विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने प्रदेश के विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए उनके अभिभावकों के बैंक खाते में 240 करोड़ एवं पांच लाख दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के 364 करोड़ रुपये की राशि का हस्तान्तरण किया। उन्होंने 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत रजिस्ट्रेशन का शुभारम्भ भी किया। श्री शाह ने प्रदेश के दूरदर्शी विकास की संकल्पना को समर्पित श्विकसित राजस्थान.2047 कार्ययोजनाश का विमोचन भी किया। श्री शाह ने शुरुआत में एफएसएल के 56 वाहनों और महिला सुरक्षा पेट्रोलिंग के लिए 100 स्कूटी एवं मोटरसाइकिलों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डा प्रेम चंद बैरवा और राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ए केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन मुख्य सचिव सुधांश पंत पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा मौजूद थे। इस अवसर पर जिन कार्यों का लोकार्पण हुआ उनमें भुसावर बाईपास एवं सड़क निर्माण के 436.54 करोड़ के 20 कार्यए पशु चिकित्सा उपकेन्द्र एवं पशु चिकित्सालयों ● शेष पेज 11 पर

# मुख्य विकास अधिकारी ने की पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति की समीक्षा

### लापरवाही पर अधिशाषी अभियंता का वेतन रोका जाएगा, बैंकों को शीघ्र लोन स्वीकृति के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की प्रगति समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने यूपी नेडा, विद्युत विभाग एवं विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ कार्यों की स्थिति पर चर्चा की।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पंजीकरण से लेकर स्मार्ट मीटर स्थापना तक प्रत्येक स्तर की प्रगति की मॉनिटरिंग नियमित रूप से की जाए। उन्होंने परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देशित किया कि प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा कर प्रगति सुनिश्चित करें।सीडीओ ने कार्य में लापरवाही बरतने एवं बैठक से अनुपस्थित रहने पर विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता म्योहाल का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए। वहीं, बैंकों में लंबित ऋण आवेदनों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा की नैनी, करछना एवं कोरांव शाखाओं को पात्र लाभार्थियों के लोन शीघ्र स्वीकृत करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना है। सरकार चाहती है कि अधिक से अधिक आवासीय घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग किया जाए।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति कम है। इसलिए सभी विभाग लक्ष्य को समय से पूर्ण करें। यूपी नेडा को निर्देशित किया गया कि आमजन के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार कर योजना के लाभों की जानकारी दी जाए।सीडीओ ने सरकारी कार्यालयों एवं भवनों में भी सोलर पैनल लगाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में विद्युत विभाग, यूपी नेडा एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे ।

## विभागीय आलू बीज के विक्रय दर पर 800 रुपये प्रति कुंतल की छूट : दिनेश प्रताप सिंह

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश के आलू किसानों के हित में वर्ष 2025-26 हेतु विभागीय आलू बीज की दरों पर 800 रुपये प्रति कुंतल की छूट देने का निर्णय लिया गया। उद्यान मंत्री ने कहा कि वर्तमान वर्ष में विभागीय आलू बीज की विक्रय दरें उत्पादन लागत के आधार पर 2760 रुपये से 3715 रुपये प्रति कुंतल तक निर्धारित थीं, जबकि निजी बीज कंपनियों की आलू बीज की औसत दरें लगभग 2500 से 3500 रूपये के मध्य है। अब किसानों को गुणवत्तायुक्त सभी श्रेणी के विभागीय आलू बीज की दरों में 800 रुपये प्रति कुंतल की छूट दी जायेगी। शोध संस्थाओं एवं सरकारी संस्थाओं को छूट प्रदान नहीं की जायेगी। अब किसानों के लिए सभी विभागीय आलू बीज की दरें 1960 रुपये से 2915 रुपये प्रति कुंतल के बीच रहेगी।

## त्योहारों से पहले पटाखों को लेकर निगोहां व नगराम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### दो थाना क्षेत्रों से 19 कुंटल अवैध पटाखे बरामद, तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । त्योहारों से पहले निगोहा व नगराम पुलिस ने अवैध पटाखों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मोहनलालगंज सर्किल के निगोहां और नगराम थाना क्षेत्रों में संयुक्त छापेमारी कर करीब 19 कुंटल अवैध पटाखे और सुतली बम बरामद किए हैं। यह कार्रवाई एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के नेतृत्व में की गई। थाना निगोहां प्रभारी अनुज कुमार तिवारी की टीम ने कस्बे के तीन घरों में छापा मारकर करीब 15 कुंटल पटाखे, सूतली बम, रॉकेट और फुलझड़ी बरामद कीं। वहीं नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी की पुलिस टीम ने एक गोदाम से 4 कुंटल अवैध पटाखे बरामद किए। निगोहां में तीन लोगों को गिरफ्तार कर विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी बाहरी जिलों से पटाखे मंगाकर दीपावली पर बिक्री की तैयारी कर रहे थे। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि त्योहारों से पहले अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए अभियान तेज है। ऐसे अवैध भंडारण से आगजनी या विस्फोट की घटनाएँ हो सकती हैं, इसलिए पुलिस सख्त रुख अपनाए हुए है।

## विकास भवन में 16 अक्टूबर को लगेगा नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

प्रयागराज । आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 16 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को विकास भवन परिसर, प्रयागराज में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा, स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा।यह शिविर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, मोतीलाल नेहरू जिला चिकित्सालय के सौजन्य से प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक संचालित होगा।इस दौरान चिकित्सकों द्वारा आमजन का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाएं प्रदान की जाएंगी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगदीश राम ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक करना और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## राजापुर में बुजुर्ग सास की बहू कर रही प्रताड़ना, कार्रवाई की मांग

प्रयागराज। थाना कैंट अंतर्गत राजापुर चौकी क्षेत्र के नेवादा शेरवानी तिराहे पर एक बुजुर्ग सास को उसकी बहू द्वारा लम्बे समय से प्रताड़ित किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, बुजुर्ग महिला का छोटा बेटा भी अपनी पत्नी का साथ देता है और पुलिस में माँ व बड़े भाई के विरुद्ध झूठी शिकायतें देता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी बहू और बेटा पुलिस से भी अभद्र व्यवहार करते हैं। नागरिकों ने कैंट पुलिस से ऐसे निर्लज्ज बेटे-बहू पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## प्रयागराज से 190 सब इंस्पेक्टरों का गैर जनपद तबादला

प्रयागराज। प्रयागराज पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर फ़ेरबदल किया गया है। जिले के 190 सब इंस्पेक्टरों का गैर जनपद स्थानांतरण किया गया है। सभी को संबंधित जनपदों में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, औद्योगिक थाना प्रभारी विपिन पाल का नाम भी सूची में शामिल था, किंतु अधिकारियों के हस्तक्षेप से उनका तबादला रोका गया। पुलिस लाइन से सभी स्थानांतरित अधिकारियों को औपचारिक रूप से विदा किया गया। तबादलों के बाद कई थानों में नए प्रभारी नियुक्त होने की संभावना है।

## विनियमन शुल्क जमा किए बिना ईट-भट्ठों का संचालन न करें: एडीएम

प्रयागराज। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूजा मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जनपद के सभी ईट-भट्ठा स्वामियों को निर्देशित किया है कि वे ईट भट्ठा सत्र 2025-26 (01 अक्टूबर 2025 से 30 सितम्बर 2026) का विनियमन शुल्क जमा किए बिना किसी भी दशा में ईट भट्ठे का संचालन न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच के दौरान यदि कोई ईट-भट्ठा बिना शुल्क जमा किए संचालित पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। एडीएम ने सभी संचालकों से समय से शुल्क जमा कर नियमानुसार संचालन सुनिश्चित करने की अपील की है।

## जोनल फ़ेस्ट के लिए पर्यवेक्षकों की हुई नियुक्ति

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के संबद्ध संस्थानों में डॉ0 अब्दुल कलाम स्पोर्ट्स जोनल फ़ेस्ट के लिए सोमवार को पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गयी। कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय के निर्देशन में आठ जोन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त हुए है। फ़ेस्ट का आयोजन 16 से 18 अक्टूबर तक प्रदेश के आठ जोन आगरा, बरेली, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, मेरठ और प्रयागराज में होगा। फ़ेस्ट में विभिन्न खेल होंगे। विश्वविद्यालय की ओर से हर वर्ष आयोजित होने वाले इन खेलों में काफी संख्या में छात्र प्रतिभाग करते हैं। इन खेलों से न केवल छात्रों का व्यक्तित्व विकास होता है बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा भी साबित करने का मौका मिलता है।

## स्वदेश और आत्मनिर्भर भारत का नारा लगाकर जनता को भ्रमित कर रही वर्तमान सरकार : लोकदल

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने स्वदेशी उत्पादों को लेकर सरकार द्वारा स्वदेशी का नौटंकी अपनाए जाने को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि वर्तमान सरकार सिर्फ ल्लस्वदेशङ्क और ल्लआत्मनिर्भर भारतङ्क का नारा लगाकर जनता को भ्रमित कर रही है। हकीकत यह है कि सरकार की नीतियाँ विदेशी कंपनियों के हित में और गांवों के स्वदेशी उत्पादों के खिलाफ़ काम कर रही हैं। अगर सरकार वास्तव में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति गंभीर होती, तो गांवों में बने उत्पादों की खरीद और मार्केटिंग का जिम्मा खुद उठाती। परंतु आज स्थिति यह है कि अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसी विदेशी कंपनियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जबकि गांवों में मेहनत से तैयार किए गए स्वदेशी सामानों को बाजार तक पहुंचाने वाला कोई नहीं। उन्होंने मांग किया कि एक ल्लराष्ट्रीय स्वदेशी ई-कॉमर्स मंचङ्क स्थापित करे जहां देशभर के गांवों के उत्पादों का प्रचार, बिक्री और वितरण सरकारी निगरानी में हो।

## सर्विलांस सेल गंगानगर पुलिस ने 101 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर स्वामियों को लौटाए

प्रयागराज। पुलिस आयुक्त प्रयागराज एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में, पुलिस उपायुक्त गंगानगर और अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल गंगानगर पुलिस टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए 101 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए। बरामद मोबाइल फोनों की कुल अनुमानित कीमत 31 लाख 42 हजार रुपये है। टीम ने मोबाइल ट्रेसिंग के लिए आधुनिक तकनीकी माध्यमों जैसे कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स, सीसीटीवी फुटेज, लोकेशन ट्रैकिंग और सीईआईआर (www.ceir.gov.in) पोर्टल का कुशलतापूर्वक उपयोग किया। पुलिस की इस पहल ने न केवल नागरिकों को उनके कीमती फोन वापस दिलाए, बल्कि उनके महत्वपूर्ण व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा भी सुनिश्चित की।मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों ने प्रयागराज पुलिस का आभार जताया और पुलिस के प्रयासों की सराहना की। सर्विलांस सेल की इस टीम में उपनिरीक्षक सुखचैन तिवारी (प्रभारी सर्विलांस सेल), हे.का. रबीश चन्द्र यादव, अगंद गिरी, राजेश यादव, का. राहुल यादव, अमित मिश्रा एवं म.का. प्रियंका पाल शामिल रहे।सर्विलांस टीम ने नागरिकों से अपील की है कि भविष्य में मोबाइल गुम होने पर सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल रसीद और पहचान पत्र सहित विवरण अपलोड करें, जिससे मोबाइल की ट्रैकिंग और बरामदगी में सहायता मिल सके।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर लखनऊ में शुरू हुई दो दिवसीय उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भारत में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु लखनऊ में दो दिवसीय उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की शुरूआत हुई। समीक्षा बैठक का नेतृत्व स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने संयुक्त रूप से किया। दो दिवसीय चलने वाली इस समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और असम में उन्मूलन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गतिविधियों को और बेहतर करने के लिए व्यापक केंद्र, राज्य, जिला और ब्लॉक स्तरीय कार्य योजना तैयार की जायेगी। उद्घाटन सत्र में वर्चुअल रूप से उपस्थित अपर स्वास्थ्य सचिव सह निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भारत सरकार आराधना पटनायक ने आगामी 10 फरवरी 2026 से शुरू होने वाले सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में सभी राज्यों को 95 प्रतिशत से अधिक लोगों को स्वास्थ्य कर्मियों के सामने दवा खिलाने का लक्ष्य दिया और भारत को 2027 तक फाइलेरिया से मुक्त करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। डॉ आर.पी.सिंह सुमन, महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य, उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि उत्तर प्रदेश फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दृढ़ संकल्पित है और बताया कि उत्तर प्रदेश के 51 जिलों के 782 विकासखंड फाइलेरिया से प्रभावित है जिनमे से 544 (70 प्रतिशत) विकास खंडों ने फाइलेरिया संक्रमण दर को 1 से कम करने में सफलता प्राप्त कर ली है परंतु हमें इन क्षेत्रों में और अधिक ध्यान केंद्रित करने के साथ साथ गतिविधियों को निरंतर बनाये रखना है।

## परीक्षा देकर घर वापस लौट रहे छात्र पर जानलेवा हमला

### गंभीर चोट आने से प्रयागराज रेफर दिन दहाड़े चाकू से छात्र पर करते रहे वार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरावं, प्रयागराज। गोपाल विद्यालय इंटर कालेज कोराव इंग्लिश मीडियम में संस्कार शुक्ल उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्र विनय शुक्ल कक्षा 10 वी छात्र है परीक्षा देकर वापस दोपहर अपने घर भलुवा जा रहा था जब छात्र सेमरी बाघराय के पासपहुँचा उसी समय एक बिना नंबर प्लेट की दो पहिया वाहन से दो लोग सवार होकर पहुचे और धारदार से हमला करने लगे आसपास के लोगो ने बताया कि 27 बार मारने के लिए वार किया गया था जब तक आसपास के लोगो को जानकारी हुई हमलावर भाग निकले स्थानिय लोगो ने तत्काल इलाकाई पुलिस को सूचना दिया जब तक पुलिस पहुची उसके पहले ही स्थानीय लोग सीएचसी कोराव लेकर इलाज के लिए पहुँच चुके थे गंभीर चोट आने के कारण प्रयागराज मोती लाल नेहरू हास्पिटल रेफर किया गया है हालात नाजुक बताई जा रही है चुकी शरीर से खून ज्यादा निकल चुका था तथा गले मे चोट गंभीर है घटना की जानकारी होने पर एसीपी मेजा संन्त प्रसाद उपध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना कोराव राकेश कुमार वर्मा अतिरिक्त इंस्पेक्टर शैलेश कुमार सिह समेत अन्य पुलिस बल घटना स्थल मौके पर पहुचकर आसपास के लोगो व परिजनों तथा विद्यालय से घटना के बारे में जानकारी ली फिलहाल इस तरह की दिन दहाड़े घटना घटित होने से स्थानीय पुलिस बल का डर लोगो मे नही रह गया है फिलहाल पुलिस घटना ऐसी क्यो घटित हुई कई पहलुओं पर जाँच में जुटी है समाचार लिखे जाने तक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है परिजनों में दहशत का माहौल व रो रो कर बुरा हाल है प्रभारी निरीक्षक थाना कोराव राकेश कुमार वर्मा से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि परिजन द्वारा तहरीर नही मिला है आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है

संन्त प्रसाद उपध्याय सहायक पुलिस आयुक्त प्रयागराज ने बताया कि छात्र द्वारा बताया गया कि मुझसे ऊपर के छात्र मेरे साथ इस तरह की घटना कारित किया गया है तबियत सुधार होने पर और जानकारी जुटा कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाएगा ताकि इस तरह का अपराध न हो।

## वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक अनिल कुमार का स्वागत

### प्रयागराज एलआईसी सेटेलाइट शाखा में प्रथम आगमन पर सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरावं, प्रयागराज। भारतीय जीवन बीमा निगम प्रयागराज मण्डल के वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक अनिल कुमार का मेजारोड स्थित सेटेलाइट शाखा में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों विकास अधिकारी अभिकर्ता ने उनका स्वागत अभिनंदन किया अनिल कुमार का स्वागत यमुनापार नैनी के वरिष्ठ प्रबन्धक अखिलेश कुमार सिह सेटेलाइट शाखा मेजारोड के प्रबन्धक विनय कुमार मिश्र विकास अधिकारी सी एल आई ए अभिकर्ता व शाखा के अन्य स्टाफ ने माला पहनाकर स्वागत किया इसके पश्चात विकास अधिकारी के साथ बैठक कर वार्ता किये तत्पश्चात शाखा में आये सभी अभिकर्ता के साथ बैठक कर बीमा से सम्बंधित वार्ता किये साथ ही अच्छा कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को संम्मानित भी किया गया आगे उन्होंने कहा हम सब पालिसी धारक के साथ अच्छा ब्यवहार व बीमा से सम्बंधित उनको हर जानकारी मुहैया कराना हम सबकी जिम्मेदारी है हमारा संस्थान भी पूरी निष्ठा के साथ कार्य करता चला आ रहा है इस मौके पर विकास अधिकारी जय सिह , सौरभ सिह, गौरी शंकर यादव, कुंदन प्रजापति , मनीष कुमार सिह , सी एल आई ए नागेश्वर प्रयाद मिश्र ,देवी प्रसाद शुक्ल आफिस का स्टाफ सुनील कुमार जायसवाल व राहुल सिह विमलेश वर्मा , राकेश कुमार , पुष्पराज सिह अब्दुल कलाम , शिव शंकर यादव , जय पाल , कृपा शंकर, राजेन्द्र प्रसाद मिश्र , समेत अन्य अभिकर्ता मौजूद रहे

## लखनऊ पश्चिम में विकास की नई गूंज

### विधायक अरमान खान ने फरीदीपुर में सड़क का लोकार्पण कर जनता से किए नए विकास के वादे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ठाकुरगंज, लखनऊ । समाजवादी पार्टी के लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अरमान खान ने रविवार को क्षेत्र के कन्हैया माधवपुर द्वितीय वार्ड फरीदीपुर, गली नंबर 11 में नव-निर्मित सड़क का भव्य लोकार्पण किया। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं पार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय निवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समारोह का माहौल उत्साह और उत्सव से भरा रहा। जहां लोगों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया।लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक अरमान खान ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए भी उन्होंने हमेशा जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया है और सीमित संसाधनों के बावजूद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और सहयोग से ही विकास संभव है। और वे अपने हर वादे को पूरा करने के लिए संकल्पित हैं।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि केंद्र में भाजपा सरकार होने के बावजूद अरमान खान ने अपनी विधायक निधि का प्रभावी और पारदर्शी उपयोग करते हुए लखनऊ पश्चिम में अनेक, सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और सार्वजनिक स्थलों के विकास कार्य कराए हैं।

## फिल्म ''भागवत'' में दिखेगा वास्तविक जीवन का साहस और दृढ़ विश्वास: अरशद वारसी

### 17 अक्टूबर को जी5 पर होगा फिल्म का प्रसारण
### डीसीपी पश्चिम से टीम भागवत ने की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। जी5 की ओरिजनल फिल्म भागवत के प्रमोशन के लिए मुख्य कलाकार सोमवार को लखनऊ पहुंचे। लखनऊ पहुंचने के बाद कलाकारों ने कैसरबाग पुलिस स्टेशन में पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की, जिसके बाद वह मीडिया से भी रुबरु हुए। लखनऊ पहुंचे अरशद वारसी और निर्देशक अक्षय शेरे ने शहर में न्याय और कानून व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि भागवत सत्य घटनाओं पर आधारित फिल्म है। यह एक गंभीर और भावनाओं से भरी फिल्म है, जिसमें तफ्तीश के साथ रहस्यों, धोखे और मानव संघर्ष के गहरे राज़ खुलते हैं। यह फिल्म रॉबर्ट्सगंज, उत्तर प्रदेश के देहाती परिदृश्य में फिल्माई गई है, जिसमें न्याय, सहानुभूति और व्यक्तिगत अंतःकरण के बीच होने वाले नैतिक संघर्ष को दिखाया गया है। अरशद वारसी ने कहा कि लखनऊ मेरे दिल के करीब है। मेरी एक फिल्म थी 'सहर', जिसमें मुख्य किरदार एसएसपी अजय कुमार की कहानी लखनऊ पर आधारित थी। एक और फिल्म ल्लडेढ़ इश्कियाङ्क की शूटिंग लखनऊ में हुई थी। इसलिए लखनऊ, यहाँ के लोगों और खाने से मेरी प्यारी यादें जुड़ी हुई हैं। इस बार, मैं इन पुलिस अधिकारियों से मुलाक़ात करके बहुत उत्साहित हूँ, जो शक्ति और अखंडता के प्रतीक हैं। भागवत फिल्म में वास्तविक जीवन का साहस और दृढ़ विश्वास दिखाया गया है। इसमें दृढ़ता की शक्ति, संघर्ष करने की इच्छाशक्ति और सत्य में अटल विश्वास दिखाया गया है। डायरेक्टर अक्षय शेरे ने कहा कि लखनऊ का साहस, सम्मान और मानवता की कहानियों से गहरा भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंध है। भागवत फिल्म में भी यही दिखाया गया है। यहाँ पर पुलिस अधिकारियों से मुलाकात और न्याय के प्रति उनकी लगन से प्रेरणा मिली है। 17 अक्टूबर को फिल्म का प्रसारण जी5 पर होगा।

## स्वदेशी उत्पादों से सजा यूपी ट्रेड शो,उमड़ी खरीदारों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। गांधी पार्क के समीप लगे यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला में सोमवार को लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।मेले में विभिन्न स्टॉलों पर लगाए गए स्वदेशी उत्पादों ने न केवल लोगों को आक र्षित किया,बल्कि आत्मनिर्भर भारत की भाव ना को भी सशक्त किया।स्थानीय कारीगरों और महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प, कपड़े,मिट्टी के बर्तन,जूट उत्पाद, लकड़ी के खिलौने, आयुर्वेदिक उत्पाद और जैविक खाद्य वस्तुओं को लोगों ने बड़े उत्साह से खरीदा।उपायुक्त उद्योग बाबू राम ने बताया कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन किया गया है,ताकि स्था नीय उद्यमियों और शिल्पकारों को अपनी कला और उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मि ल सके।उन्होंने कहा कि मेले में लोगों की भा गीदारी उम्मीद से कहीं अधिक रही और यह द र्शाता है कि जनता अब भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दे रही है।मेले में सूचना एवं जन संपर्क विभाग की



ओर से आयोजित सांस्कृ तिक कार्यक्रमों ने भी लोगों का खूब मनोरंजन किया। मंथन कल्चरल सोसायटी और बालाजी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रस्तुत लोकगीतों कार्यक्र मों ने वातावरण को उत्सवमय बना दिया।पारं परिक संगीत और लोकधुनों पर दर्शक झूम उठे महिलाओं और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।कई परिवारों ने मेले में आकर जमक र खरीदारी की और आयोजन की सराहना की। लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल स्था नीय उत्पादों को मंच प्रदान करते हैं,बल्कि रोज गार के अवसर भी बढ़ाते हैं। स्वदेशी मेला अब जिले के सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन का ए क अहम हिस्सा बनता जा रहा है।मेले की रौन क और लोगों का उत्साह यह संदेश दे रहा है कि ल्लवोकल फॉर लोकल अभियान अब जन-जन का अभियान बन चुका है।

# संघ का उद्देश्य राष्ट्र चेतना , सेवा और चरित्र निर्माण है : क्षेत्र प्रचारक

**संघ के 100 वर्ष पर मोहनलालगंज में भव्य पथ संचलन**

**कस्बा में हजारों स्वयंसेवकों ने बढ़ाई राष्ट्रभक्ति की भावना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर भव्य पथ संचलन निकाला गया , यह संचलन मोहनलालगंज कस्बा स्थित ए.एस.एन पब्लिक स्कूल परिसर से शुरू होकर मोहनलालगंज के पुराने पेट्रोल पंप व कस्बा से फुलवरिया मोड होते हुए स्कूल परिसर में समाप्त हुआ। पथ संचलन के दौरान पुष्प वर्षा भी हुई , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर मोहनलालगंज नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। ए.एस.एन पब्लिक स्कूल से शुरू हुए इस संचालन में सैकड़ो स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया। इस अवसर पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस दौरान मुख्य वक्ता क्षेत्र प्रचारक पूर्वी उत्तर प्रदेश अनिल जी ने बताया कि विश्व के 26 देशों में संघ की शाखाएं और कार्यक्रम संचालित हैं। संघ केवल संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा का सतत आंदोलन है। इसका उद्देश्य राष्ट्र चेतना , सेवा और चरित्र निर्माण है। जिला प्रचारक शिव मोहन कहा कि संघ का पथ संचलन केवल एक शोभायात्रा नहीं, बल्कि यह अनुशासन, संगठन और राष्ट्रभक्ति का सजीव उदाहरण है। जिला कार्यवाह स्वयंसेवक अपने आचरण से समाज में सेवा और समरसता का संदेश देता है। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे मोहनलालगंज खण्ड कार्यवाह गिरीश त्रिवेदी ने बताया कि आरएसएस के स्वयंसेवक देश के सच्चे सिपाही और सैनिक है जो हमेशा राष्ट्रहित की बात को सर्वोपरि मानते हैं । संघ का कार्य न किसी को डराना है और न ही डरना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीतापुर उदासीन आश्रम के महंत बजरंग मुनि ने किया । इस मौके पर जिला कार्यवाह अजीत , वींरेंद्र , अभिषेक , समर , रूपेंद्र , दीपक तिवारी नीरज समेत बड़ी संख्या में संघ के लोग मौजूद रहे।

# भाजपा के प्रदेश प्रवक्ताओं ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ताओं ने सोमवार को पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता आलोक अवस्थी, हरीश चन्द्र श्रीवास्तव, मनीष शुक्ला, हीरो बाजपेई , राकेश त्रिपाठी, आनन्द दुबे एवं संजय चौधरी ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी प्रवक्ताओं से कहा कि विपक्ष को जवाब देते समय अपनी बात स्पष्टता के साथ रखें। अपने विषय को तथ्यात्मक जानकारी के साथ रखें ताकि उसका संदेश खराब ना जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के कामकाज और सरकारी योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए। जनहित में सरकार द्वारा किये गये कार्यों को बताना चाहिए। एक प्रवक्ता के मुताबिक बरेली जैसी घटना प्रदेश में दोहराने न पाए, इसको लेकर भी मुख्यमंत्री की स्पष्टता देखने को मिली। साथ ही यह बात भी आई की मुख्यमंत्री की भाजपा प्रवक्ताओं के साथ माह में कम से कम एक दिन मुलाकात जरूर हो। ताकि विभिन्न विषयों पर उनका मार्गदशन प्रवक्ताओं को मिल सके। ऐसे ही कई अन्य विषयों पर प्रवक्ताओं के साथ चर्चा हुई है।

# उत्तर प्रदेश तेजी से बन रहा विश्व का अध्यात्मिक पर्यटन हब : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश पर्यटन को 'सेवन स्टार्स लग्जरी हॉस्पिटैलिटी एंड लाइफस्टाइल अवार्ड्स 2025' में बेस्ट स्पिरिचुअल टूरिज्म डेस्टिनेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। पुर्तगाल में भारत के राजदूत पुनीत रॉय कुंदल ने उत्तर प्रदेश की ओर से 11 अक्टूबर, 2025 को आयोजित समारोह में यह सम्मान ग्रहण किया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह प्रतिष्ठित सम्मान उत्तर प्रदेश की उस विशिष्ट पहचान को वैश्विक मंच पर और सशक्त बनाता है जिसके केंद्र में आस्था, भक्ति और दिव्यता की सदियों पुरानी परंपरा निहित है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि यह उपलब्धि न केवल राज्य की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रमाण है, बल्कि विश्व पर्यटन मानचित्र पर उत्तर प्रदेश की अग्रणी स्थिति को और मजबूत करता है। इस सम्मान के साथ उत्तर प्रदेश ने यह संदेश दिया है कि जहां आस्था संस्कृति से मिलती है, वहीं से सच्चे अर्थों में 'स्पिरिचुअल टूरिज्म' का मार्ग प्रशस्त होता है।

# डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर मदरसों में लगेगी विज्ञान प्रदर्शनी : दानिश आज़ाद अंसारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती 15 अक्टूबर 2025 के अवसर पर उत्तर प्रदेश के समस्त मदरसों में विज्ञान प्रदर्शनी एवं संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने प्रमुख सचिव को पत्र के माध्यम से बताया कि इस कार्यक्रम को वृहद रूप से मनाए जाने उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि बढ़ाना और डॉ. कलाम जी के वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं जीवन मूल्यों से उन्हें प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सभी मदरसों में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसमें छात्र-छात्राएं अपने वैज्ञानिक मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। साथ ही डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्राप्त महान उपलब्धियों पर आधारित संगोष्ठियों का भी आयोजन किया जाएगा। राज्य मंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए तथा विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन हर विद्यार्थी के लिए प्रेरणास्रोत है। विज्ञान, तकनीक और मानवता के प्रति उनका दृष्टिकोण राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक मार्गदर्शक है।

# दीपावली मनाएं लेकिन सावधानी बरतें सांस के रोगी: डॉ. सूर्यकान्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त ने सोमवार को लोगों से सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दीपों का यह पर्व प्रकाश और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है, इसे पटाखों की धमक और धुएं से नहीं, बल्कि दीपों की रोशनी से मनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि आतिशबाजी का अत्यधिक प्रयोग इसमें सबसे गंभीर समस्या बन चुका है। इससे वायु प्रदूषण का स्तर 200 प्रतिशत तक बढ़ जाता है, जो लंबे समय तक अपने जहरीले असर छोड़ता है।

ऑर्गेनाइजेशन फॉर कंजर्वेशन ऑफ एनवायरनमेंट एंड नेचर के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त ने बताया कि आतिशबाजी के धुएं में कैडमियम, बेरियम, रूबीडियम, स्ट्रॉन्शियम और डाइऑक्सिन जैसे खतरनाक रसायन पाए जाते हैं। ये तत्व फ़ेफड़ों, हृदय, आंखों और त्वचा पर गंभीर असर डालते हैं। आतिशबाजी से निकलने वाला धुआं न केवल वायु, बल्कि जल और मिट्टी को भी प्रदूषित करता है। डॉ. सूर्यकान्त ने कहा कि भारत में लगभग 4 करोड़ लोग अस्थमा और 6 करोड़ लोग सी.ओ.पी.डी. जैसी सांस की बीमारियों से पीड़ित हैं। ऐसे लोगों के लिए दीपावली का समय एक दुःस्वप्न साबित हो सकता है, क्योंकि पटाखों का धुआं और महीन धूल उनके फ़ेफड़ों में आसानी से प्रवेश कर दम घुटने, दमा का दौरा पड़ने या दिल की परेशानी बढ़ाने का कारण बनता है। उन्होंने दीपावली के अवसर पर सांस संबंधी रोगियों को विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अस्थमा, सी.ओ.पी.डी. और एलर्जी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए दीपावली का समय विशेष रूप से सतर्क रहने का होता है, क्योंकि इस दौरान वायु में धूल, धुआं और प्रदूषण का स्तर कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे रोगी जितना संभव हो घर के अंदर रहें और अधिक से अधिक तरल पदार्थ ग्रहण करें। वायु प्रदूषण अधिक होने की स्थिति में मास्क का प्रयोग करें तथा इनहेलर का नियमित रूप से उपयोग करते रहें। उन्होंने सलाह दी कि यदि लक्षणों में सुधार न हो या सांस लेने में तकलीफ बढ़ जाए तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें। नेशनल कोर समिति, डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर एंड क्लाइमेट एक्शन के सदस्य डॉ. सूर्यकान्त ने सभी नागरिकों से अपील की कि दीपावली को दीपों का पर्व ही रहने दें, ल्पटाखावलीङ्क न बनाएं। उन्होंने कहा कि आतिशबाजी यदि करनी भी हो तो खुले स्थान पर, ज्वलनशील वस्तुओं से दूर और सावधानीपूर्वक करें। पास में पानी या बालू की बाल्टी अवश्य रखें ताकि आकस्मिक स्थिति में तुरंत उपयोग किया जा सके।

उन्होंने पर्यावरण की दृष्टि से कम हानिकारक विकल्पों जैसे इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी या कम्प्रेस्ड एयर तकनीक से बनी आतिशबाजी का प्रयोग करने की सलाह दी, जो शोर और प्रदूषण दोनों को कम करती हैं। साथ ही, चीन निर्मित पटाखों से बचने की भी चेतावनी दी क्योंकि वे अधिक विषैले और नुकसानदेह होते हैं। दीपावली के अवसर पर प्राथमिक उपचार हेतु बर्फ और पानी पास रखें, और किसी भी दवा का सेवन चिकित्सक की सलाह से ही करें।

# लोहिया संस्थान के दीक्षांत समारोह में 297 विद्यार्थियों को दी जायेंगी उपाधियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । राजधानी लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का द्वितीय दीक्षांत समारोह मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में आयोजित होगा। इस अवसर पर 297 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जायेंगी और 19 विद्यार्थियों को मेडल ?दिए जायेंगे।

दीक्षांत समारोह में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग अमित कुमार घोष मौजूद रहेंगे। दीक्षांत समारोह के वक्ता बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के पूर्व प्रो़फ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष (भूगोल एवं सांस्कृतिक भूगोल और हेरिटेज स्टडीज़) प्रो़फ़ेसर राणा पी.बी. सिंह रहेंगे।

लोहिया संस्थान के प्रवक्ता डा. भुवन चन्द्र तिवारी ने बताया कि संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 297 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी, जिनमें ऽपीडीसीसी के 14 विद्यार्थी, एमडी एम एस के 67, एमसीएच के 17, एमबीबीएस के 195 व न्यूक्लियर मेडिसिन के 04 विद्यार्थी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए 19 मेडल भी प्रदान किए जाएंगे जिनमें 12 मेडल पीजी पाठ्यक्रमों के लिए तथा 7 मेडल एमबीबीएस पाठ्यक्रम के हैं।

# अयोध्या ऐप के माध्यम से दुनियाभर के श्रद्धालु प्रज्ज्वलित कर सकेंगे 'एक दीया राम के नाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । भगवान श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या दिव्यता और भक्ति के आलोक से एक बार फिर जगमगाने को तैयार है। दीपोत्सव-2025 के भव्य आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस वर्ष आयोजन में 26 लाख से अधिक दीयों के प्रज्ज्वलित करने और 2100 श्रद्धालुओं के सामूहिक महाआरती के दो नए विश्व कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे, जिसका साक्षी देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालु बनेंगे। वहीं, जो भक्त प्रकाश पर्व का हिस्सा नहीं बन पाएंगे, उनके लिए श्री अयोध्याजी तीर्थ विकास परिषद ने भावनाओं को जोड़ने वाली एक अभिनव डिजिटल पहल कर 'एक दीया राम के नाम' की शुरुआत की है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को दी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि 'एक दीया राम के नाम' ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण कर श्रद्धालु वर्चुअली दीप प्रज्ज्वलित कर प्रभु श्रीराम के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित कर सकते हैं। साथ ही, अपने प्रियजनों के लिए मंगलकामनाएं भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या दीपोत्सव अब वैश्विक स्तर पर लोगों को जोड़ने वाला आयोजन बन गया है। 'एक दीया राम के नाम' जैसी पहल ने दीपोत्सव को वैश्विक स्तर पर और समावेशी बनाया है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि श्री रामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है, वहीं अनेक श्रद्धालु प्रतिभाग करने के इच्छुक हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए



'दिव्य अयोध्या' ऐप के माध्यम से विश्वभर से लोग डिजिटली दीप प्रज्वलित करने की व्यवस्था की गई है।'

दिव्य अयोध्या ऐप पर श्रद्धालुओं के लिए तीन प्रकार के पैकेज उपलब्ध हैं। 'राम ज्योति' नाम से 2100 रुपये का पैकेज अयोध्या दीपोत्सव 2025 के 'एक दीया राम के नाम' अभियान का सर्वोत्तम संकल्प है। इसमें रोली, सरयू जल (पीतल के लोटे में), अयोध्या रज, रामदाना, मिश्री, रक्षा सूत्र, हनुमान गढ़ी के लड्डू और चरण पादुका (खड़ाऊ) जैसे आठ घटक सम्मिलित हैं। ऑनलाइन संकल्प पूर्ण करने पर यह संपूर्ण पवित्र प्रसाद सीधे आपके घर तक पहुंचाया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए 'सीता ज्योति' नाम से 1100 रुपये में एक अन्य पैकेज उपलब्ध है। माता सीता को समर्पित इस पैकेज में रोली, सरयू जल (पीतल के लोटे में), रामदाना, रक्षा सूत्र और हनुमान गढ़ी के लड्डू जैसे पांच घटक सम्मिलित हैं। वहीं, भगवान राम के भाई लक्ष्मण के पराक्रम और सेवा भाव को समर्पित 501 रुपये के 'लक्ष्मण ज्योति' नाम के पैकेज में रोली, अयोध्या रज, रामदाना, रक्षा सूत्र और मिश्री जैसे पांच घटक सम्मिलित हैं। भक्त ऑनलाइन संकल्प लेकर इस पैकेज को अपने घर पर प्राप्त कर सकते हैं और दीपोत्सव-2025 में आध्यात्मिक रूप से सहभागी बन सकते हैं। 'दिव्य अयोध्या' एक पर्यटन आधारित मोबाइल एप्लिकेशन एवं वेब पोर्टल है, जिसे अयोध्या आने वाले भक्तों और पर्यटकों को ध्यान में रख तैयार किया गया है। यह आगंतुकों को अयोध्या में घूमने और धार्मिक स्थलों की जानकारी खोजने में मदद करता है। ऐप को पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। पर्यटकों को एक ही प्लेटफॉर्म पर होटल, होम स्टे बुकिंग, गाइडेड टूर, टैक्सी बुकिंग एवं अन्य सेवाएं उपलब्ध होती हैं।

यह एप्लिकेशन होम स्टे योजना के अंतर्गत विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य अयोध्या आने वाले पर्यटकों के अनुभव को अधिक उत्कृष्ट बनाना है। दिव्य अयोध्या ऐप को कोई भी श्रद्धालु गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इच्छुक श्री अयोध्याजी तीर्थ विकास परिषद की ओर से जारी www.divyaayodhya.com/bookdiyaprashad पर जाकर भी सेवाएं ले सकता है।

## लखनऊ में युवक ने आत्मदाह की कोशिश की, पुलिस ने बचाया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सबसे पॉश इलाके में एक व्यक्ति ने सोमवार को आत्मदाह की कोशिश की। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे बचाकर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोप है कि पुलिस विभाग की कार्रवाई से असंतुष्ट होकर युवक ने यह कदम उठाया है। थाना गौतमपल्ली के अंतर्गत बंदरिया बाग के चौकी इंचार्ज आदित्य सिंह ने बताया कि बाराबंकी के फतेहपुर उजरबारा गांव निवासी शिवम वर्मा ने सोमवार दोपहर को विक्रमादित्य मार्ग तिराहा पर पहुंचकर स्वयं पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा लिया था। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज फोर्स के साथ मौके पहुंचे और युवक को इलाज के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखजी (सिविल) अस्पताल पहुंचाया, जहां शिवम का इलाज चल रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि शिवम ने बाराबंकी के फतेहपुर थाना में एक मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया है। इस मुकदमे में आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने से परेशान होकर शिवम ने आत्मदाह की कोशिश की है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि इस मामले में बाराबंकी पुलिस को सूचना दे दी गई है।

# सिधौली में हनुमान मंदिर प्रकरण को लेकर भाजपा नेता अतुल तिवारी ने छेड़ी जंग

**मामले को लेकर युवा मोर्चा ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिधौली, सीतापुर। नेशनल हाईवे पर स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में देव प्रतिमाओं को तोड़े जाने की घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश की लहर फैला दी है। इस प्रकरण को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक (आईटी एवं सोशल मीडिया) व हिंदू नेता श्री अतुल तिवारी ने सख्त रुख अपनाते हुए न्याय की लड़ाई छेड़ दी है। घटना के बाद अतुल तिवारी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर घोषणा की थी कि ल्लजो भी व्यक्ति 24 घंटे के भीतर मंदिर में तोड़फोड़ करने वालों का नाम उजागर करेगा, उसे उनकी टीम की ओर से एक लाख रुपये का गोपनीय इनाम दिया जाएगा। उनकी इस पहल के बाद सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हुआ और युवाओं में भारी जोश देखने को मिला। इसी क्रम में आज दिनांक 13 अक्टूबर, सोमवार को सुबह 11:00 बजे भाजपा युवा मोर्चा सिधौली मंडल ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में न केवल मंदिर तोड़फोड़ की घटना पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई, बल्कि हाईवे पर नागरिकों को हो रही असुविधाओं के निराकरण की भी बात रखी गई। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि प्रशासन इस गंभीर घटना पर त्वरित कार्रवाई करे ताकि क्षेत्र में धार्मिक सौहार्द बना रहे।वहीं, भाजपा जिला संयोजक आईटी सेल अतुल तिवारी ने कहा कि ल्लयदि सात दिन के भीतर दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो हम आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और बड़ा निर्णय लेंगे।ङ्कइस दौरान मौजूद प्रमुख कार्यकर्ताओं मेंउपेंद्र त्रिपाठी (मंडल महामंत्री), आलोक त्रिपाठी (युवा मोर्चा अध्यक्ष), सोनू तिवारी, अमित शुक्ला, टिंकेज शुक्ला, विवेक त्रिवेदी, समर प्रताप सिंह, प्रिंस शुक्ला, चंदन सिंह, अंकित सिंह, प्रेम मिश्रा, एडवोकेट मोहित श्रीवास्तव, अंकित मिश्रा सहित सैकड़ों युवा कार्यकर्ता एवं मंदिर के पुजारी मौजूद रहे।ज्ञापन भाजपा जिला संयोजक आईटी सेल अतुल तिवारी के नेतृत्व में दिया गया, जिसमें युवाओं ने एक स्वर में प्रशासन से न्याय की मांग की और कहा कि ल्लधार्मिक स्थलों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## शीतला मंदिर के पास तालाब में मिला कर्मचारी का शव, पुलिस जांच में जुटी

बिसवां,सीतापुर। नगर पालिका परिषद के विद्यालय श्री कृपा दयाल म्युनिसिपल इंटर कॉलेज में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अजय शुक्ला का शव सोमवार को शीतला माता मंदिर के निकट स्थित तालाब में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।परिजनों के अनुसार अजय शुक्ला रविवार को घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में शव देखा, जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सांडा और हुलासपुरवा के गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि रविवार रात से ही मृतक की तलाश जारी थी। सोमवार को शव बरामद होने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।स्थानीय लोगों के मुताबिक, रविवार रात मृतक को शीतला देवी मंदिर के पास बने तालाब की ओर जाते देखा गया था। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास को लेकर आयोजित हुआ चतुर्दिवसीय कार्यक्रम




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। बिसवां शहर के एल्पिस ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास हेतु दिनांक 13 से 16 अक्टूबर 2025 तक चतुर्दिवसीय कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस शो में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के रोचक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये,छात्रों ने अपने अभिनय कौशल द्वारा सभ्य समाज को एक नई दिशा देने का संदेश दिया। इस भव्य कार्यक्रम के प्रथम दिवस में विद्यालय के डायरेक्टर उमंग राजवंशी नें दीपप्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तथा परिसरीय छात्रों के प्रतिभा प्रदर्शन को देखकर प्रमुदित मन से शुभाशीष देते हुए उत्कृष्ट सफल प्रदर्शन हेतु विद्यार्थियों समेत समस्त शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा नें सभी विद्यार्थियों के कला, कौशल की प्रशंसा करते हुए संस्था की सतत उन्नति की कामना के साथ उपस्थित सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम की सफलता हेतु आभार व्यक्त किया

# सिधौली की बड़ी नहर पर अवैध अतिक्रमण जारी, नोटिस के बाद भी अधिकारी मौन

**शारदा विश्वा रोड, हुसैनगंज पुल नहर पटरी पर तीन पक्की और कई अस्थायी दुकानें, नोटिस के दो हफ्ते बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, लोगों में उठे सवाल**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सिधौली ब्राइट फ्यूचर के पास हुसैनगंज पुल पर अवैध तीन दुकानें अवैध कब्जे में है। यहां तीन पक्की और कई अस्थायी दुकानें बनी हुई थीं। नहर विभाग के जिलेदार और उनके सहयोगियों ने करीब दो हफ्ते पहले सभी दुकानदारों को नोटिस जारी किया था, जिसमें स्पष्ट लिखा गया था कि तीन दिन के अंदर अतिक्रमण हटाया जाए, अन्यथा प्रशासन खुद कार्रवाई करेगा और उसकी जिम्मेदारी दुकानदारों की होगी।लेकिन चेतावनी और नोटिस के बावजूद कुछ दुकानदारों ने अब तक अपनी दुकानें नहीं हटाईं। कुछ ने तो खुद ही हटाकर जगह खाली कर दी, पर कई अब भी नहर की सरकारी भूमि पर कब्जा किए बैठे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद जिलेदार और पेट्रोलिंग अधिकारी चुप हैं। अब जनता में सवाल उठ रहे हैं – क्या यह चुप्पी पैसे की खनक में है, या फिर बुलडोज़र की कमी है?

### जनता की आवाज़

नहर विभाग ने नोटिस तो दिया, पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? क्या कुछ लोगों को संरक्षण मिल रहा है?ङ्क – स्थानीय दुकानदारल्लसरकारी जमीन पर अतिक्रमण होगा तो जनता में भरोसा कैसे बनेगा?ङ्क – राहगीर


### लोगों की मांग

सिधौली के नागरिकों ने मांग की है कि शासन ऐसे अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करे जो केवल नोटिस देकर चुप बैठ गए हैं। नहर पटरी सरकारी संपत्ति है और अतिक्रमण हटवाना विभाग की जिम्मेदारी है। सिधौली: नहर पटरी पर अवैध दुकानें, नोटिस के बाद भी अधिकारी मौन – जनता पूछती, क्या बुलडोज़र अब सो गया। या सिधौली की बड़ी नहर पर कब्जा बरकरार– नोटिस के बावजूद कार्रवाई नहीं, लोग बोले 'पैसे की खनक में मौन हैं अधिकारी।

## जमीनी विवाद में हत्या के चार अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने बरामद किए हथियार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही/शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोली नागेन्द्र चौबे के नेतृत्व में थाना महोली पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमे पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर नामजद चार अभियुक्तगण 1. शिवनाथ पुत्र गुलजारी लाल 02. प्रमोद पुत्र शिवनाथ 03. राकेश पुत्र शिवनाथ 04. युग्गांक उर्फ अजय पुत्र प्रमोद कुमार सर्वनिवासीगण ग्राम बढैया थाना महोली जनपद सीतापुर गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त 02 अदद बांस डंडा, 01 अदद बांका व 01 अदद हसिंया बरामद हुआ है। दिनांक 11.10.2025 को ग्राम बढैया में एक ही जाति के दो पक्षो के मध्य जमीनी विवाद को लेकर में मारपीट हो गयी थी जिसमें प्रथम पक्ष के कौशल किशोर पुत्र छविनाथ मिश्रा को द्वितीय पक्ष के 1.राकेश पुत्र शिवनाथ मिश्रा 2.प्रमोद पुत्र शिवनाथ मिश्रा 3.शिवनाथ पुत्र गुलजारी मिश्रा ने सर पर मार दिया जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गये जिन्हें जिला अस्पताल से बेहतर इलाज हेतु लखनऊ रेफर किया गया था, जहां कौशल उपरोक्त की मृत्यु हो गयी थी।

# मिशन शक्ति के तहत देहात कोतवाली पुलिस ने किया बालिकाओं को जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की मंशा है की महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त और जागरूक किया जाए जिससे होने वाले महिला संबंधी अपराधों पर रोक लगाई जा सकती है और पुलिस आसानी से ऐसे अपराधों को रोकने में कामियाब रहे उक्त आदेशों क पालन करते हुए देहात कोतवाली पुलिस इंस्पेक्टर अमर सिंह के नेतृत्व में लगातार महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु अभियान चलाया ज रहा हैं द्य मिशन शक्ति फ़ेस 0. 5 के तहत महिलाओं के स्वावलंबन के लिए सरकार अहम भूमिका निभा रही है पुलिस अधीक्षक हिमांशु अग्रवाल के निर्देश पर देहात कोतवाली इंस्पेक्टर लगातार इस कार्यक्रम को साकार करते हुए नजर अ रहे हैं जिसके कर्म में ग्रामसभाओ में महिला बालिकाओं को शिविर लगाकर जागरुक किया ज रहा है उन्होंने सिविर को सम्बोधित करते हुए कहाँ की जितना महिलाएं बालिकाएं हमारी सशक्त जागरूक व शिक्षित होगी उतना ही अपने अधिकारों के प्रति सजग और निर्भय होंगी इसलिए सरकार महिलाओं को जागरूक करने के लिए हर कदम उठा रही है चाहे वह पुलिस से संबंधित हो या अन्य किसी और से महिला अपराधों को लेकर पुलिस बहुत सजग है जिसके लिए टोल फ्री नंबरों जारी किए गए है जैसे की मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076,1930, स्वास्थ्य सेवाएं 102 एंबुलेंस हेतु 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित 181 और 112 जैसे हेल्पलाइन को विस्तार से बताया और जानकारी दी द्य

# पुरानी रंजिश में चली गोलियां, गंभीर रूप से घायल युवक ने खेतों में दौड़कर बचाई जान

**थाना प्रभारी शिवाजी दुबे की तत्परता से बची घायल की जान, पुलिसिंग में मानवता का चेहरा फिर आया सामने, आरोपी गिरफ्तार**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा, खीरी। बीते रविवार दोपहर को दो तिवारी परिवारों के बीच चली गोलीबारी क्षेत्र में सनसनी का कारण बन गई। घटना के बाद घायल युवक ने खेतों के रास्ते दौड़ते हुए अपनी जान बचाई और ननिहाल पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। इस वारदात में पुलिस की सक्रियता और इंसानियत की मिसाल पेश करने वाले धौरहरा थाना प्रभारी शिवाजी दुबे की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है।घटना का विवरण:रविवार को करौहा निवासी अन्नू तिवारी (40) अपने खेत से लौट रहे थे, तभी राजेश तिवारी और हर्षित तिवारी ने मिलकर उन पर आम के बाग के पास ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। पहली गोली अन्नू तिवारी के दाहिने सीने को पार करते हुए पीछे जा फंसी, दूसरी गोली बांह में लगी और तीसरी गोली पीछवाड़े में लगी। घायल अवस्था में अन्नू ने हिम्मत जुटाई और खेतों से होते हुए कई गांव पार कर अपने ननिहाल मिर्ज़ा पुरवा नौरंगाबाद मामा सहजराम , तेज नारायण के घर ईसानगर पहुंच गया।पुलिस की तत्परता: ननिहाल पक्ष की सूचना पर थाना प्रभारी शिवाजी दुबे अपनी निजी गाड़ी से पहुंचे और घायल को तत्काल लखीमपुर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां चिकित्सकों आकस्मिक चिकित्सा देकर पीड़ित के हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर किया। पीड़ित की जान बचाने में थाना प्रभारी की मानवता और त्वरित कार्रवाई की सराहना हो रही है क्षेत्र में।पुलिस क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह के निर्देशन में धौरहरा पुलिस तेजी से आरोपियों को धरपकड़ में लग गईआरोपी की गिरफ्तारी: घटना के बाद फरार चल रहे आरोपी हर्षित तिवारी उर्फ अंशुमान तिवारी (23), पुत्र राकेश विहारी तिवारी, निवासी करौहा को 13 अक्टूबर 2025 को सुबह 7:50 बजे धौरहरा-रेहुआ मार्ग पर लोधनपुरवा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।गिरफ्तारी पुलिस टीम:अपराध निरीक्षक गंगा प्रसाद यादव,उपनिरीक्षक विनोद द्विवेदी,कांस्टेबल रविंद्र व कांस्टेबल कपिल कुमार और कानूनी कार्यवाही के तहत आरोपी के खिलाफ धारा 109(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया है।

# थाना उचौलिया की महिला शक्ति टीम ने पूर्व माध्यमिक उचौलिया में महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना उचौलिया की महिला शक्ति टीम द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनकागांव थाना उचौलिया महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक उचौलिया के नेतृत्व में थाना उचौलिया की महिला शक्ति टीम द्वारा अभियान चलाकर ,महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।*मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना उचौलिया की महिला शक्ति टीम द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनकागांव थाना उचौलिया महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक उचौलिया के नेतृत्व में आज दिनांक- 13.10.2025 को थाना उचौलिया की महिला शक्ति टीम द्वारा अभियान चलाकर ,महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## थाना फूलबेहड़ की महिला शक्ति टीम द्वारा महिलाओं, बालिकाओं को किया जागरूक

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़ के नेतृत्व में थाना फूलबेहड़ की महिला शक्ति टीम द्वारा अभियान चलाकर ,महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## जीआरपी मैलानी पुलिस डिग्री कॉलेज में चलाया मिशन शक्ति अभियान

मैलानी, लखीमपुर खीरी। अपर पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार और पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के निर्देशन में जीआरपी मैलानी द्वारा ल्लमिशन शक्ति पंचम चरणङ्क के अंतर्गत रामचन्द्र यादव महाविद्यालय, मैलानी में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व चौकी प्रभारी जीआरपी मैलानी उप निरीक्षक सुधेश कुमार ने किया। इस दौरान जीआरपी पुलिस बल के साथ थाना मैलानी की महिला कांस्टेबल प्रिया शर्मा और महिला आरक्षी शालिनी बिश्नोई ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।अभियान के दौरान छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा संबंधी सावधानियों, साइबर अपराधों से बचाव, और महिला सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। चौकी प्रभारी ने उपस्थित छात्राओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों–112, 1090, 181, 1091, 1076, 1098, 139, 182, 1930, 108 और 102–की जानकारी देते हुए किसी भी आपात स्थिति में इनका प्रयोग करने की अपील की।साथ ही मिशन शक्ति से संबंधित पम्पलेट और कार्ड वितरित किए गए। उपस्थित महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, आत्मनिर्भर बनने और किसी भी प्रकार की हिंसा या अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

# संघ अपने व्रत को पूर्ण करते हुए भारत माता को परम वैभव पर ले जाएं : शिव साधिका साधना बाजपेई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। बिसवां पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेई ने आर एस एस द्वारा विजयादशमी उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी के लिए आर एस एस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बहुत ही सौभाग्य शाली क्षण हैं, जिसके हम सभी सहभागी बन रहे हैं।उन्होंने भगवा ध्वज को प्रणाम करते हुए कहा कि डॉ हेडगवार व गुरु जी के सपनों को साकार करने में पंच परिवर्तन के बल पर भारत विश्व गुरु और विश्व शक्ति बनेगा।उन्होंने कहा कि भोलेनाथ शिव जी से प्रार्थना करती हूं कि संघ निरन्तर अपने लिए गए व्रत को पूर्ण करते हुए भारत माता को परम वैभव पर ले जाने में सफ़ल रहे।पंच परिवर्तन में समरसता, स्वबोध, पर्यावरण,कुटुम्ब प्रबोधन व कर्तव्य बोध की बात कही गई है जिसे प्रत्येक भारतीय को अपने आचरण और व्योहार में उतारना है।उक्त उदगार आर एस एस सह जिला प्रचारक विकल्प ने संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत सेठ जय दयाल इंटर कालेज बिसवा के प्रागंण में श्रीराम बस्ती द्वारा आयोजित विजयादशमी उत्सव के अवसर पर व्यक्त किए ।उन्होंने कहा संघ कोई संस्था, आंदोलन अथवा अभियान नहीं है वरन् शाखा पद्धति के माध्यम से प्रत्येक भारतीय नागरिक में देशभक्ति अनुशासन व कर्तव्य बोध जगाने हेतु प्रयत्नशील है। संघ 51हजार स्थानों पर 83 हजार दैनिक शाखाओं के माध्यम से राष्ट्र जागरण का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संघ विश्व का सबसे बड़ा आत्मनिर्भर स्वयंसेवी संगठन है।इसी कारण जब जब संघ पर राजनीतिक कारणों से प्रतिबंध लगाये गये वह संकटों से उबर कर चौगुनी ताकत से आगे बढ़ा और प्रतिबंध लगाने वालों को मुंहकी खानी पड़ी।

# संकटा देवी से लालपुर बैरियर तक बनेगा 3.65 किमी लंबा फोरलेन मार्ग

**कृष्णा टॉकीज क्रॉसिंग पर बनेगा आरओबी सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल रंग लाई, शासन से स्वीकृति, शहर को जाम से मिलेगी बड़ी राहत, विकास को नई गति**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । लखीमपुर शहर के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक रहा। वर्षों से जाम और ट्रैफिक अव्यवस्था से जूझ रहे शहर को आखिरकार बड़ी राहत मिलने जा रही है। शासन ने संकटा देवी चौराहे से लेकर लालपुर बैरियर तक 3.65 किलोमीटर लंबे, 22 मीटर चौड़े फोरलेन मार्ग के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यही नहीं, इस मार्ग पर शहर की सबसे भीड़भाड़ वाली कृष्णा टॉकीज रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) भी बनेगा।इस मेगा प्रोजेक्ट के पीछे सीडीओ अभिषेक कुमार की दूरदृष्टि और निरंतर प्रयास निर्णायक साबित हुए। उन्होंने शहर के मुख्य मार्ग की स्थिति और जाम की समस्या को शासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया। कई दौर की बैठकें, तकनीकी रिपोर्टें और समन्वय के बाद अंततः शासन से स्वीकृति मिल गई।

### जाम से राहत, रफ्तार को मिलेगी आज़ादी

कृष्णा टॉकीज क्रॉसिंग पर घंटों लगने वाला जाम अब इतिहास बनने जा रहा है। हजारों वाहन रोज इस चौराहे से गुजरते हैं और अक्सर रेलवे फाटक बंद होने पर लंबी कतारें लग जाती हैं। फोरलेन और आरओबी बनने के बाद न सिर्फ यातायात सुगम होगा, बल्कि शहर के मुख्य मार्गों का दबाव भी घटेगा।

### सीडीओ ने किया निरीक्षण,

### अतिक्रमण हटाने की तैयारी

शासन से स्वीकृति के बाद सीडीओ अभिषेक कुमार ने सोमवार को अफसरों की टीम के साथ प्रस्तावित मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मार्ग पर आने वाले अतिक्रमणों को चिन्हित किया और नगर निकाय, लोक निर्माण विभाग व बिजली विभाग के अफसरों को मिलकर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि इस परियोजना से शहर की दशा और दिशा दोनों बदलेगी। यह सिर्फ सड़क नहीं, शहर की जीवनरेखा है। लखीमपुर के लोगों को जाम से मुक्ति और सुविधा दोनों मिलेगी। शासन से स्वीकृति मिल चुकी है, अब जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। बताते चलें कि सीडीओ अभिषेक कुमार ने गत वर्ष ही शहर के एंट्री पॉइंट राजापुर चौराहे से डॉन बॉस्को नहरिया तक फोरलेन परियोजना को भी शासन से स्वीकृति दिलाई थी, जिस पर कार्य तेजी से प्रगति पर है। अब संकटा देवी से लालपुर बैरियर तक फोरलेन की स्वीकृति मिलने से शहर को दोनों छोर से चौड़ी और आधुनिक सड़क नेटवर्क का लाभ मिलेगा।

## नव निहालों के मुंह से छीना जा रहा निवाला: मिदनिया की आंगनबाड़ी में पोषाहार घोटाला उजागर

धौरहरा-ईसानगर, खीरी। वायरल वीडियो में विकासखंड ईसानगर की ग्राम पंचायत मिदनिया से एक बड़े पोषाहार घोटाले का मामला सामने आया है, जहां आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा नवजात व छोटे बच्चों को मिलने वाला पोषाहार या तो वितरित नहीं किया जा रहा या आधा-अधूरा देकर खानापूर्ति की जा रही है।ग्रामीण महिलाओं ने इकट्ठा होकर संवाददाता को आंगनबाड़ी की वर्षों से चली आ रही भ्रष्टाचारी गाथा सुनाई। पोषण के नाम पर बच्चों को ठगा जा रहा है, जबकि कागजों में पूरा पोषण वितरित दिखाया जा रहा है। ग्रामीणों की मुख्य शिकायतें:10 महीने पहले हुआ था आखिरी बार पोषाहार वितरण।इस माह का पोषाहार अभी तक वितरित नहीं किया गया है।यदि किसी घर में दो-तीन बच्चे हैं, तो एक ही बच्चे को अधूरा पोषाहार देकर बाकी बच्चों का नाम कागजों में चढ़ा दिया जाता है।आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महीने में मुश्किल से एक बार विद्यालय आती है।शिकायतों के बावजूद एक्ष्म व सुपरवाइजर मौन हैं।ग्रामीणों का आरोप: अधिकारियों की शह पर हो रहा भ्रष्टाचार।गांव की जानकी, रेखा, पम्मी, उषा, सोनी, बसंती, रिंकी, आरती, पार्वती, बृजरानी सहित कई महिलाओं ने अपने बच्चों के नाम गिनाते हुए बताया कि उन्हें या तो कभी पोषाहार नहीं मिला या बेहद कम मात्रा में दिया गया।मीडिया के पास ग्रामीणों के बयान, फोटो व वीडियो साक्ष्य भी मौजूद हैं।ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी अब केवाईसी के नाम पर वितरण में देरी का बहाना बना रही है, जबकि पहले आधार कार्ड के आधार पर पोषाहार वितरण होता था। ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन व डीपीओ से जाच मांग की है कि:मिदनिया गांव की आंगनबाड़ी की पिछले दो वर्षों की पोषाहार वितरण रिपोर्ट की जांच कराई जाए।एक्ष्म व सुपरवाइजर की भूमिका की भी गहन जांच की जाए।यदि दोष सिद्ध होता है, तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही हो।

# 1 नवम्बर 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर होगा खण्ड शिक्षक निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गत 06 वर्षो में 03 वर्ष माध्यमिक स्तर या ऊपर के संस्थानों में शिक्षण कार्य करने वाले बन सकेंगे मतदाता**

**जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बैठक में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 01 नवम्बर 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कराये जाने के निर्देश दिए है**

बदायूँ। उत्तर प्रदेश बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 01 नवम्बर 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के कार्य में त्रुटि व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्वाचक नामावली निर्वाचन का आधार है, उसका त्रुटिविहीन व पारदर्शी होना अत्यन्त आवश्यक है।उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 6 के अनुसार निर्वाचन के लिए कोई भी अधिसूचना उस तारीख से 03 माह से अधिक पूर्व नहीं निकाली जायेगी जिस तारीख को सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों की पदावधि का अवसान होना है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद खण्ड शिक्षक निर्वाचन के लिए 30 सितम्बर को सार्वजनिक नोटिस जारी होगी, 15 अक्टूबर को समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुनर्प्रकाशन तथा 25 अक्टूबर को इसका द्वितीय पुनर्प्रकाशन, 06 नवम्बर को आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, 25 नवम्बर को आलेख्य प्रकाशन होगा। 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक दावे और आपत्तियां ली जायेगी। 25 दिसम्बर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा तथा 30 दिसम्बर को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थिति समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधान परिषद की रिक्त हो रही शिक्षक सीटों के चुनाव के दृष्टिगत मतदाता सूची को शुद्ध होनी चाहिए और मतदाताओं की फोटो मानक के अनुरूप लगी होनी चाहिए। मतदाता बनने के लिए खण्ड स्नातक के लिए फार्म-18 तथा खण्ड शिक्षक के लिए फार्म-19 में आवेदन करने हेतु पहली बार ऑनलाइन पोर्टल की भी व्यवस्था की जा रही है। खण्ड स्नातक निर्वाचन के लिए 01 नवम्बर, 2025 अर्हता तिथि से मतदाता को 03 वर्ष पहले स्नातक होना चाहिए।उन्होंने बताया कि खण्ड शिक्षक निर्वाचन के लिए 01 नवम्बर, 2025 अर्हता तिथि से मतदाता को पिछले 06 वर्षो में कम से कम 03 वर्ष माध्यमिक स्तर या ऊपर के संस्थानों में शिक्षण कार्य किया हो, निर्वाचक नामावली में मतदाता बनाने के लिए अर्ह होगे। मतदेय स्थल बनाते समय मतदाताओं की संख्या, मतदेय स्थलों में सुविधाएं जिसमें पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति आदि की व्यवस्था हो। किसी भी मतदाता के पते से किसी भी मतदेय स्थल की दूरी 16 किलोमीटर ज्यादा न हो।उन्होंने कहा कि मतदाता बनने के लिए व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा या किसी राजनैतिक दल, बीएलए, आरडब्लूए द्वारा ज्यादा संख्या में भेजे गये आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का सत्यापन अवश्य करवाया जाए, मतदाता बनने के लिए प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों, साक्ष्यों को सुरक्षित रखे जाए तथा सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो, इसका विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी (प्र0) अरूण कुमार सहित समस्त उप जिलाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## नहरों की सिल्ट सफाई को जिलाधिकारी ने दी गति,किसानों को मिलेगा निर्बाध पानी

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ रबी फसल वर्ष 2025-26 के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रट कार्यालय कक्ष में की। बैठक में नहरों में जल प्रवाह सुचारु बनाए रखने व किसानों को समय से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए, की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने नहरों की सिल्ट (मलवा) सफाई से संबंधित कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि रबी सीजन में किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्होंने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन अनुबंधों की जानकारी का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अनुबंध पारदर्शी ढंग से पूर्ण किए जाएं तथा कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि सिल्ट सफाई कार्य के लिए लगाए गए अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराई जाए,जिससे कार्यों की निगरानी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि नहरों की सिल्ट सफाई समय से पूर्ण कर ली जाए, ताकि जल प्रवाह में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो।

## रिया द्विवेदी का मंडलीय टीम में चयन

अनूपशहर। जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रिया द्विवेदी का मंडल स्तर पर चयन किया गया। एमबीएलके इंटर कालेज में हर्ष की लहर दौड़ी।एमबीएलके इंटर कालेज जिरौली के प्रधानाचार्य एफडी खान ने बताया है, कि जनपद स्तरीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता मुस्लिम इंटर कालेज बुलंदशहर में आयोजित की गई थी। जिसमें एमबीएलके इंटर कालेज जिरौली की छात्रा रिया द्विवेदी ने 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, त्रिकूद में प्रतिभाग कर शानदार प्रदर्शन किया। उसके प्रदर्शन पर मंडल स्तर पर चयन किया गया है। भविष्य में मंडलीय प्रतियोगिता में छात्रा प्रतिभाग करेगी। छात्रा के वापस कालेज लौटने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य एफडी खान ने कहा कि जीवन में शिक्षा के साथ खेलों का भी विशेष महत्व है। रिया द्विवेदी ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। अन्य विद्यार्थियों को इससे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

## अस्थाई आतिशबाजी लाइसेंस धारक नियत स्थान पर ही करें आतिशबाजी का विक्रय : डीएम

बदायूँ। जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली के अवसर पर शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया है कि उनके क्षेत्रान्तर्गत ऐसे अनुज्ञापी जिनको अस्थाई आतिशबाजी के लाइसेंस निर्गत किये जायेंगे उनके लिए उपयुक्त स्थान व स्थल चिन्हित करते हुये यह सुनिश्चित करें कि आतिशबाजी का विक्रय चिन्हित स्थान पर ही अस्थाई रूप से निर्गत आतिशबाजी लाइसेंस धारकों द्वारा ही किया जाये, यदि चिन्हित स्थान के अतिरिक्त आतिशबाजी का विक्रय पाया जाता है तो उसके विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## विकसित भारत 2047 बिल्डाथान 2025 का आयोजन

रायबरेली। राजकीय बालिका इंटर कालेज महराजगंज में 'विकसित भारत 2047 बिल्डाथान 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत छात्राओं को नवाचार और रचनात्मक विचारों व देश के भविष्य निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने नवाचारों, विचारों और विभिन्न माडलों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। छात्राओं के माडलों में भविष्य के भारत की झलक देखने को मिली। इस दौरान, छात्राओं को 'बिल्डाथान 2025' कार्यक्रम का सीधा और जीवंत प्रसारण भी दिखाया गया, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे नवाचारों से जुड़ सकीं और प्रेरित हुईं। इस अवसर पर नगर पंचायत महराजगंज के लिपिक जमुना प्रसाद, शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष मुस्ताक, विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता सिंह, किश्वर जहां, सुधा कनौजिया, नाज़िश बानों, प्राची शुक्ला, रुपा रानी गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, व रामानुज सिंह सहित दर्जनों अभिभावक और छात्राएं मौजूद रहीं। सभी अतिथियों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और उन्हें 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को देश के भविष्य के लिए जागरूक करने और उनमें वैज्ञानिक सोच विकसित करने में सहायक होते हैं।

## देश की सरहदों की रक्षा में तैनात भारतीय सेना के नायब सूबेदार की पुश्तैनी ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा, सीएम से की शिकायत

रायबरेली। देश की सरहदों की रक्षा में तैनात भारतीय सेना के नायब सूबेदार की पुश्तैनी ज़मीन पर भूमाफियाओं ने अवैध रूप से कब्ज़ा कर लिया है और अब उस पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। जम्मू-कश्मीर रायफल्स में नायब सूबेदार के पद पर अरुणाचल प्रदेश में तैनात मुर्तजा अली ने इस मामले में सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपजिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्र के ठाकुर पुर मजरे भटसरा निवासी मुर्तजा अली ने 10 अक्टूबर को एसडीएम गौतम सिंह को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी पैतृक भूमि, जो उनके पिता मोजिम अली के नाम बतौर सहखातेदार दर्ज है, उस पर गांव के ही जलालुद्दीन, मुशाहिद रजा और अब्दुल कय्यूम ने कोर्ट के आदेश को दरकिनार करते हुए जबरन कब्ज़ा कर लिया है।मुर्तजा अली ने बताया कि उनकी ज़मीन पर कब्ज़ेदारी को लेकर सिविल कोर्ट में वर्ष 2009 से वाद चल रहा था, जिसमें वर्ष 2018 में उनके पक्ष में फैसला भी आ चुका है। इसके बावजूद भूमाफियाओं ने न केवल ज़मीन पर कब्ज़ा किया, बल्कि अब उस पर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। मना करने पर वे गाली-गलौज और लड़ाई-झगड़े पर आमादा हो जाते हैं।शिकायत में नायब सूबेदार ने बताया कि उनके दो अन्य भाई भी सेना में कार्यरत हैं और अक्सर देश सेवा के लिए ड्यूटी पर रहते हैं। दबंग इसी बात का फायदा उठाकर उनकी गैर-मौजूदगी में ज़मीन हड़पने की कोशिश कर रहे हैं।नायब सूबेदार मुर्तजा अली के दूसरे फौजी भाई असगर अली ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सहित दस अन्य लोगों को टैग करते हुए न्याय दिलाने की अपील की है। उच्च स्तर तक शिकायत पहुंचने के बाद रायबरेली पुलिस ने त्वरित एक्शन लिया है और शिवगढ़ थाना प्रभारी को इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं।उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि नायब सूबेदार मुर्तजा अली का शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है। तत्काल जांच टीम गठित कर जांच के आधार पर भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## किसानों की बिजली संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाए:डीएम

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ जनता की सुविधाओं को सर्वोपरि रखते हुए विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं तत्परता लाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने बैठक में जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों, ओवर बिलिंग की समस्याओं तथा नए विद्युत कनेक्शन आवेदनों पर कार्यवाही की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक बिलिंग की समस्या न हो।पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि विद्युत उपकेंद्रों पर नियमित निगरानी रखी जाए तथा विद्युत चोरी रोकने के लिए प्रभावी सतर्कता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा नए विद्युत कनेक्शन के आवेदनों पर समयबद्ध कार्रवाई की जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।बैठक में संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि शिकायतों की अनदेखी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विद्युत विभाग की कार्यशैली आमजन के प्रति जवाबदेहीपूर्ण होनी चाहिए तथा प्रत्येक उपभोक्ता को सुचारु बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।बैठक में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल प्रथम नेकी राम समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को लेकर मिशन शक्ति के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने एसिड अटैक, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, बाल विवाह निषेध, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी**

संभल। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. विदुषी सिंह के आदेशानुसार व प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी आदित्य सिंह के निर्देशन में सोमवार को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत आर.एस. इण्टर कॉलेज चंदौसी, जनपद संभल में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित विभिन्न प्राविधानों का प्रचार-प्रसार किया गया।

उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने एसिड अटैक, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, बाल विवाह निषेध, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही निःशुल्क विधिक सेवा हेल्पलाइन 15100 की जानकारी भी दी गई तथा अन्य अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिलाओं व बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहनें व किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु जागरूक किया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल संभल श्री संजीव कुमार, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल संभल श्री चंद्रपाल सिंह, असिस्टेंट श्री मयंक गोयल, प्रधानाध्यपक श्री दिनेश पाल सिंह, पीएलवी श्री अतुल कुमार, अंशुल, रमाकान्त आदि उपस्थित रहे।

# ब्लूमिंगडेल स्कूल परिसर में मैजिक-शो कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। ब्लूमिंगडेल स्कूल परिसर में कक्षा प्री पीजी से कक्षा-5 तक के छात्र-छात्राओं हेतु 'मैजिक शो' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विख्यात जादूगर सम्राट अजूबा ने अपनी जादूगरी से सभी छोटे-छोटे विद्यार्थियों को आश्चर्य चकित कर दिया। जादूगर ने अनेक प्रकार के कारनामों व जादू से वस्तुओं को अदृश्य करना, वस्तु को स्थानान्तरित करना आदि से छात्र-छात्राओं को सम्मोहित कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट एवं बच्चों की खुशी की गूंज से गूंजायमान रहा। इस मौके पर अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम भी हमें एकाग्रता, ध्यान व रुचि से अपने कार्य को करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होनें बताया कि चाहें कार्य कोई भी हो लेकिन उस कार्य को सफलतम ढंग से करने के लिए मन की एकाग्रता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जादूगर महोदय को स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य संजीव सिंह राठौर ने बताया कि सभी विद्यार्थियों को हर एक कार्य व अपने लक्ष्य को पूर्ण करने के प्रति समर्पण भाव व दृढ़निश्चय अत्यंत आवश्यक हैं, यदि ये सभी भाव से परिपूर्ण होकर बच्चे अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो तो अवश्य ही सफल होंगे। इस अविस्मरणीय अवसर पर स्कूल निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान व श्वेता मेंहदीरत्ता, उपप्रधानाचार्य परशुराम मिश्रा, एकेडमिक हेड सौरभ गांगुली, कॉर्डिनेटर मृणाल सक्सेना, सुषमा वर्मा एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं एवं बलिकाओं को वितरित किये पम्पलेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फ़ेज-5.0) के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया । महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है । साथ ही ल्लमिशन शक्ति 5.0ङ्क अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# ग्राम सभा मठिया में रुद्र महायज्ञ का अष्टम दिवस सम्पन्न, दीपदान ने मोहा मन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । स्थानीय ग्राम सभा मठिया में चल रहे श्री श्री रुद्र महायज्ञ के अष्टम दिवस पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही यज्ञशाला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन, आहुतियां और धार्मिक अनुष्ठान विधिवत संपन्न हुए।यज्ञ का संचालन कर रहे हैं पंडित हरिश्चंद्र उपाध्याय जी, जो यज्ञाचार्य के रूप में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। उनके साथ सहायक आचार्य के रूप में आशीष कुमार उपाध्याय, आशुतोष त्रिपाठी, गया उपाध्याय और शिवम उपाध्याय भी यज्ञकर्म में पूरी श्रद्धा से संलग्न हैं।शाम को दीपदान महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें गांव के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। दीपों की रौशनी से यज्ञशाला और पूरे परिसर की शोभा देखते ही बनती थी। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से शांति, समृद्धि और



सुख-शांति की कामना करते हुए दीप प्रज्वलित किए।यज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह महायज्ञ 9 दिवसीय है, जिसमें प्रतिदिन प्रातः पूजन, यज्ञ, प्रवचन एवं संध्या आरती के कार्यक्रम चल रहे हैं। कार्यक्रम का समापन पूर्णाहुति और भंडारे के साथ किया जाएगा।

# डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन कार्य में आधार कार्ड के अंतिम 04 अंक भी अंकित करें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पूर्व में बीएलओ को डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची उपलब्ध करायी जा चुकी है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों में यदि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक स्थानों पर समान रूप से प्रदर्शित हो रहे**

बदायूँ। अपर जिलाधिकारी , निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अरूण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत निर्वाचन नामावली 2021 में समान रूप से प्रदर्शित हो रहे डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम की बीएलओ के माध्यम से सत्यापन कराये जाने के उपरान्त उन्हें उनके वास्तविक निवास स्थान पर बने रहने के लिए एवं यथावश्यक नियमानुसार विलोपित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

पूर्व में बीएलओ को डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची उपलब्ध करायी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जनपद के विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों में यदि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक स्थानों पर समान रूप से प्रदर्शित हो रहे है तो ऐसी दशा में निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के समय सत्यापनोपरान्त, सामान्य रूप से निवास करने वाले ग्राम पंचायत में उस मतदाता का नाम रखते हुए अन्य ग्राम पंचायत से नियमानुसार विलोपित किया जाना आवश्यक है।उन्होंने बताया कि यदि किसी विकास खण्ड में ऐसे व्यक्ति जिनका नाम, पिता/पति/माता का नाम एवं लिंग समान है तथा वे सत्यापन के उपरान्त सही पाये गये हैं तो प्रमाणीकरण स्वरूप उनके आधार कार्ड के अंतिम 04 अंक भी बीएलओ द्वारा अंकित किया जायेगा ताकि डी-डुप्लीकेशन में उनका नाम अपमार्जित (डिलीट) न हो।उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा मतदाताओं के सत्यापन के उपरान्त सही पाये गये मतदाताओं को प्रमाणीकरण स्वरूप उनके आधार कार्ड के अन्तिम 04 अंक भी बीएलओ द्वारा अंकित किया जायेगा ताकि डी-डुप्लीकेशन में उनका नाम अपमार्जित न हो।उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायतों के ऐसे मतदाता जिनका नाम डुप्लीकेट सूची में है, वह बीएलओ को अपने आधार कार्ड के अन्तिम 04 अंक अवश्य उपलब्ध करा दें, अन्यथा उनका नाम मतदाता सूची में डुप्लीकेट नाम होने पर, अपमार्जित कर दिया जायेगा।

# नाबालिग से छेड़खानी एवं अश्लील हरकत करने वाला दोषी करार, 3 वर्ष की कठोर सज़ा एवं 5 हजार अर्थदंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंदौसी, सम्भल। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विशेष अभियान मिशन शक्ति (फ़ेज़5.0/2025) के अंतर्गत आज एक फैसला सामने आया। जनपद सम्भल की विशेष पॉक्सो न्यायालय ने नाबालिग से अश्लील हरकत करने के बहुचर्चित प्रकरण में अभियुक्त को 03 वर्ष का कारावास एवं ?5000 अर्थदंड से दंडित करते हुए बेटियों की सुरक्षा के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को और अधिक सशक्त बना दिया।000 अदालत का निर्णयः=माननीय विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट, श्री अवधेश सिंह की अदालत ने विशेष सत्र परीक्षण संख्या 06/2020 (अपराध संख्या 593/2020, थाना गुन्नौर) में अभियुक्त पीतांबर उर्फ पीकम उर्फ गूंगा पुत्र रामबाबू, निवासी ग्राम भोना नगला, थाना गुन्नौर को दोषसिद्ध कर सज़ा सुनाई। अदालत ने यह साफ संदेश दिया कि बेटियों की गरिमा और सम्मान पर आंच लाने वाले अपराधियों को अब किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा।जघन्य अपराध जिसने समाज को झकझोर दियाः=0000मामले के अनुसार अभियुक्त ने नाबालिग बालिका के साथ अश्लील हरकत की।अभियोजन की दमदार भूमिकाः=इस मुकदमे की पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) श्री नरेन्द्र कुमार यादव ने की। उन्होंने न्यायालय में सशक्त, आक्रामक एवं तथ्यों पर आधारित दलीलें प्रस्तुत कीं। गवाहों के बयान, चिकित्सीय प्रमाण और अन्य ठोस साक्ष्यों को प्रभावी ढंग से न्यायालय के समक्ष रखा गया। इसी सशक्त पैरवी के परिणामस्वरूप अभियुक्त को कठोर दंड सुनिश्चित किया जा सका।

### सरकार और प्रशासन की दृढ़ता

यह फैसला प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में यह संकल्प लिया गया है कि बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।जनपद सम्भल के जिलाधिकारी श्री राजेन्द्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार, पुलिस टीम तथा अभियोजन विभाग के वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार यादव जनपद के पुलिस विभाग ने पूरी गंभीरता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पीड़िता को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### समाज के लिए सशक्त संदेश

विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट)जनपद सम्भल, चंदौसी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि यह निर्णय केवल एक मुकदमे का निपटारा नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी और प्रेरणा दोनों है—जघन्य अपराधियों को किसी भी स्थिति में कानून से बचना असंभव है।न्यायिक व्यवस्था अब त्वरित एवं प्रभावी न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में और अधिक सशक्त कदम उठा रही है।हर बेटी की सुरक्षा समाज और शासन दोनों की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह फैसला न केवल पीड़िता को न्याय दिलाने वाला है, बल्कि समाज को यह विश्वास भी दिलाता है कि बेटियों के सम्मान और गरिमा की रक्षा हेतु कानून और शासन दोनों पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं।

# मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में 21 महिलाओं ने आयुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्यायें

**महिला जनसुनवाई के दौरान दूर दराज से आई 21 महिलाओं ने आयुक्त के सामने उपस्थित होकर अपनी अपनी समस्या बताई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोण्डा। आयुक्त देवीपाटन मण्डल द्वारा शुरू की गई नई पहल मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद के अंत गर्त सोमवार को आयुक्त कार्यालय में महिला ओं के लिए एक विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला जनसुनवाई के दौरान दूर दराज से आई 21 महिलाओं ने आयुक्त के सामने उपस्थित होकर अपनी अप नी समस्या बताई।

उन्होंने आयुक्त के समक्ष अप नी समस्याओं को विस्तार से रखा। जनसुनवाई में रंजना पाण्डेय, श्यामकली, शबनम, रिचा, मंजू, रूचि तिवारी, अनारकली, मीना, अनीता, रामवती कान्ती देवी सहित 21 महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्याओं को बताया। सभी ने अपनी समस्याओं को सीधे आयुक्त के समक्ष रखकर त्वरित निस्तारण की उम्मीद जताई।आयुक्त ने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया कि सभी मामलों का समा धान प्राथमिकता पर किया जाएगा। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिका यत का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाये।कार्यवाही निष्पक्ष होनी चाहिए। शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण मेरिट के आधार किया जाये। मामले के निस्तारण में लापरवाही बिल्कुल बर्दास्त नहीं की जा येगी। प्रत्येक शिकायत का समाधान शीघ्रतम समयावधि में किया जाए,ताकि शिकायतकर्ता ओं को समय पर राहत मिल सके। निस्तारण की प्रक्रिया केवल औपचारिक न होकर गुणव त्तापूर्ण एवं प्रभावी होनी चाहिए,जिससे शिका यतकर्ता संतुष्ट हों। सभी शिकायतों की जांच पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ की जाए। किसी भी प्रकार की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई न हो।यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा लापरवाही बरती जाती है,तो उसके विरुद्ध स ख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### 45 में से 40 शिकायतों का हुआ निस्तारण

अपर आयुक्त प्रशासन कमलेश चंद्र ने बताया कि पिछले सोमवार को हुई महिला जनसुनवाई के दौरान आये 45 में से 40 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है,जिसमें से 36 निस्तारण संतोषजनक हुए जबकि चार शिका यतों में रिमाइंडर भेज कर संतोषजनक कार्र वाई करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए हैं।इस अवसर पर महिला अधिकारी अपर आयुक्त न्यायिक देवीपाटन मीनू राणा तथा उपायुक्त खाद्य देवीपाटन विजय प्रभा भी उपस्थित रहीं। उन्होंने भी जनसुनवाई के दौरान कई महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए,इस विशेष जनसुनवाई ने महिलाओं में यह भरोसा जगाया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर और प्रतिबद्ध है।महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब उन्हें अपनी आवाज उठाने के लिए एक सशक्त मंच मिल गया है।

# फातिमा अस्पताल में नि:शुल्क मूत्र रोग परामर्श शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। फातिमा अस्पताल में को निःशुल्क मूत्र रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. अंकित मोदी ( एमबीबीएस, एमएस, एम.एस.ए., डी.एम.ए.एस., एम.सी.एच. यूरोलॉजी ) द्वारा किडनी स्टोन, प्रोस्टेट एवं मूत्र संबंधी समस्याओं के मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके माध्यम से स्वास्थ्य सेवा और मानवता की ज्योति जलाने का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात एक मधुर प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया गया, जिससे वातावरण में आध्यात्मिकता और शांति का संचार हुआ। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक फा. डॉ.संतोष सेबास्टियन ने अपने संबोधन में कहा फातिमा अस्पताल सदैव निःस्वार्थ सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रतिबद्ध है। इस शिविर के माध्यम से हम रोगों को केवल उपचार नहीं, बल्कि जागरूकता के माध्यम से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य लक्षणों को नज़र अंदाज़ न करने और समय पर जांच कराने की अपील की।डॉ. अंकित मोदी ने उपस्थित मरीजों को मूत्र एवं किडनी रोगों के लक्षण, बचाव और उचित उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रोगियों ने इस शिविर का लाभ उठाया, जिनमें मरीजों का अल्ट्रासाउंड, ब्लड टेस्ट एवं दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस कार्यक्रम में अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक, समस्त विभागाध्यक्ष, डॉक्टर्स , स्टाफ, मरीज बन्धु एवं उनके साथी आदि उपस्थित रहें। 1995 में स्थापित, फातिमा हॉस्पिटल की सेवाएं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (घ्व्र्नख्व्ड्ढ), भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (क्एक्व्ह्र), पूर्वोत्तर रेलवे, एच.ए.एल., एन.टी.पी.सी., भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (इइक्र), गोरखपुर एवं मा. मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष, उत्तर प्रदेश आदि से इम्पैनल्ड हैं। अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा, ब्लड बैंक, फार्मेसी एवं एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध है।

# आपात बैठक में कर्मचारियों ने की मांग

**आठवें वेतन आयोग के कमेटी का शीघ्र गठन करें प्रधानमंत्री: रूपेश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। 13 अक्टूबर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की एक आपात बैठक भोजन अवकाश के समय डिप्लोमा इंजीनियरिंग संघ भवन में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव और संचालन कार्यकारी अध्यक्ष इंजीनियर राम समुझ ने किया।बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारीयों ने सरकार से आठवें वेतन आयोग की कमेटी के गठन एवं करने मांग उठाई। बैठक को संबोधित करते हुए परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा की वेतन आयोग के गठन की घोषणा किए हुए सरकार को लगभग 8 महीने हो गए लेकिन अभी तक कमेटी की गठन न करना बहुत ही निराशाजनक है हम प्रधानमंत्री जी से निवेदन करते हैं कि वह दीपावली के पूर्व कमेटी का गठन कर जनवरी तक वेतन आयोग की सिफारिश को लागू कर दें तथा आठवें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 3.67 किया जाए ।महामंत्री मदन मुरारी शुक्ला मुख्यमंत्री से गुहार लगाया कि वह दीपावली और छठ त्यौहार को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों के बोनस और 3% महंगाई भत्ता का शासनादेश शीघ्र जारी करें जिससे कर्मचारी अपने त्योहार को आनंदपूर्वक मना सके। संरक्षक अशोक पांडे ने कहा की सरकार पेंशनरों को प्रत्येक 5 वर्ष पर 5% अतिरिक्त महंगाई भत्ता देने का प्रावधान करें, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ला ने पुराने पेंशन व्यवस्था को बहाल करने की मांग उठाई तो उपाध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने कोरोना काल में निलंबित किए गए सभी भत्तों को बहाल करने का अनुरोध मनाने मुख्यमंत्री जी से किया।इस अवसर पर अशोक पांडेय रूपेश कुमार श्रीवास्तव इंजीनियर राम समुझ मदन मुरारी शुक्ल अनिल द्विवेदी अनूप कुमार सौरभ श्रीवास्तव बंटी श्रीवास्तव इजहार अली राजेश मिश्रा रामधनी पासवान रमेश वर्मा राजू फुलई पासवान ओंकारनाथ राय आदि कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

## छात्रा एंजेल गुप्ता बनीं एक दिन की महिला थाना अध्यक्ष



रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत रायबरेली जिले में एक अनूठी पहल की गई, जिसमें राजर्षि रामपाल सिंह वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की मेधावी छात्रा एंजेल गुप्ता को एक दिन के लिए महिला थाना अध्यक्ष बनाया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और जागरूकता पर केंद्रित था, जो मिशन शक्ति के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित हुआ। एंजेल गुप्ता को एक दिन का थाना अध्यक्ष का चार्ज मिलते ही उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाया। सबसे पहले उन्होंने थाने का विस्तृत निरीक्षण किया, जिसमें थाने की व्यवस्थाओं, सुरक्षा उपायों और कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई।

# युवक एवं महिला मंगल दलों को वितरित की गई प्रोत्साहन खेल सामग्री

**विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा जूपिटर हाल इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर लखनऊ में युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन खेल सामग्री वितरण तथा सांसद खेल स्पर्धा/ विधायक खेल स्पर्धा के शुभारम्भ अवसर पर विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह द्वारा जनपद के 07 युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि रणविजय सिंह ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा लगातार संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इसी कड़ी में मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा ग्रामीण परिवेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल सामग्री का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है जिसका सार्थक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा/विधायक खेल स्पर्धा के माध्यम से ग्रामीण परिवेश में परवान चढ़ने वाली प्रतिभाओं को उचित मंच उपलब्ध हो रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं सामने आकर जनपद, प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री सिंह ने युवक मंगल दलों का आहवान किया कि प्रोत्साहन खेल सामग्री का सदुपयोग करते हुए दूसरे युवक-युवतियों को भी प्रोत्साहित करें।कार्यक्रम के दौरान विकास खण्ड चित्तौरा के डीहा महिला मंगल दल की रेनू देवी व तुरहनी रज्जब के युवक मंगल दल के फूल बाबू, तेजवापुर के मि.र्जापुर की महिला मंगल दल की ललिता मौर्य व धोबिहा की अर्चना कुमारी, हु.जूरपर के पदुम पिछौरा भिडयारी के युवक मंगल दल के वीरेन्द्र कुमार व महिला मंगल दल की शिवानी प्रजापति तथा पयागपुर के बनिया गांव के युवक मंगल दल के संदीप कुमार को प्रोत्साहन खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में जिला युवा कल्याण अधिकारी प्राची पवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# लकड़ी माफिया के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। मनकापुर सागौन के पेड़ों की बिक्री के लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में कार्र वाई की गई है,एसपी के निर्देश पर लकड़ी मा फिया और पूर्व ब्लॉक प्रमुख के बेटे पर मुकद मा दर्ज किया गया है।ग्राम पंचपुती जगतापुर निवासी गिरजेंद्र बहादुर सिंह व विनोद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से एसपी विनीत जायसवा ल को शिकायती पत्र दिया था। आरोप लगाया कि उनकी भूमि पर लगे सागौन के 146 पेड़सागौन का सौदा वन विभाग से अनुमति लेने के बाद छपिया के पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पुत्र सुनील कुमार शुक्ल व लकड़ी माफिया हनुमान सिंह से 82.50 लाख रुपये में तय हुआ था। त य रकम में से 51.25 लाख रुपये का भुगतान नकद, बैंक ट्रांसफर और एनएससी के माध्यम से किया गया, शेष 31.25 लाख रुपये के दो चेक मिले थे। मगर दोनों चेक बाउंस हो गए। पीड़ितों ने विरोध किया तो दोनों व्यापारियों ने न केवल भुगतान से मना कर दिया,बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। यही नहीं लकड़ी माफिया हनुमान सिंह व उनके साथ चल रहे लकड़ी माफिया पर मनकापुर कोतवाली में और कई बार कार्रवाई हुई है।कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

# मिशन शक्ति अभियान : तरबगंज में बहू–बेटी सम्मेलन आयोजित

**सम्मेलन के दौरान महिलाओं से उनकी समस्याएं सुनी गईं और उन्हें महिला संबंधी अपराधों जैसे महिला हिंसा और लैंगिक उत्पीड़न के बारे में जानकारी दी गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक के द्वारा जनपद में मिशन शक्ति 5 अभियान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी तरबगंज के निर्देशन में सोमवार को तरबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम/एंटीरोमियो टीम द्वारा ग्राम दुर्जन पुर घाट में बहू- बेटी सम्मेलन के दौरान महिलाओं से उनकी समस्याएं सुनी गईं और उन्हें महिला संबंधी अपराधों जैसे महिला हिंसा और लैंगिक उत्पीड़न के बारे में जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त, साइबर अपराधों जैसे ओटीपी शेयरिंग, लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मार्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड और पेंशन धोखा धड़ी से बचाव के तरीके भी बताए गए।महिला ओं को 1090, यूपी आपातकालीन 112, एंबुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर हेल्पलाइन 1930,155260 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से अवगत क राया गया। उन्हें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों, याता यात नियमों, बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के गांव की बहू व बेटियों को शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति-5 अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया ।

# 2.20 कुंतल अवैध पटाखे बरामद,एक आरोपी गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में दीपावली के त्योहार से पहले अ वैध पटाखो के खिलाफ मनकापुर कोतवाली पुलिस ने कोतवाल निर्भय नारायण सिंह की अगुवाई में कस्बा मनकापुर के मोहल्ला पटेल नगर के एक घर से दस गत्ता गोला बारुद बरा मद कर आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधि नियम के तहत कार्रवाई की है। बताते चले कि अयोध्या जनपद में हुए विस्फोट के बाद पुलिस सभी जनपदों में चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर एसआई पिंटू यादव,महिला एसआई महिमा तिवारी,हेड कांस्टेबल रवी सिंह,सरेश,दुर्गेश चौधरी ने पटेल नगर निवासी लवकुश गुप्ता पुत्र रामेश्वर के घर की तलाशी ली।मौके पर दस गत्तों में दो कुंतल बीस किलो विभिन्न प्रकार के गोला बारूद बरा मद किया गया है।आरोपी के खिलाफ एफआ ईआर दर्ज कर विधिक कार्यवाई की जा रही है। यह जानकारी कोतवाल मनकापुर निर्भय नारा यण सिंह ने दी है।

# साहित्य सुरभि संस्थान में चर्चा के बाद तय हुआ नई कार्यकारिणी गठन का दिन

**कार्यवाहक अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि श्रीवास्तव की अस्वस्थता को देखते हुए नई कार्यकारिणी का गठन आवश्यक है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। हिन्दी साहित्य सुरभि संस्थान की मासिक बैठक सोमवार को बाबू कृष्ण कुमार सभागार में कार्यवाहक अध्यक्ष आदेश अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ हुआ। इसके बाद संस्थान के अध्यक्ष सत्येंद्र श्रीवास्तव द्वारा दिए गए त्यागपत्र पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यवाहक अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि श्रीवास्तव की अस्वस्थता को देखते हुए नई कार्यकारिणी का गठन आवश्यक है। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए यह निर्णय लिया गया कि संस्थान की नयी कार्यकारिणी का गठन 2 नवम्बर को शाम 4 बजे बाबू कृष्ण कुमार सभागार में आयोजित बैठक के दौरान किया जाएगा। सदस्यों ने अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संस्थान ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। उनके मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम–चाहे कवि सम्मेलन हों या हिन्दी विषय में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह ने क्षेत्र में हिन्दी प्रेमियों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। सभी सदस्यों ने उनके सुनहरे कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।संस्थान के कोषाध्यक्ष प्रेम नाथ मिश्रा ने सदस्यों से वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करने का आग्रह किया।बैठक में डा. आनन्द अग्रवाल, महामंत्री रजनीकांत मिश्रा, डा. असीम शुक्ला, मुक्तेश्वर पोद्दार, प्रकाश वीर गुप्ता, नरेश अग्रवाल, राजेन्द्र प्रकाश मित्तल, उमेश चन्द्र शाह, डी.के. श्रीवास्तव एवं डा. दिनेश चन्द्रा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया ने सुनाई श्रीकृष्ण की बाल लीलाएँ



गोरखपुर । बांसगांव क्षेत्र के मऊ बुजुर्ग स्थित राम बाबा का स्थान बुधवार को भक्ति और अध्यात्म के रंग में रंग गया। सप्ताहव्यापी श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के पांचवें दिन विश्व की सबसे कम आयु की अंतरराष्ट्रीय बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया ने माखन चोरी लीला और गोवर्धन पूजा का दिव्य वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी लीला केवल चंचलता नहीं, बल्कि यह भक्तों के हृदय के माखन – प्रेम, निश्छलता और समर्पण – को स्वीकार करने का प्रतीक है।ङ्कगोवर्धन पूजा के महत्व पर बोलते हुए बाल व्यास ने कहा कि प्रकृति की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। जब हम जल, वृक्ष, भूमि और जीव-जंतुओं की रक्षा करते हैं, तब हम वास्तव में भगवान की आराधना करते हैं।

# सुबह से हो गई शाम,शहर में हर घंटे लगता रहा जाम, त्योहारी सीजन में सड़क बनी पार्किंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**दीपावली व त्यौहारी सीजन में शहर के बाजारों के साथ ही मुख्य मार्गों पर भी लोगों को जाम का सामना करना पड़ा, वही यातायात पुलिस व्यवस्था भी धड़ाम नजर आई**

**सबसे खराब स्थिति गुरु नानक चौराहे से लेकर अग्रसेन चौक, गुड्डू मल चौराहा, महिला अस्पताल उतरौला रोड पर रहती है**

गोण्डा। शहर में सोमवार को दिनभर लंबा जाम लगा रहा। लोगों को मुख्य चौराहे पर एक किमी लंबे जाम का सामना करना पड़ा। त्यौहारी सीजन में वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ ही सड़क पर वाहनों के पार्क होने से जाम की समस्या बनी रही। लोगों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए घं टों तक जाम से जूझना पड़ा।

यातायात पुलिस की व्यवस्था इस अवसर पर धड़ाम नजर आई। दीपावली व त्यौहारी सीजन में वाहनों की संख्या बढ़ गईं है। शहर के बाजारों के साथ ही मुख्य मार्गों पर भी लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है। सबसे खराब स्थिति गुरु नानक चौराहे से लेकर अग्रसेन चौक,गुड्डू मल चौराहा,महिला अस्पताल उतरौला रोड पर रहती है।यों तो इस चौराहे पर रोजाना ही जाम लगता है, ले किन त्यौहारी सीजन में वाहनों की संख्या ज्या दा हो जाने पर जाम की समस्या बेकाबू हो जा ती है।शहर में सबसे ज्यादा जाम गुरु नानक चौराहे से लेकर गुड्डू माल चौराहा,गोंडा बलराम पुर रोड मनकापुर बस स्टैंड से नवीन गल्ला मं डी एलबीएस चौराहे से चुंगी नाका तक रहता है।इसका मुख्य कारण वाहनों की अवैध पार्कि ग सड़क पर है।सोमवार को सड़कों के किनारों पर बड़ी संख्या में आटो खड़े हो गए। सवारियां बैठाने के लिए सड़क पर आटो की संख्या ज्या दा रही।

ऐसे में आटो चालकों ने बीच सड़क त क कब्जा जमा लिया।वहीं लोगों ने अपनी कार सड़कों के किनारों पर पार्क कर दीं।इससे वाह नों के आवागमन के लिए मार्ग संकीर्ण हो गया। जिसके चलते लंबा जाम लग गया।स्थिति यह रही की गोंडा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में जा म पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है ऐसे में दिन भर वाहन रेंग-रेंगकर चलते रहे।चौराहे पर पुलि सकर्मी वाहनों को रोककर एक-एक चलवा रहे थे।वाहनों की संख्या ज्यादा होने के चलते एक ही के सभी वाहनों को पास नहीं कराया जा स का।जिससे जाम लगातार जारी रहा।स्थिति यह रही कि एक बार में 50-100 मीटर की लंबाई में खड़े वाहन ही चौराहा पार कर पाते थे, इसी बीच दोबारा से चौराहे पर जमा लग जाता था।ऐसे में वाहन चालकों को दिनभर जाम की सम स्या से जूझना पड़ा।यातायात प्रभारी ने बताया कि त्यौहारी सीजन में वाहनों की संख्या बढ़ती है तो थोड़ा जाम लगता ही है।

हालांकि लंबे जा म जैसी स्थिति नहीं बनीं और दिनभर वाहनों का आवागमन जारी रहा।व्यवस्था में अभी का फी सुधार की जरूरत है।उसके अनुसार जल्द कार्य किया जाएगा।

# प्रभु की शरण से ही आत्मा की तृप्ति होगी : आचार्य शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




तिलोई अमेठी । क्षेत्र के गांव पूरे दान सिंह वैस शंकरगंज में ब्लाक के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि सुख हमारे भीतर ही है बस हम उसका अनुभव नही कर पा रहे हैं सुख की खान भगवान ही है इसलिये उनसे ही नाता जोड़ना होगा।परीक्षित जी नेशुकदेव जी से पूछा कि मरने वाले मनुष्य को क्या करना चाहिये शुकदेव जी ने कहा कि उन्ही गोविन्द के पादकम पादकमलों का ध्यान करो गोविन्द ही इस कलिकाल से मुक्ति दे सकते है।इसके बाद कथा व्यास ने सृष्टि के आदि दम्पति मनु और शतरूपा की कथा सुनाई है इसके बाद भगवान के वाराह अवतार की कथा सुनाई है देवहूति मां और कर्दम मुनि की कथा सुनाई जिनके यहाँ भगवान कपिल का जन्म हुआ जिन्होनें सांख्यशास्त्र का उपदेश दिया और अपनी मां देवहूति जी को भी उपदेश किया जिसे भागवत जी में कपिल अध्यध्यायी कहते हैं कपिल भगवान कहते हैं कि आत्मा की तृप्ति सांसारिक संसाधनो से नही होती आत्मा की तृप्ति के लिये उस पूर्ण परमात्मा में लगाओं और ऐसे लोगों का संग करो जिनका मन भगवान के चरणों में लगा हो।इसके बाद दक्ष प्रजापति और भगवान शंकर और माता सती की कथा सुनाई गयी महाराज जी ने कहा कि दक्ष को बड़ा पद मिलने के कारण उसे अभिमान हो गया और उसने ब्रहमा जी की सभा में भगवान शंकर का अपमान कर दिया इसके बाद भगवान के गणों नें दक्ष को बकरे के मुंह होने का श्राप दे दिया इसी का बदला लेनें के लिये उसने यज्ञ का आयोजन किया और भगवान शिव को नहीं बुलाया परन्तु माता सती शिव जी के मना करनें के बाद भी अपने मायके गयी परन्तु यज्ञ में भगवान शिव का अपमान देख उन्हें बहुत क्रोध आया और अपने आप को योग की अग्नि में जलाकर स्वयं को राख कर लिया सती माँ के दहन को सुनकर भगवान शंकर नें वीरभद्र को प्रकट किया वीरभद्र नें जाकर दक्ष के गर्दन को काटकर यज्ञ में ही डाल दिया और सम्पूर्ण यज्ञ को नष्ट कर दिया।कार्यक्रम के आयोजक एवं यजमान अर्चना सिंह, कृष्ण कुमार सिंह ने आरती पूजन किया। संचालन धर्मेश कुमार मिश्रा ने किया। इस मौके पर

**स्वास्थ्य राज्यमंत्री के साथ कई विधायकों समेत हज़ारों की संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान किया**

राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह,तिलोई रियासत की रानी उपासना सिंह,कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, कृतिका सिंह, विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, तेज प्रताप सिंह,एसडीएम अमित सिंह, सीओ दिनेश कुमार मिश्रा, प्रदीप सिंह, राकेश विक्रम सिंह, मनीष सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, हिमांशु सिंह,पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी,आशीष नंदन त्रिपाठी, धीरु सिंह, कर्ण कुमार बाजपेई, दिग्विजय सिंह, सुजीत पाण्डेय, अरुण प्रताप सिंह, शिवम सिंह, पंकज तिवारी,विनोद मौर्या,राम जी सिंह सिद्धार्थ सिंह,शैलेंद्र सिंह, अनिल पाण्डेय, कुलदीप मिश्रा,नवीन श्रीवास्तव, मिंटू सिंह,रोहित पाण्डेय, नवीन श्रीवास्तव, अर्जिता सिंह, शिवी सिंह,अपूर्वा सिंह,ज्योति सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मजबूरों एवं मजलूमों के हक़की लड़ाई समाजवादी पार्टी हमेशा लड़ेगी : अनूप सण्डा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर शांति, सद्भाव, सशक्त लोकतंत्र तथा सामाजिक न्याय तथा डॉ. अंबेडकर के विचारों को घर-घर पहुंचने का संकल्प लेते हुए पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान पदयात्रा के दूसरे दिन आज पूर्व विधायक 'अनूप संडा' 188 सुल्तानपुर के नेतृत्व में सैकड़ो समाजवादी कार्यकर्ताओं के साथ अल्हदादपुर ग्राम से हुआ।

पदयात्रा के प्रथम चरण में विधानसभा 188 के दुबेपुर ब्लॉक में लगभग 100 किलोमीटर भ्रमण होगा। पदयात्रा के दूसरे दिन दुबेपुर ब्लॉक के अहलदादपुर ग्राम पंचायत में डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ करते हुए पूर्व विधायक एवं प्रवक्ता 'अनूप संडा' ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सदैव मजबूरों एवं मजलूमों के हक़ व सम्मान की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ती रहेगी। जब समाज जागरूक होगा तभी अपने समाज में चेतना का संचार होगा। भाजपा ने सदैव धर्म और जाति की राजनीति करके जनता को ठगने का काम किया है। यात्रा में शामिल समाजवादी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश जनवादी गीतों एवं नारों के माध्यम से लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। पदयात्रा के दौरान लखनपुर में रमेश यादव, अर्जुन यादव, राम सरन यादव, गौहानी में दुर्गेश यादव, आशीष कनौजिया, शीतल फौजी, परमवीर यादव, विक्रम यादव, मनोज कोरी, बहरौली में रग्घू पाल, विकास पाल, अनिल यादव, सुनील यादव, आरडीह में संतोष यादव, अजय यादव, जितेंद्र, रामकेवल भाईं में लल्लू फौजी, नरेंद्र यादव, देवेंद्र यादव, बेचू यादव सराय तिराहा में डॉक्टर राम सजीवन, राम अवध यादव, बब्बन यादव द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

# अवैध टैक्सी स्टैंड पर दलालों का दबदबा, प्रशासन मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। कानून-व्यवस्था और परिवहन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अमहट और अलीगंज बाजार क्षेत्रों में अवैध टैक्सी स्टैंड बेखौफ तरीके से संचालित हो रहे हैं, जहाँ दलालों का दबदबा इस कदर बढ़ गया है कि प्रशासन और परिवहन विभाग के अधिकारी भी मौन साधे बैठे हैं। सड़कों पर बिना कागज़, बीमा और परमिट के डग्गामार वाहन दिन-रात फर्राटा भर रहे हैं। यह न केवल कानून की अवहेलना है, बल्कि यात्रियों की जान से सीधा खिलवाड़ भी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन अवैध संचालन के पीछे एक संगठित गिरोह काम कर रहा है, जिसमें प्रमुख भूमिका काज़िम हुसैन नामक व्यक्ति की बताई जा रही है। आरोप है कि वह हफ्ता वसूली और दबंगई के दम पर बिना परमिट वाले वाहनों को सड़कों पर चलवाता है।

एक स्थानीय निवासी ने बताया कि काज़िम हुसैन के दबदबे के कारण ही बिना कागज़ और बिना परमिट वाली गाड़ियाँ खुलेआम चलती हैं, कोई कुछ नहीं कहता। बीते दिनों असरोगा टोल गेट के पास एक कमांडर गाड़ी का अगला पहिया निकल जाने से बड़ा हादसा होते-होते बचा। वाहन में बैठे कई यात्री घायल हो गए। सवाल उठता है कि अगर किसी की जान चली जाती तो जिम्मेदारी किसकी होती, हफ्ता लेकर इन गाड़ियों को सड़कों पर दौड़ाने वाले दलालों की, या फिर चुप बैठे अधिकारियों की? अमहट मेन रोड पर स्थिति और भी गंभीर है। यहाँ निजी वाहन सुल्तानपुर से लखनऊ तक बिना परमिट धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि ठेकेदारों और दलालों का इतना प्रभाव है कि वे रोडवेज बसों को रुकने नहीं देते। इसका सीधा असर परिवहन विभाग की आय पर पड़ रहा है। स्थानीयों की मांग है कि तत्काल कार्रवाई हो क्षेत्र के लोगों और यात्रियों ने प्रशासन व एआरटीओ विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि अवैध टैक्सी स्टैंडों को बंद कराया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों व दलालों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं। अब बड़ा सवाल जब डग्गामार वाहन खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं, तब प्रशासन की आंखें आखिर बंद क्यों हैं? क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है?

## गौरीगंज पुलिस ने हेरोइन के साथ युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना गौरीगंज पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पच्चीस ग्राम हेरोइनके साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान पंकज मौर्या पुत्र गोपीचन्द्र मौर्या निवासी वार्ड संख्या बारह कस्बा व थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से पच्चीस ग्राम हेरोइन बरामद हुई।इस सम्बंध में थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक श्याम नाराय़ण पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## अमेठी के एक सैकड़ा आंगनवाड़ी केंद्रों को विश्वविद्यालय ने दिया किट

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के तीसवें दीक्षांत समारोह के अंतर्गत सोमवार को स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल रहीं। समारोह के दौरान जनपद अमेठी के एक सैकड़ा आंगनवाड़ी केंद्रों को आंगनवाड़ी किट प्रदान की गई। इनमें से मुसाफिरखाना ब्लॉक की पांच आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को राज्यपाल द्वारा मंच पर प्रतीकात्मक रूप से किट दी गई। यह आंगनवाड़ी किट डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सौजन्य से प्रदान की जा रही है, जिसका उददेश्य आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाना तथा बच्चों के समग्र विकास के लिये बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, मुख्य सेविकाएं एवं बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में राज्यपाल ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बाल विकास, पोषण एवं शिक्षा की दिशा में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सशक्त आंगनवाड़ी नेटवर्क ही स्वस्थ समाज की नींव है।

## राशन की घटतौली पर महिया सिंदुरिया की कोटा की दुकान सस्पेंड

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत महिया सिंदुरिया के उचित दर विक्रेता द्वारा कार्डधारकों के हक पर डाका डालने के मामले में उपजिलाधिकारी ने कड़ा रुख अख्तियार किया है और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को निलम्बित कर दिया है। एसडीएम ने करीब पौने दो सौ कुंतल खाद्यान्न के साथ ही ईपास मशीन को सम्बद्ध दुकानदार को सौंपने का निर्देश दिया है।एसडीएम की सख्ती से आपूर्ति विभाग में खलबली मची हुई है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत महिया सिंदुरिया के उचित दर विक्रेता मोहम्मद नफीस द्वारा राशन वितरण के समय कार्डधारकों को कम मात्रा में राशन वितरित किया जाता था जिस पर कार्ड धारकों ने आपत्ति दर्ज कराते हुये अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर आपूर्ति निरीक्षक द्वार जब राशन की घटतौली की जांच पड़ताल की गई तो कई कार्डधारकों ने जांच के दौरान अपने बयान दर्ज कराये और अनवरत कई वर्षो से घटतौली किये जाने की बात सामने आई जिस पर पूर्ति निरीक्षक द्वारा उचित दर विक्रेता को नोटिस जारी करते हुये स्पष्टीकरण मांगा गया लेकिन मनबढ़ उचित दर विक्रेता द्वारा कोई जबाब नही दिया गया तो पुनः अनुस्मारक जारी किया गया लेकिन फिर भी कोई जबाब नही दिया गया। उपजिलाधिकारी अमित सिंह ने उचित दर विक्रेता मोहम्मद नफीस की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान को निलम्बित करते हुये गांव की ही हरेंद्र कुमार की दुकान में सम्बद्ध किया है। एसडीएम अमित सिंह ने निलम्बित दुकानदार मोहम्मद नफीस को निर्देश दिया है कि सम्बद्ध दुकानदार को बहत्तर कुंतल सत्तर किलो गेहूं और एक सौ छह कुंतल पांच किलो चावल के साथ ही ईपास मशीन और अन्य उपकरण पूर्ति निरीक्षक की उपस्थिति में सम्बद्ध दुकानदार हरेंद्र कुमार को सौंपने का निर्देश दिया है।

## यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला-2025 में उमड़ी भीड़

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार परिसर में आयोजित 'यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला-2025' में चौथे दिन लोगों की भारी भीड़ रही।9 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक चलने वाले इस 10 दिवसीय मेले में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक जनपद के हस्तशिल्पी, कारीगर और उद्यमी अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। रविवार को भाजपा नेता पूर्व जिला जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने मेले में पहुँचकर विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की सराहना की और कुछ वस्तुएँ स्वयं भी खरीदीं। श्री सिंह ने कहा कि सरकार की यह पहल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम है। हमें विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने आम जनमानस से अपील की कि दीपावली महापर्व पर स्वदेशी कपड़े, मोमबत्तियाँ, दीये, सजावटी सामान आदि की खरीदारी करें। ताकि स्थानीय कारीगरों और हस्तशिल्पियों को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देते हैं, बल्कि युवाओं में स्वरोजगार की भावना भी जगाता है।

# हिंदी प्रवक्ता की आपत्तिजनक रील वायरल, जातीय विद्वेष फैलाने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। धंमौर स्थित हनुमत इंटर कॉलेज के हिंदी प्रवक्ता अजय जायसवाल इन दिनों अपने बनाए एक आपत्तिजनक रील को लेकर चर्चा में हैं। ल्लतोहरे जइसन लंबरदार, घास उचारें रोज हमार...ल्ल जैसे आपत्तिजनक मुखड़े वाली इस रील के सोशल मीडिया पर वायरल होते ही बवाल मच गया है। बताया जा रहा है कि अजय जायसवाल 'अजय अनहद' नाम से यूट्यूब और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रील बनाते हैं। ताजा रील में उनके द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा और संदर्भों को लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। आरोप है कि शिक्षक होने के बावजूद उन्होंने ऐसे शब्दों और भावों का प्रयोग किया, जो सामाजिक समरसता के बजाय विषमता और जातीय विद्वेष को बढ़ावा देते हैं। सूत्रों के मुताबिक इस संबंध में धंमौर थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई है। मामला सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर यह चर्चा का विषय बना हुआ है।शिक्षा विभाग के सूत्रों का कहना है कि अजय जायसवाल की नियुक्ति माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग के माध्यम से हुई थी, जिस कारण अब आयोग की चयन प्रक्रिया पर भी सवाल उठने लगे हैं।विशेषज्ञों का कहना है कि एक शिक्षक द्वारा इस तरह की आपत्तिजनक सामग्री बनाना और सार्वजनिक मंच पर प्रसारित करना कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन है। वहीं कॉलेज प्रबंधन ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। प्रबंधन की चुप्पी से मामला और ज्यादा गर्माता जा रहा है।फिलहाल पुलिस शिकायत की जांच कर रही है। शिक्षा विभाग के अधिकारी भी पूरे मामले पर नजर बनाए है।

# माधोटाडा रेलवे क्रॉसिंग पर जाम का झाम बना आम जनता के लिए मुसीबत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कलीनगर रोड व पीलीभीत रोड मुख्य सड़क पर दुकानदारों व ई रिक्शा व टैंपो चालकों का कब्जा सड़क के नीचे ठेला व दुकानदारों का पूरी तरह कब्जा, नगर पालिका व चौकी पुलिस बनी मूक दर्शक पुलिस की बैरिकेडिंग भी बनी सड़क जाम का मुख्य कारण, रेलवे क्रॉसिंग के सामने मुख्य सड़क के दोनों ओर भी कब्जा, लोगो को निकलना मुश्किल सुबह से शाम तक घंटों फंसे रहने वाले यात्रियों के लिए यह मार्ग अब 'ट्रैफिक हॉटस्पॉट' बन गया है।लेकिन अब खुलासा हुआ है कि इस जाम के पीछे सिर्फ अतिक्रमण या लापरवाही नहीं, बल्कि एक संगठित अवैध वसूली तंत्र सक्रिय है। जिसे स्थानीय स्तर पर मासिक सुविधा शुल्क कहा जा रहा है।

डग्गामार वाहनों का 'सुविधा सिंडिकेट' बना जाम का मूल कारण

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, कलीनगर रोड माधोटाडा रोड पर बिना परमिट और नियमों के चलने वाले डग्गामार वाहन खुलेआम दौड़ रहे हैं। इन वाहनों के मालिक हर महीने 'सुविधा शुल्क' के नाम पर रकम अदा करते हैं। बदले में उन्हें सड़क किनारे सवारियां भरने, पार्किंग करने और ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने की पूरी छूट मिल जाती है।इसी वजह से सड़क की आधी चौड़ाई डग्गामार वाहनों और अनियमित पार्किंग की भेंट चढ़ जाती है।परिणामस्वरूप, माधोटाडा रोड से धनाराघाट रोड तक हर दिन सुबह-शाम जाम की लंबी कतारें लग जाती हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, ट्रैफिक पुलिस और चौकी के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से यह पूरा नेटवर्क बेखौफ चलता है।

अतिक्रमण और लापरवाही ने बढ़ाई मुसीबत

सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा फुटपाथ और सड़क पर कब्जा कर लिया गया है।ग्राहकों के वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था ठप हो जाती है।कई बार ड्यूटी पर तैनात कर्मी ट्रैफिक संभालने के बजाय मोबाइल में व्यस्त नज़र आते हैं।कई बार नगर के समाजसेवियों ने

# द वॉयस ऑफ अवध सुरों का होगा महामुकाबला,23 नवंबर को होगा ऑडिशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। सुलतानपुर जनपद ने बहुत ही बड़े बड़े कलाकारों, गायकों, शायरों, गीतकारों, गजलकारों और कवियों को देश को दिया है, जिनसे सुलतानपुर का गौरव सदा से बढ़ा है। इसी कड़ी में सत्यधाम आश्रम और राणा प्रताप पीजी कॉलेज के तत्वावधान में 'द वॉयस ऑफ अवध' सिंगिंग कंप्टीशन हेतु 23 नवंबर को शहर में पूरे अवध क्षेत्र के लगभग 18 जनपदों के प्रतिभागियों का ऑडिशन होने जा रहा है। जिस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजक सत्यधाम आश्रम के गद्दीधीश आचार्य सत्यसमदर्शी देवेंद्र कविराजदेव जी ने बताया कि अवधी भाषा की कृतियां, ग्रंथों आदि को आज पूरा विश्व पढ़ता और सुनता है इसलिए अवधी भाषा के व्यापक विस्तार के लिए और अवध क्षेत्र के गायकों के स्वर्णिम भविष्य के लिए यह कार्यक्रम किया जा रहा है। वहीं निर्देशक सिंगर विनय पाण्डेय ने बताया कि इस कार्यक्रम में 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के सभी महिला और पुरुष प्रतिभागी हो सकेंगे। लोकेश श्रीवास्तव ने कहा कि इस कार्यक्रम में अवधी और भोजपुरी के सभी विधाओं एवं परंपरागत गीतों को भी प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। अवध की लोक गायिका अन्तिमा तिवारी ने इसे क्षेत्रीय महिलाओं लिए भी एक अच्छा अवसर बताई। सहसंयोजक पंकज चौरसिया जी ने बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से प्रतिभागी आवेदन कर सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन अतुल पाण्डेय ने किया, मौके पर समर मौर्य, अन्नू यादव, मनीष तिवारी, संजय घायल, धर्मराज राइटर, शुभम, शिवा, विनय तिवारी, अनस आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वित्तीय समावेशन पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक प्रबंधक, बैंक सखी व मिशन प्रबंधक हुए सम्मानित**

पीलीभीत।जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को गांधी सभागार भवन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में जनपद की सभी बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधक, जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक तथा बैंक सखी शामिल हुईं जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आजीविका के अवसरों से जोड़ना है उन्होंने बैंक शाखा प्रबंधकों से आग्रह किया कि स्वयं सहायता समूहों (ट्टद्यद्ध क्क्द्यध क्कधफ्प) को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने में सक्रिय सहयोग दें ताकि समूहों को ऋण सुविधा का लाभ मिल सके और वे अपने उद्यम को विस्तार दे सकें उन्होंने कहा ल्लस्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं यदि इन्हें सशक्त किया जाए तो गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगी।ल्ल

उन्होंने उपस्थित बैंक अधिकारियों को सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन से जुड़ी योजनाओं, बैंक लिंकेज प्रक्रिया , प्रधानमंत्री बीमा योजना, नाबार्ड की स्कीम और समूहों को ऋण उपलब्ध कराने की नवीन रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी इस अवसर पर बैंक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक शाखा प्रबंधकों, बैंक सखियों एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधकों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया मुख्य विकास अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार श्री वास ने कहा कि स्वयं सहायता समूह केवल आर्थिक सशक्तिकरण ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी माध्यम हैं उन्होंने सभी बैंकों से अनुरोध किया कि वे समूहों को योजनाओं का लाभ दिलाने में अग्रसर रहें कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी,उपायुक्त स्वतः रोजगार, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम), जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक, एवं जनपद की समस्त बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## क्षमता वृद्धि को लेकर कल बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसडीओ मोहित गुप्ता ने बताया कि ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि का कार्य आने वाले समय में विद्युत दबाव को कम करने और उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक है जिसके चलते कल हाइडल पर यह कार्य कराया जाना अतिआवश्यक है जिसके चलते विद्युत सेवा प्रभावित रहेगी उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम है 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पूरनपुर ग्रामीण पर पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता आठ एमवीए है उसे बढ़ाकर दस एमवीए किए जाने का कार्य प्रस्तावित है जिसके चलते कल सुबह नौ बजे से शाम आठ बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह व्यवधान मुजफ्फरनगर, पिपरिया दुलई, सबलपुर और गोपालपुर आदि क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को प्रभावित करेगा

## पहले दोस्ती,फिर प्यार फिर शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म मुकदमा दर्ज कराने को लेकर कोतवाली मे किया हाइवोल्टेज ड्रामा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कैनविज टाइम्स संवाददाताः पूरनपुर नगर कोतवाली की रहने वाली एक युवती अपने को ठगा से महसूस कर युवक पर शारीरिक शोषण का मुकदमा दर्ज कराने कोतवाली पूरनपुर पहुंची सुनवाई न होने पर युवती ने कोतवाली परिसर में हंगामा खड़ा कर दिया पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो युवती सड़क पर दौड़ पड़ी और जोर जोर से दहाड़े मारकर रोने पीटने लगी जिसको शान्त करने महिला पुलिस पहुंची शांत किया फिर उसका मुकदमा दर्ज किया मामला युवती का युवक से प्रेम प्रसंग का है पांच साल पहले चुनाव में शादी का झासा देकर शाहजहांपुर निगोही के एक युवक ने युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया शादी की बात पर जान से मारने की धमकी दी गई मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है महिला ने बताया 5 साल पहले निगोही के गांव धर्मकांटा निवासी राजन पुत्र राजकुमार से उसकी मुलाकात हुई थी जिसके बाद युवक ने उसके मोबाइल नंबर पर कॉल करना शुरू कर दी। धीरे-धीरे दोनों के बीच नज़दीकियां बढ़ीं और अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और इस भरोसे के आधार पर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा।

## सम्पादकीय

# महामारी का सबब बन सकते हैं बर्फ से निकलते 'दैत्य'

ग्लेशियरों में मौजूद बैक्टीरिया या वायरस जीवन के चिन्ह माने जाते हैं लेकिन इनसे बीमारियां-महामारियां पैदा करने का जोखिम भी जुड़ा है। जलवायु परिवर्तन या मानवीय हस्तक्षेप से यदि बर्फ पिघले तो अनुकूल वातावरण पाकर ये सूक्ष्मजीव पुनरू सक्रिय या जीवित हो सकते हैं। वैज्ञानिक चेतावनी दे चुके हैं कि वे मनुष्यों को संक्रमित कर सकते हैं। एक शोध के दौरान अलास्का की हजारों साल पुरानी बर्फ पिघलाने के बाद वायरस जीवित हुए भी। तेजी से ध्रुवों पर बर्फ पिघल रही है जिसमें पड़े संक्रामक सूक्ष्मजीवों का सक्रिय होना संकटकारी है। इस दिशा में अनदेखी से हजारों साल पुरानी महामारियों के वापस आने की आशंका है जो इंसानी जीवन के लिए तबाही का सबब बन सकती है। अभी हमें नहीं मालूम कि हमारी पृथ्वी से परे इस ब्रह्मांड में कहीं और जीवन है या नहीं। लेकिन तमाम उपग्रहों, अंतरिक्ष वेधशालाओं और रेडियो संकेतों की छानबीन के बाद विज्ञानियों का मत है कि मंगल ग्रह या कहीं और धरती से परे जीवन की कोई संभावना सूक्ष्मजीवों (बैक्टीरिया या वायरस) आदि के रूप में हो सकती है। मुमकिन है कि जिन ग्रहों-उपग्रहों पर बर्फ और पानी का तनिक भी अस्तित्व हो, वहां ऐसे सूक्ष्मजीव मिल सकते हैं जो जीवन पनपा सकें। नमी, गर्म मौसम और वायुमंडल में ऑक्सीजन सरीखी गैसें- जिंदगी पैदा करने के लिए यही सब कुछ तो चाहिए। जरूरत इतनी सी है कि इन सूक्ष्मजीवों को (अगर वे पृथ्वी से बाहर कहीं हैं, तो) किसी तरह सक्रिय यानी जीवित किया जा सके। पर हमारी पृथ्वी को जीवन के स्पंदन से भरने वाले बैक्टीरिया या वायरस की शक्ल वाले इन सूक्ष्मजीवों (माइक्रोऑर्गेनिज्म) की एक भूमिका और भी है। इनका दूसरा पहलू असंख्य बीमारियों और महामारियों को पैदा करने से जुड़ा है। पानी, हवा और जमीन के दृश्यमान माहौल से अलग पृथ्वी की अतल गहराइयों, बर्फ की कंदराओं और चट्टानी दरारों तक में मौजूद सूक्ष्मजीवों को अगर मौका मिले तो शायद वे पूरी कायनात को ही पलट कर रख दें। कोविड महामारी के दौर से ही ऐसी आशंकाएं सिर उठा रही हैं। इधर अमेरिका के कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने अलास्का (आर्कटिक) की 40 हजार साल पुरानी बर्फ (पर्माफ्रॉस्ट- मिट्टी, बर्फ और चट्टानों का मिश्रण) के कुछ नमूनों को क्या पिघलाया, वे यह देखकर हैरान रह गए कि हजारों साल तक बर्फ में फंसे और जमे रहे सूक्ष्मजीव धीरे-धीरे जीवित हो गए। हालांकि सूक्ष्मजीवों का यह पुनर्जीवन कोई अच्छी खबर लेकर नहीं आया है। माना जा रहा है कि किसी साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म की तरह, ये प्राचीन संक्रामक सूक्ष्मजीव किसी जानवर पर आश्रित होकर अगली मानव महामारी का कारण बन सकते हैं। यह नई सूचना दशकों से प्रचलित उस मान्यता को स्थापित करते हुए प्रतीत हो रही है, जिसमें यह चेतावनी दी जाती रही है कि धरती की गहरी परतों में कैद प्राचीन बर्फ को छेड़ा न जाए क्योंकि इसके अंजाम बहुत बुरे हो सकते हैं। न तो उसकी खुदाई की जाए और न ही ऐसे हालात पैदा किए जाएं, जिससे यह खुद-ब-खुद पिघलने लगे। अलास्का में पृथ्वी की सतह से 350 फुट नीचे जिस इलाके से कोलोराडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नए नमूने जमा किए हैं, वहां 1960 के दशक में भी खुदाई की गई थी। 'पर्माफ्रॉस्ट सुरंग' के रूप में विख्यात इस जगह पर अति प्राचीन समय के विशालकाय जानवरों की हड्डियां जस की तस मौजूद हैं। यहां से लिए गए सूक्ष्मजीवों (बैक्टीरिया से समूह) के नमूनों को पानी के बीच 39 से 54 फॉरेनहाइट तापमान रखकर जगाने की कोशिश की गई। छह महीने तक चले प्रयोगों के बीच पाया गया कि शुरुआत में इन बैक्टीरिया समूहों की बढ़वार बेहद धीमी थी, लेकिन इन्हीं में से कुछ ने अपने इर्दगिर्द एक पतला, चिपचिपा पदार्थ बनाना शुरू कर दिया। इस पदार्थ को बायोफिल्म के रूप में जाना जाता है, जो वायरस और बैक्टीरिया की रक्षा करता है और उन्हें फैलने में मदद कर सकता है।

# क्या ट्रंप नोबेल में मात के बाद भी शांति दूत बने रहेंगे?

बड़बोले डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल पुरस्कार नहीं मिला। अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने वाले ट्रंप हाथ मलते रह गए। शांति के नोबेल के लिए चंद देशों से खुद को नामित कराने वाले अड़ीबाज अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रप के मुकाबले बेहद कम चर्चित और दुनिया में अलग पहचान रखने वाली एक महिला को मिलना शायद ट्रंप को उनकी असलियत या औकात बताने को काफी है। वैसे भी हर पुरस्कार के लिए नियम होते हैं, लंबी फ़ेहरिस्त होती है और कारण होते हैं। ट्रंप कहीं से भी इसमें फिट नहीं बैठते थे। लेकिन उन्हें अमेरिका का राष्ट्रपति होने का गुमान था। इसीलिए वो यह जानते हुए भी कि पुरस्कार के लिए नामित होने और औपचारिकताओं के पूरा करने की प्रक्रिया को भी शायद अपनी धौंस से धता बताने की जुगाड़ में थे, जो हो न सका। यह भी सच है कि शायद यह पहला मौका होगा जब पुरस्कार मिलने वाले के नाम की चर्चा के बजाए न मिलने वाले का नाम और उसका रंज सुर्खियों में है। अब ट्रंप भले ही लगातार अपना दावा जता रहे हों और कहते फिर रहे हों कि कि अमेरिका में जिन भी लोगों को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया, वो ज्यादातर विवादित ही रहे। ट्रंप भला क्या कम विवादित हैं? अमेरिका के राष्ट्रपति बनाम वहां के बड़े बिजनेसमैन डोनाल्ड ट्रंप इस बार सत्ता में आने के साथ ही खुद को शांति का स्वयं-भू मसीहा बताते नहीं अघाते हैं। वो भारत-पाकिस्तान, रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास जंग समेत आठ युद्धविराम या समझौते कराने का दावा करते हैं। जबकि दुनिया हकीकत जानती है कि इन सभी जगहों पर अभी कितनी शांति है? इस बार का नोबेल शांति पुरस्कार नॉर्वेनियन नोबेल कमेटी ने वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को देना तय किया। नोबेल समिति के अध्यक्ष यॉर्गन वाटने फ्रिडनेस ने मारिया कोरिना मचाडो को एक ऐसी प्रमुख और एकजुट करने वाली शख्सियत बताया जिन्होंने पहले गहरे विभाजित विपक्ष को एकजुट किया फिर स्वतंत्र चुनावों और प्रतिनिधि सरकार की मांग में समान आधार स्थापित करने का कठिन काम किया। अपने प्रयासों की कामियाबी के लिए मारिया कोरिना मचाडो को छिपकर रहने पर भी मजबूर होना पड़ा। लेकिन जान को गंभीर खतरों के बावजूद उन्होंने अपना देश नहीं छोड़ा और दुनिया भर में शांति के पक्षधर लाखों लोगों का प्रेरित किया। मारिया का मानना है कि जब सत्तावादी लोग सत्ता हथिया लेते हैं, तो स्वतंत्रता के ऐसे साहसी रक्षकों को पहचानना जरूरी है जो उठ खड़े हों और विरोध करें। लोकतंत्र उन्हीं लोगों पर निर्भर करता है जो चुप रहने के बजाए गंभीर जोखिमों के बावजूद आगे बढ़ते रहने का दुस्साहस करते हैं। यह याद दिलाता है कि स्वतंत्रता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए, बल्कि हमेशा उसकी रक्षा करनी चाहिए। इसके लिए दृढ़ इच्छा शक्ति और शब्दों के सामर्थ्य का इस्तेमाल जरूरी है। ट्रम्प भले ही दुनिया का दारोगा कहलाएं लेकिन उन्हें मारिया के सिध्दांतों और धारणाओं से काफी कुछ सीखने की जरूरत है। यह सही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में तो शुरुआत से ही शांति के नोबेल पुरस्कार का सपना संजोए बैठे थे। उनका हर मंच पर दावा कि उन्होंने ही आठ युद्ध रुकवाए हैं यही बताता है। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा की आलोचना करना और कहना कि बिना किसी कारण के उन्हें नोबेल मिला मैंने तो 8-8 युद्ध रुकवाए अहंकार नहीं तो क्या है? लेकिन वो भूल गए कि उनके दावे नोबेल शांति पुरस्कार के नामांकन की समय-सीमा के बाद के हैं। ऐसे में संभव है कि यह उनकी चालाकी हो और अगले साल के अपने दावे को पुख्ता करने की रणनीति हो! दुनिया जानती है कि ट्रम्प कहते कुछ हैं, करते कुछ हैं। कहा तो यह तक जाने लगा है कि ट्रंप को यह भी नहीं पता अगले पल वो क्या कर बैठें, बहरहाल यह उनका अपना मामला है वो जाने। हां, नोबेल कमेटी की निना ग्रेगर ने यह जरूर कहा कि नोबेल के फैसले पर गाजा सीजफायर का असर नहीं होगा,

**अब ट्रंप भले ही लगातार अपना दावा जता रहे हों और कहते फिर रहे हों कि कि अमेरिका में जिन भी लोगों को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया, वो ज्यादातर विवादित ही रहे। ट्रंप भला क्या कम विवादित हैं? अमेरिका के राष्ट्रपति बनाम वहां के बड़े बिजनेसमैन डोनाल्ड ट्रंप इस बार सत्ता में आने के साथ ही खुद को शांति का स्वयं-भू मसीहा बताते नहीं अघाते हैं। वो भारत-पाकिस्तान, रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास जंग समेत आठ युद्धविराम या समझौते कराने का दावा करते हैं। जबकि दुनिया हकीकत जानती है कि इन सभी जगहों पर अभी कितनी शांति है? इस बार का नोबेल शांति पुरस्कार नॉर्वेनियन नोबेल कमेटी ने वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को देना तय किया। नोबेल समिति के अध्यक्ष यॉर्गन वाटने फ्रिडनेस ने मारिया कोरिना मचाडो को एक ऐसी प्रमुख और एकजुट करने वाली शख्सियत बताया जिन्होंने पहले गहरे विभाजित विपक्ष को एकजुट किया फिर स्वतंत्र चुनावों और प्रतिनिधि सरकार की मांग में समान आधार स्थापित करने का कठिन काम किया। अपने प्रयासों की कामियाबी के लिए मारिया कोरिना मचाडो को छिपकर रहने पर भी मजबूर होना पड़ा। लेकिन जान को गंभीर खतरों के बावजूद उन्होंने अपना देश नहीं छोड़ा और दुनिया भर में शांति के पक्षधर लाखों लोगों का प्रेरित किया। मारिया का मानना है कि जब सत्तावादी लोग सत्ता हथिया लेते हैं, तो स्वतंत्रता के ऐसे साहसी रक्षकों को पहचानना जरूरी है जो उठ खड़े हों और विरोध करें। लोकतंत्र उन्हीं लोगों पर निर्भर करता है जो चुप रहने के बजाए गंभीर जोखिमों के बावजूद आगे बढ़ते रहने का दुस्साहस करते हैं। यह याद दिलाता है कि स्वतंत्रता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए, बल्कि हमेशा उसकी रक्षा करनी चाहिए। इसके लिए दृढ़ इच्छा शक्ति और शब्दों के सामर्थ्य का इस्तेमाल जरूरी है। ट्रम्प भले ही दुनिया का दारोगा कहलाएं लेकिन उन्हें मारिया के सिध्दांतों और धारणाओं से काफी कुछ सीखने की जरूरत है।**

लेकिन अगर यह शांति स्थायी रही, तो अगले साल ट्रंप की दावेदारी मजबूत हो सकती है। वहीं, नोबेल कमेटी के अध्यक्ष जोएर्गन वाटने फ्राइडनेस ने कहा कि पुरस्कार पर फैसला काम के आधार पर किया जाता है। अब ऐसा भी नहीं है कि अमेरिका जैसे देश सशक्त देश के राष्ट्रपति को इतना भी भान न हो? अब एक पुराना और चौंकाने वाला वाकया सुर्खियों में है। जब एडॉल्फ हिटलर को शांति पुरस्कार के लिए नामांकित करने की कोशिश हुई। इससे हर कोई असहज हुआ होगा। उनके क्रूर होने के किस्से-कहानियां इतिहास की किताबों में दर्ज है। क्या उनका नाम कभी प्रस्तावित हुआ? दरअसल एक तीखी व्यंग्यात्मक आलोचना के रूप में जरूर उनका प्रस्ताव स्वीडिश संसद के एक सदस्य, एरिक ब्रांट ने 27 जनवरी 1939 को नोबेल समिति को भेजा। ब्रांट एक समाजिक-लोकतांत्रिक राजनेता थे। यह उनका स्वीडिश राजनीतिज्ञों की प्रवृत्ति पर कटाक्ष और व्यंग था जो तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविल चेम्बरलेन की शांति-नीति की तारीफ करते नहीं अघाते थे। जब चेम्बरलेन की शांति के लिए खूब स्तुति हो सकती है, तो हिटलर को भी यूरोप में युद्ध के खतरों लिए नामांकित कर दीजिए। लेकिन सार्वजनिक प्रतिक्रियाओं, आलोचनाओं और गलतफहमियों से घिरता देख ब्रांट ने अपना नामांकन औपचारिक रूप से वापस भी ले लिया।

नोबेल पुरस्कार की स्थापना बिजनेसमैन, एंटरप्रेन्योआर और वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की मृत्यु के बाद हुई जिन्होंने अपनी ज्यादातर संपत्ति कई क्षेत्रों में पुरस्कारों के लिए छोड़ी थी। सन 1895 में अपनी वसीयत में कहा था कि ऐसे पुरस्कार उन्हें दिया जाना चाहिए जिन्होंने पिछले साल मानव जाति के लिए सबसे बड़ा उपकार किया हो। शुरुआत 1901 में हुई जो जारी है। केवल प्रथम विश्व युद्ध के दौरान 1914 से 1918 तक और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1939 से 1945 में यह नहीं दिए गए। पुरस्कार भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा या शरीर क्रिया विज्ञान, साहित्य, शांति और आर्थिक विज्ञान क्षेत्र में दिए जाते हैं। शांति पुरस्कार ऐसा अकेला है जिसका फैसला नॉर्वे की संसद की तरफ से चुने गए पांच सदस्यों की एक समिति की करती है। समिति ओस्लो में है पुरुस्कार वहीं देते हैं। इसमें एक डिप्लोमा, सोने का मेडल और 11 मिलियन स्वीडिश मुद्रा (10.36 करोड़ रुपये) दी जाती है। नियमानुसार पुरस्कार देने और न देने की वजह अगले 50 साल तक नहीं बताई जाती है। काश ट्रंप इतना इंतजार कर पाते? फिलहाल यह देखना होगा कि तिलमिलाए ट्रंप आगे भी शांति दूत बने रहेंगे या दुनिया की शांति हरेंगे, क्योंकि उनकी खीझ, खिसियाहट, टैरिफ वार और बॉडी लैंग्वेज कुछ और ही इशारा कर रही है? -ऋतुपर्ण दवे

# चाहो जो संकट से बचना,चलाओ लाड़ला समधी योजना

**मुकेश 'कबीर'**

हमारे देश में लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बेटी, लाड़ली बहना योजना बहुत चलती हैं, इतनी ज़्यादा चलती हैं कि इनके सहारे कई ऐसे नेता भी चल जाते हैं, जो खड़े होने लायक भी नहीं होते। इन योजनाओं के कारण जब न चलने वाले नेता भी चल जाते हैं तो ये योजनाएं भी चलती रहती हैं। और जैसे ही लगता है कि सरकार अब नहीं चल पाएगी तो फिर कोई लाड़ली योजना चला दी जाती है। अब हमें तो समझ नहीं आता कि सिर्फ बेटी और बहना ही लाड़ली क्यों ? जीजा, भाई, फूफा, समधी, समधन लाडले क्यों नहीं? इन्होंने कौन सा उधार खा रखा है सरकार का? जीजा का तो समझ आता है कि नखरेला होता है इसलिए वो तो लाड़ला हो नहीं सकता, आगे चलकर वो ही फूफा बन जाता है इसलिए वो भी लाड़ला नहीं हो सकता। फूफा तो करेला और नीम चढ़ा होता है इसलिए उससे तो सब वैसे ही दूर भागते हैं, जैसे जुरसिक पार्क में डायनासोर क़ो देखकर भागते थे। वैसे भी हमारे देश में मुन्नी के बाद सबसे ज़्यादा बदनाम कोई है तो वो फूफा ही है, उसकी कोई सुनता नहीं है फिर भी फूं फां बहुत करता है, इसलिए वैज्ञानिकों ने उसका नाम ही फूफा रख दिया। ठीक है जीजा या फूफा से लाड़ मत करो लेकिन समधी ने क्या बिगाड़ा है? लाड़ला समधी योजना तो चला ही सकते हैं। समधी वो चीज है जो हमारे घर में अपनी लाड़ली देता है। वो लाड़ली होती है इसलिए लड़ भी लेती है, लड़ना उसका जन्मसिद्ध अधिकार है। वो लाड़ली है और उसकी लड़ाई की एक मूल वजह यह भी है कि हम समधी क़ो लाड़ नहीं करते, इसलिए लाड़ला

**फूफा तो करेला और नीम चढ़ा होता है इसलिए उससे तो सब वैसे ही दूर भागते हैं, जैसे जुरसिक पार्क में डायनासोर क़ो देखकर भागते थे। वैसे भी हमारे देश में मुन्नी के बाद सबसे ज़्यादा बदनाम कोई है तो वो फूफा ही है, उसकी कोई सुनता नहीं है फिर भी फूं फां बहुत करता है, इसलिए वैज्ञानिकों ने उसका नाम ही फूफा रख दिया।**

समधी योजना की सख्त जरुरत है ताकि घर घर की कहानी ख़त्म हो सके। समधी को लाड़ला बनाईये, हर हफ़्ते उन्हें लाड़ली के घर जाने का संवैधानिक अधिकार दीजिये, उनका स्वागत सत्कार उसी तरह से करवाइये जैसे सरपंच साब पहली बार आपके घर आये हों। लेक़िन याद रहे कि हर बार पहली बार जैसा ही स्वागत सुनिश्चित किया जाए वरना यह भी याद रखें कि समधी भी किसी का फूफा है, जैसे सास भी कभी बहू थी वैसे ही समधी भी पहले फूफा था और फूफा क्या चीज है यह तो हम जानते ही हैं, पता है न? इसलिए समधी के अंदर से फूफा बाहर आये ऐसे काम ही न किये जाएँ, यदि ऐसा हुआ तो लक्ष्मी के अंदर से भी भवानी निकलने में देर नहीं लगेगी फिर भवन में रहना मुश्किल पड़ जाएगा। इसलिए सारी योजनाएं बंद करके लाड़ला समधी योजना शुरू की जाए, इसमें लाड़ली लक्ष्मी तो इनबिल्ड रहती ही है। यदि समधी खुश तो लाड़ली खुश और समधी नाराज तो रोग लाइलाज, इस सूत्र को वैसा ही ब्रह्म वाक्य समझें जैसे पुलिस वालों के लिए देशभक्ति जनसेवा। सिर्फ इतना ही नहीं लाड़ला समधी योजना के अंतर्गत समधी जी की आरती भी रोज घर घर गवाई जाए जैसे दफ्तर दफ्तर वन्दे मातरम गवाया जाता है। साधो,अब त्रेता युग नहीं है जिसमे समधी अपनी लाड़ली के घर खाना नहीं खाता था, अब कलजुग है कलजुग। अब या तो समधी खाना खायेगा नहीं तो लाड़ली जान खा जायेगी, ''नाऊ यू हैव टू डिसाइड व्हाट् यू प्रेफर''। देख लीजिये हमने अंग्रेजी भी बोल दी, अब भी आप नहीं समझें तो हमाई कोई गलती नइयाँ,हम जा से आगे कछु न के सकत। तो दद्दा याद रखो ''चाहो जो संकट से बचना,चलाओ लाड़ला समधी योजना''।

## सेहत मंत्र

# छोटा सा काजू वजन घटाने, आंखों और बालों की चमक बढ़ाने में है फायदेमंद

नट्स ने केवल आपके पाचन तंत्र के लिए अच्छे होते हैं बल्कि यह डाइटरी फाइबर के भी अच्छे स्त्रोत होते हैं। अगर आपको काजू खाना पसंद है तो यह जान लीजिए कि यह आपको वजन घटाने, त्वचा व बालों की देखभाल में मदद कर सकते हैं। डॉक्टर और पोषण विशेषज्ञ अक्सर लोगों को नट्स अपनी डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं। और जब बात काजू की आती है तो यह न केवल मिनरल बल्कि भारत में बहुत सी करी में प्रयोग किया जाता है। यह पूरे साल देश में उपलब्ध रहते हैं और इन्हें आसानी से स्टोर भी किया जा सकता है। काजू, दिवाली के वक्त स्नैक या गिफ्ट के रूप में दिया जाने वाला सबसे अच्छे उपहार भी है। लोग मानते हैं कि काजू एक ऐसा नट है, जो वजन बढ़ाने में मदद करता है लेकिन अपनी डाइट में काजू की एक सही मात्रा को शामिल करने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है क्योंकि यह फाइबर का एक अच्छा स्त्रोत है और यह आपको बालों को मजबूती भी देता है। अगर आप सोच रहे हैं कि काजू के सेवन से आपके शरीर को और क्या-क्या फायदे मिलते हैं तो हम आपको काजू के सेवन के ऐसे 4 फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके पूरे शरीर के लिए फायदेमंद है। प्रतिदिन और सीमित मात्रा में काजू का सेवन करने से रक्त रोगों को रोकने में मदद मिल सकती है। काजू , कॉपर से समृद्ध होता हैं, जो शरीर से मुक्त कणों को बाहर निकालने के लिए बहुत जरूरी है। कॉपर की कमी से एनीमिया जैसी आयरन की कमी की समस्या का कारण बन सकती है। इसलिए काजू को अपनी डेली डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है। प्रदूषण के कारण हमारी आंखों में विभिन्न प्रकार का संक्रमण हो सकता है। काजू एक शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट जेक्सैन्थिन से समृद्ध होता है, जिसे हमारा रेटिना सीधा अवशोषित करता है। यह हमारे रेटिना पर एक सुरक्षात्मक परत बना देता है, जो हानिकारक यूवी किरणों को रोकने का काम करता है।

## धर्म मंत्र

# गुवाहाटी में स्थित कामाख्या मंदिर है बेहद प्राचीन

कामाख्या मंदिर एक बेहद की पॉपुलर मंदिर है और गुवाहाटी के सबसे लोकप्रिय आकर्षणों में से एक है। इसकी गिनती भारत के प्रमुख मंदिरों में से एक है। देवी कामाख्या को समर्पित यह कामाख्या मंदिर 51 शक्ति पीठों में सबसे पुराने में से एक है। यह गुवाहाटी के पश्चिमी भाग में नीलाचल पहाड़ी पर स्थित है। यह मंदिर कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण है। यह मंदिर 8वीं शताब्दी का है और माना जाता है कि इसे 17वीं शताब्दी तक कई बार फिर से बनाया गया था। यह उन मंदिरों में से एक है जहां आज तक बलि के रूप का पालन किया जाता है। भक्त अक्सर देवी को चढ़ाने के लिए बकरे लेकर आते हैं। कालिका पुराण के अनुसार, कामाख्या मंदिर उस स्थान को दर्शाता है जहां शिव तांडव के बाद देवी सति की योनि (जननांग, गर्भ) गिर गई थी। यह चार प्राथमिक शक्ति पीठों में से एक है। इस मंदिर में देवी की योनि की मूर्ति का पूजन किया जाता है। इसे गुफा के एक कोने में रखा गया है। कामाख्या मंदिर में तंत्र पूजा का केंद्र माना जाता है। इस मंदिर में अंबुबाची मेले का वार्षिक उत्सव आयोजित किया जाता है, जिसमें हजारों तंत्र भक्त हिस्सा लेते हैं। इसके अलावा, एक और वार्षिक उत्सव मनाशा पूजा है। शरद ऋतु में नवरात्रि के दौरान कामाख्या में प्रतिवर्ष दुर्गा पूजा भी मनाई जाती है। यह पांच दिवसीय उत्सव कई हजार आगंतुकों को आकर्षित करता है।

## पर्यटन



# अक्टूबर के सुहावने मौसम में लें मज़ा, बेहद खूबसूरत नगरी महाबलीपुरम घूमने का

सातवीं शताब्दी में चीनी यात्री ह्वेनसांग ने पल्लवों की राजधानी कांचीपुरम का भ्रमण किया था। सैकड़ों साल बाद कल चीन के राष्ट्रपति शी चिनपिंग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनौपचारिक शिखर वार्ता के लिए पल्लवों की शिल्प-नगरी रहे और यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल मामल्लपुरम आ रहे हैं। महाबलीपुरम या मामल्लपुरम पल्लव शासन काल में प्रमुख समुद्री बंदरगाह था। वैसे तो पल्लवों की राजधानी कांचीपुरम हुआ करती थी, लेकिन महाबलीपुरम को पल्लव अपनी दूसरी राजधानी की तरह महत्व देते थे। इस जगह पर पल्लवों ने पांचवीं सदी से आठवीं सदी के बीच शासन किया था। पल्लव राजवंश दक्षिण भारत का एक बड़ा साम्राज्य था। उत्तरी तमिलनाडु से लेकर दक्षिणी आंध्र प्रदेश तक इस साम्राज्य का विस्तार था। अत्यंत वैभवशाली होने के नाते पल्लव साम्राज्य के विदेश से भी व्यापारिक संबंध थे। यहां से प्राप्त चीन और यूरोपीय देशों के तीसरी और चौथी सदी के सिक्कों से प्रमाणित होता है कि महाबलीपुरम उस समय एक बड़ा व्यापारिक केंद्र था। प्राप्त शिलालेखों के अनुसार, महाबलीपुरम के स्मारकों को पल्लव राजा महेंद्र वर्मन ने बनवाया, जिसे बाद में उनके पुत्र नरसिंह वर्मन ने 630-668 ई. के अपने शासनकाल के बीच और परिष्कृत किया। आगे चलकर उनके वंशजों द्वारा भी कई निर्माण कार्य करवाए गए। पल्लव साम्राज्य में कई कलाप्रेमी शासक हुए, जो ललित कला के संरक्षक थे। इनके साम्राज्य में ये कलाएं न सिर्फ फली-फूलीं, बल्कि इनको खूब संरक्षण भी मिला। आज अगर चीन के राष्ट्रपति हमारे प्रधानमंत्री के साथ अनौपचारिक शिखर वार्ता के लिए इस शहर में आ रहे हैं, तो इसमें हैरत नहीं होनी चाहिए, क्योंकि इसका चुनाव संभवतः इसीलिए किया गया है, क्योंकि प्राचीन काल में भी इस शहर का चीन के साथ रिश्ता था। जी हां, यह रिश्ता रक्षा और व्यापार से जुड़ा था, जिसकी गवाही देते हैं यहां पर मिलने वाले चीनी सिक्के, शिलालेख और प्राचीन लिपियां। चीन ने पल्लव वंश के राजाओं के साथ कई संधियां की थीं।

# चेयरमैन के प्रस्ताव और विधायक की संस्तुति पर शासन की मोहर, 2 करोड़ से होगा शीतला मंदिर का कायाकल्प

**विकास को लगातार मिल रही रफ्तार , दीनदयाल के बाद बंधन योजना में नगर पंचायत का हुआ चयन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़, बाराबंकी। प्रदेश सरकार द्वारा मंदिरों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण हेतु चलाई जा रही ॢबंधन योजनाङ्क के अंतर्गत नगर के ऐतिहासिक एवं श्रद्धा के प्रमुख केंद्र शीतला माता मंदिर का चयन किया गया है। इस योजना के तहत लगभग दो करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से मंदिर परिसर का कायाकल्प कराया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। जानकारी के अनुसार कस्बा स्थित ठाकुरद्वारा वार्ड में शीतला माता मंदिर लंबे समय से आस्था का केंद्र तो है, परंतु व्यवस्थाओं के अभाव में श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नवरात्र जैसे विशेष पर्वों पर यहां भारी जनसैलाब उमड़ता है, लेकिन पर्याप्त सुविधा न होने से भक्तों को असुविधा होती रही। नगर के औचक निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्री आलोक तिवारी ने मंदिर के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता महसूस की और तत्काल एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार करवाकर विधायक श्री दिनेश रावत की संस्तुति के साथ शासन को भेजा। प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए शासन ने इसे स्वीकृति प्रदान कर दी, जिसके बाद शीतला माता मंदिर को आधिकारिक रूप से बंधन योजना में शामिल कर लिया गया।

अब जो प्रमुख विकास कार्य होंगे, उनमें शामिल हैं उनमें श्रद्धालुओं के ठहराव हेतु आधुनिक यात्री हाल का निर्माण मंदिर परिसर में इंटरलॉकिंग मार्ग और आकर्षक टाइल्स बिछाने का कार्य बाउंड्रीवाल एवं मुख्य द्वार (गेट) का पुनर्निर्माण टीन शेड और बैठने के लिए बेंचों की सुविधा संपूर्ण परिसर का कलर एवं सौंदर्यीकरण कार्य साफ-सफाई एवं पेयजल जैसी सुविधाओं का उन्नयन इन समस्त कार्यों के पूर्ण होने के पश्चात शीतला माता मंदिर का स्वरूप आधुनिक धार्मिक पर्यटन स्थल जैसा विकसित हो जाएगा, जिससे न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी बल्कि नगर की पहचान भी प्रदेश स्तर पर मजबूत होगी। ॢनगर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

> नगरवासियों की आस्था का केंद्र शीतला माता मंदिर बंधन योजना में शामिल हो गया है, यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। मंदिर का कायाकल्प होकर एक आदर्श धार्मिक स्थल के रूप में विकसित होगा। इसके लिए मैं प्रदेश सरकार, कैबिनेट मंत्री माननीय ए.के. शर्मा जी एवं विधायक दिनेश रावत जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।
> **आलोक तिवारी,**
> **चेयरमैन नगर पंचायत हैदरगढ़**

# मंडलायुक्त व आईजी ने किया, देवा मेला अंचल का निरीक्षण, व्यवस्थाओं के संबंध में दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मण्डलायुक्त राजेश कुमार व पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने सोमवार को जनपद के देवा मेला परिसर का भ्रमण कर संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, पार्किंग, विद्युत सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त व आईजी ने कहा कि मेला क्षेत्र में विद्युत तारों व उपकरणों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। खाद्य सुरक्षा के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर सतर्क निगरानी रखी जाए और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, भीड़ प्रबंधन को प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जाए तथा पार्किंग स्थलों को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाए ताकि श्रद्धालुओं व आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और चिन्हित पार्किंग स्थलों पर सभी आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# पराली जलाने पर सख्त प्रशासन, पर्यावरण संरक्षण को लेकर किसानों से की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पराली एवं कृषि अवशेष जलाने पर रोक लगाने के संबंध में जारी शासनादेश के क्रम में क्षेत्रीय प्रशासन ने सख्ती अपनानी शुरू कर दी है। शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि पराली जलाने से न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है, बल्कि इसके लिए जिम्मेदार कृषकों पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम की धारा 24 के तहत आर्थिक दंड भी वसूला जाएगा।पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता कम होती है, वातावरण में कार्बन मोनोऑक्साइड, धुआं और सूक्ष्म कणों की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे सांस संबंधी बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ता है। जलवायु प्रदूषण के साथ-साथ इससे पशुधन एवं पक्षियों के प्राकृतिक आवास भी प्रभावित होते हैं। खेत की उपजाऊ परत जल जाने से अगली फसल की गुणवत्ता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है।उपजिलाधिकारी श्री राजेश विश्वकर्मा ने कृषकों से अपील करते हुए कहाॢक्षेत्र के सभी कृषक भाई ध्यान दें, पराली जलाना न केवल कानूनन गलत है, बल्कि यह प्रकृति के लिए भी घातक है। पराली जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है, मिट्टी की गुणवत्ता नष्ट होती है और मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। जिन किसानों के खेतों में कृषि अवशेष मौजूद हैं, वे उसे निकटतम गौ-आश्रय स्थल में भिजवाएं। गौशाला तक पराली पहुंचाने की व्यवस्था पशुपालन विभाग द्वारा निःशुल्क कराई जाएगी।ङ्कप्रशासन ने यह भी निर्देशित किया है कि फसल कटाई के दौरान कंबाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, स्ट्रॉ रीपर, स्ट्रॉ रेक एवं बेलर जैसी मशीनों का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाए, जिससे अवशेष खेत में न जमे और प्रदूषण का खतरा न रहे। पराली आग में जलाने के बजाय गो-आश्रयों को दें, खाद बनाएं या मशीनों से पुनर्चक्रण करें। यह न केवल पर्यावरण हितैषी कदम होगा बल्कि खेत की उर्वरता बनाए रखने में भी सहायक होगा।

> दंड की राशि इस प्रकार निर्धारित की गई है— 02 एकड़ से कम कृषि भूमि पर पराली जलाने पर — 2500
> 02 से 05 एकड़ तक के क्षेत्र पर — 5000
> 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र पर — 15000 तक पर्यावरण क्षतिपूर्ति

# मलेरिया, फाइलेरिया के जिम्मेदार डीएमओ की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। मलेरिया और फाईलेरिया विभाग के दुर्दिन उस समय से शुरू हो गए थे, जिस दिन बतौर जिला मलेरिया अधिकारी के तौर पर बंशीलाल यादव जनपद में आए थे और आज हालात बद से बदत्तर हो गए है। बंशीलाल यादव के बारे में बस इतना ही समझना काफी नही है कि वो बड़बोले है, बल्कि उनको जानने और बचाने वालो का भी कहना है कि किसी मजबूरी के तहत ऐसा करना पड़ता है, बाकी डीएमओ के कार्यों की जानकारी प्रशासन में हो जाए तो नौकरी पर संकट मड़रा सकते है। सूत्र बताते है कि पूर्व में रहे एक मुख्य चिकित्साधिकारी ने डीएमओ बंशीलाल यादव को झोलाछाप क्लीनिक की जांच व कार्यवाई की जिम्मेदारी सौपी थी, डीएमओ ने ऐसे हालात पैदा कर दिया था मानो इनको जिम्मेदारी नही बल्कि मालिकाना मिल गया हो, इनके कार्य व्यवहार को देखते हुए इनसे इन्ही के अधिनस्थों की छुट्टी देने का अधिकार ले लिया गया है, हाल ही में डीएमओ बंशीलाल यादव द्वारा एक वरिष्ठ सहायक पर यह कहते हुए आरोप लगा दिया की उक्त वरिष्ठ सहायक बी-फार्मा व डी-फार्मा के बच्चों को पीएचसी और सीएचसी पर ट्रेनिंग कराने के लिए हजारों रूपए लिए जाते है, जबकि पुख्ता सूत्रों से पता चला है कि जो कर्मचारी प्रतिदिन ड्यूटी पर आने में असमर्थ है उनसे आठ हजार रुपए तक प्रतिमाह वसूल कर रहे है, डीएमओ बंशीलाल यादव की यदि गंभीरता से जांच हो जाए तो बडा भ्रष्टाचार निकलकर आ सकता है। बंशीलाल यादव का सबसे बड़ा हथियार सूचना विभाग का जिला सूचना अधिकारी है, सूत्र बताते है कि दोनो एक ही बैच के होने के साथ स्वजातीय है, जिसके कारण डीएमओ के विरुद्ध लिखी जाने वाली खबरों की सूचना विभाग द्वारा कटिंग उच्चाधिकारी के साथ ही विभाग में प्रेषित नही की जाती। पूर्व में इस मामले के संबंध में सूचना अधिकारी डां.धीरेन्द्र यादव से वार्ता भी हुई बावजूद डीएमओ बंशीलाल यादव के विरूध लिखी गई खबरें उचित पटल पर नही पहुंची।

## प्रेमिका के लिए पत्नी व बच्चों को घर से भगाया

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पत्नी के होते हुए अन्य महिला से प्रेम में वशीभूत हो एक व्यक्ति ने दो बच्चों व पत्नी को घर से निकाल दिया। पीढ़ी दाने पुलिस को तहरीर दी है।बड्डूपुर थाना क्षेत्र के हसुवापारा गांव निवासी आरती पुत्री श्रीराम का विवाह मोहम्मदपुर खाला के कुशवेहरा गांव निवासी अनूप पुत्र रमेश के साथ हुआ था। विवाह में पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे।जिसको लेकर उसे आए दिन प्रताड़ित करते । वैवाहिक काल मे एक पुत्र व एक पुत्री को जन्म दिया। लेकिन ससुराल वालो के बरताव में कोई बदलाव नहीं आया।आरोप है कि इस बीच उसके पति का एक महिला से प्रेम सम्बन्ध हुआ।जिसके साथ वह अधिकांश समय व्यतीत करता हैं। आरती के साथ जोड़ लो बच्चों को भी प्रताड़ना शुरू हो गई।ससुराल वाले भी उसी का साथ देने लगे। आरोप है कि नौ सितंबर को ससुराल वालों ने आरती को मारपीट कर बच्चों सहित उसे घर से निकाल दिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सहायता केंद्र का किया अवलोकन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त व आईजी ने मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत स्थापित महिला सहायता केंद्र का भी अवलोकन किया तथा वहां उपस्थित महिलाओं से संवाद किया।बैठक में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मेला क्षेत्र में की गई प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी दी, वहीं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित बिंदुओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एडीएम (एफ.आर.) अरुण कुमार सिंह, एडीएम (न्यायिक) राजकुमार यादव, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) विकास चंद्र त्रिपाठी, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम रामनगर सुश्री गुंजिता अग्रवाल, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट तेजस के, एसडीएम सदर आनंद तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## ई रिक्शा पलटा, ग्रामीण की मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र में ई-रिक्शा पलटने से जख्मी व्यक्ति की मौत हुई। जानकारी के मुताबिक जानकारी के मुताबिक पोयनी मजरे बाजपुर निवासी चंदप्रकाश मिश्रा उर्फ पप्पू 45 वर्ष पुत्र रामसागर मिश्रा ई रिक्शा पर भिटरिया से सरिया लाद कर अपने घर आ रहे थे। तभी रास्ते में रिक्शा असंतुलीत हो कर पलट गया।जिससे श्री मिश्र गंभीर रूप से घायल हो गए। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान चंद्र प्रकाश की रात में मृत्यु हुई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा।

## दीपावली के दृष्टिगत पुलिस,फायर ब्रिगेड टीम अलर्ट

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। फायर ब्रिगेड टीम ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया। टीम ने सावधानीपूर्वक त्योहार मनाने की अपील करते हुए आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय बताए।सोमवार को सिरौलीगौसपुर फायर ब्रिगेड टीम के प्रभारी रामसनेही ने अपनी टीम के साथ टिकुरी, बदोसराय, धुसेडिया सहित कई गांवों में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों को पंपलेट वितरित किए गए, जिनमें आग से बचाव और आग लगने पर काबू पाने के तरीके छपे थे।प्रभारी रामसनेही ने मौखिक रूप से भी जानकारी देते हुए कहा कि त्योहारों के मौसम में आप लोग खुशियां मनाते हैं, दीये जलाते हैं और पटाखे छुड़ाते हैं। ऐसे में सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सलाह दी कि दीये ऐसी जगह जलाएं जहां कोई ज्वलनशील वस्तु न रखी हो।पटाखों को खुले मैदान में छुड़ाएं, जहां जलने वाली कोई वस्तु न हो। पटाखे छुड़ाते समय पानी और बालू साथ रखें, ताकि हल्की आग लगने पर तत्काल उस पर काबू पाया जा सके। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों द्वारा आतिशबाजी पर विशेष ध्यान देने की भी अपील किया।

## मौसम में अचानक बदलाव मरीजों की संख्या बढ़ी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मौसम के मिजाज से बदलाव से अस्पताल में मरीजों की भीड बढी है। सोमवार को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में सर्दी जुखाम बुखार से पीड़ित मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। 582 मरीजों ने अस्पताल की ओपीडी में पहुंच कर डॉक्टरों को दिखाया। डाक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर परामर्श और दवाएं दीं।अस्पताल में ज्यादातर मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार, श्वास और हड्डी रोग से पीड़ित थे। चिकित्सकों ने मरीजों को साफ पानी पीने और संचारी रोगों से बचाव के उपाय भी बताए।अधीक्षक डॉ. इकबाल, डॉ. गौरव नारायण, डॉ. अविनाश उपाध्याय, डॉ. तथीर फातिमा, डॉ. अजीत सिंह और डॉ. धीरेन्द्र पटेल सहित अन्य डॉक्टरों ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। पैथोलॉजी में 232 मरीजों के रक्त के नमूने लेकर जांच की गई। सीएमएस डॉ. ए.के. सिन्हा ने ओपीडी, दवा काउंटर और पर्चा काउंटर का दो बार निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से बातचीत भी की। डॉ. सिन्हा ने बताया कि मौसम बदलने के कारण मरीजों की संख्या बढ़ी है। अस्पताल में पर्याप्त दवाएं और डॉक्टर उपलब्ध हैं। मरीजों की जांच के साथ ही दवाएं दी जा रही हैं।

## बीआरसी मरौरी सहित परिषदीय विद्यालयों में विकसित भारत बिल्डथॉन कार्यक्रम का आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मरौरी बीआरसी सहित कंपोजित विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय सहित जनपद में विकसित भारत बिल्डथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।जिसमें परिषदीय विद्यालयों के छात्रों ने नवाचार और रचनात्मकता कार्यों को प्रदर्शित किया। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि यह आयोजन भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया है। ताकि छात्रों को आत्मनिर्भर, स्वदेशी और समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता,नवाचार और समस्या-समाधान की भावना को बढ़ावा देना और उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करना। प्रदेश के लाखों बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया हैं। छात्र ''आत्मनिर्भर भारत'', ''स्वदेशी'', ''वोकल फॉर लोकल'' और ''समृद्ध भारत'' जैसे चार प्रमुख विषयों पर काम किया है। बच्चों ने कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा है।

# जागृति उद्यमिता उद्देश्य की युवाओं को दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। कंपोजिट विद्यालय पंजरौली में 'विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत जैसे प्रमुख विषयों पर आधारित आइडिया और प्रोटोटाइप विकसित करने की अपेक्षा । सोमवार को विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षक प्रेमनाथ, चंदन शुक्ला, आशीष, चंद्रभूषण और एआरपी श्याम जी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

छात्रों को विशेष रूप से आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत के सिद्धांतों पर केंद्रित होकर नए विचार और प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।एआरपी श्याम जी ने आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने जागृति यात्रा और जागृति उद्यमिता संस्थान के बारे में भी जानकारी दी, जिसका उद्देश्य युवाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है।

# राम रावण युद्ध देखने उमड़ी भीड़



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। श्रीलोधेश्वर महादेवा धाम में सोमवार शाम दशहरा पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवयुवक रामलीला समिति द्वारा रावण बाग में श्रीराम और रावण के युद्ध का शानदार मंचन देखने हजारों की भीड़ उमड़ी।आकर्षण का केंद्र रहा जब श्रीराम और लक्ष्मण ट्रैक्टर पर सवार होकर रावण से युद्ध करते नजर आए।युद्ध के अंत में श्रीराम ने रावण के विशाल पुतले का दहन किया जिससे जय श्री राम के नारों से पूरा मैदान गूंज उठा।मेले में बच्चों महिलाओं और बुजुर्गों ने खरीदारी व झूलों का आनंद लिया।

# स्वयंसेवकों का नगर में पद संचलन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। स्थानीय नगर पंचायत स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बैठक कर संघ शताब्दी वर्ष मनाया, इसके बाद नगर में पैदल मार्च किया।जिसमें महंत अनिलपुरी, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, बृजेश रावत, अमरीश रावत ,विनय मिश्रा रामप्रसाद वर्मा , बृजेश कुमार सिंह, सत्यनाम सिंह वर्मा गुड्डू ,शिवमंगल, लल्लू रावत, मनोज ,राजकुमार, आदि शामिल रहे। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर असंद्रा थानाध्यक्ष आलोकमणि त्रिपाठी,सिद्धौर चौकी प्रभारी रामप्रकाश मिश्रा,दीवान अंजनी तिवारी, समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# बरातियों की एक सनक बैरंग लौटी बारात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। डीजे की सनक दहेज का लालच सामाजिक संवेदनहीनता ने दुल्हन की डोली नही उठने दी।

बारात आने से पहले चचेरे भाई की हुई मौत से गमगीन महौल मे डीजे बजाने की जिद पर अड़े बाराती बिना दुल्हन बारात वापस लेकर चले गये दुल्हन के पिता ने पुलिस मे तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है।

बताते चले कि पूर्व से तय शादी की तारीख के मुताबिक रविवार की देर शाम बदोसराय थाना क्षेत्र के ग्राम तूलीपुर निवासी राजू के पुत्र सुरज की बारात धूमधाम डीजे की धुन पर थाना क्षेत्र के ग्राम ज्योरी निवासी राजेश के यहां आयी थी द्वारचार के बाद बारातियों द्वारा डीजे पर फरमाइशी गाने बजाने पर दुल्हन पूजा के पिता राजेश ने बारातियों से गुहार लगायी कि आज ही परिवार मे एक जवान लड़के की मौत हो गयी इसलिए डीजे न बजाओ लेकिन नशे मे धुत बाराती नही माने और डीजे बजाने को लेकर वाद विवाद होने लगा जिसपर बाराती बिना शादी के दहेज की मांग पर अड गये और बिना दुल्हन बारात वापस लेकर चले गये।

( 5 दिन पूर्व दादी एव शादी के दिन चचेरे भाई की मौत से गमगीन था दुल्हन का परिवार)

5 दिन पूर्व दुल्हन पूजा की 50 वर्षीय दादी प्रेमा की बीमारी के चलते मृत्यु हो गयी थी परिवार के मुखिया राजेश की माता की मौत से परिवार गमगीन था शादी के दिन 15 वर्षीय चचेरे भाई की मौत से परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट गया था लेकिन पूर्व से तय शादी के अनुसार बारात आयी द्वारचार के बाद भी तेज आवाज मे बज रहे डीजे को बंद करने के लिए लड़की के पिता राजेश ने मिन्नत की जिसपर बाराती नही माने और दहेज मे 50 हजार की नगदी व सोने की चेन मागने लगे जिस पर घराती एव बारातियों के बींच विवाद होने लगा और बराती बिना दुल्हन के बारात वापस लेकर चले गये। सोमवार की देर शाम दुल्हन के पिता ने थाने मे तहरीर दी है।

# रणजी ट्रॉफी के पहले दो मैचों के लिए बिहार की टीम घोषित, वैभव सूर्यवंशी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

पटना (बिहार)। बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) ने रविवार को रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के पहले दो मैचों के लिए वरिष्ठ टीम की घोषणा कर दी। चयन समिति की बैठक के बाद 14 सदस्यीय टीम को अंतिम रूप दिया गया। टीम की कमान साकिबुल गनी को सौंपी गई है, जबकि वैभव सूर्यवंशी उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। बिहार क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हर्षवर्धन ने कहा, यह टीम अनुभव और युवा जोश का शानदार मिश्रण है। हमें विश्वास है कि यह टीम रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करेगी। वैभव ने हाल के दिनों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और यह बिहार में क्रिकेट प्रतिभा की गहराई को दर्शाता है। हमें भरोसा है कि यह टीम इस सीजन में मजबूत दावेदारी पेश करेगी। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे अंडर-19 वनडे में वैभव सूर्यवंशी ने मात्र 52 गेंदों में तूफानी शतक जमाया था। तब ही बीसीए अध्यक्ष ने कहा था कि यह युवा बल्लेबाज भविष्य में कई रिकॉर्ड तोड़ेगा।

## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

**दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

### उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 15.11.25 तक |
| 02251 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 16.11.25 तक |
| 02253 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 17.11.25 तक |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.11.25 तक |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर जं. | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जं. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जं. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर जं. | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुलतानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुलतानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छः दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे जं. | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे जं. | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.25 तक |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 17.11.25 तक |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.25 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 30.11.25 तक |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 01.12.25 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.25 तक |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 26.12.25 तक |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 27.12.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं. | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं. | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं. | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं. | 14:50 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:35 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 15.10.25 से 02.11.25 |
| 04124 | हज़रत निजामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | | वीरवार, सोमवार | 16.10.25 से 03.11.25 |
| 09003 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | शकूर बस्ती | 08:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 15.10.25 से 31.10.25 |
| 09004 | शकूर बस्ती | 10:15 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | | | 16.10.25 से 01.11.25 |
| 09425 | साबरमती जं. | 08:50 | हरिद्वार जं. | 05:30 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 15.10.25 से 29.11.25 |
| 09426 | हरिद्वार जं. | 21:40 | साबरमती जं. | 21:30 | | वीरवार, रविवार | 16.10.25 से 30.11.25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# मुख्यमंत्री बनर्जी का दुष्कर्म पीड़िता पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्णः बांसुरी स्वराज

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि बंगाल की महिलाएं असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का दुष्कर्म पीड़िता पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि पश्चिम बंगाल के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में दलित छात्रा के साथ गैंगरेप की वारदात हुई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से अपेक्षा है कि उनके राज्य की महिलाएं निर्भीक और सुरक्षित हों, लेकिन ममता बनर्जी इस गैंगरेप को जस्टिफाई करती हैं और कहती हैं कि महिलाओं को देररात बाहर नहीं निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2012 में पार्क स्ट्रीट में एक दुष्कर्म मामला सामने आया था। तब



मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा था कि ये एक झूठी घटना है। यानी पीड़िता ने घटना को फैब्रिकेट किया है। हासखली में एक नाबालिग के साथ गैंगरेप होता है, तब ममता बनर्जी कहती हैं कि यह एक प्रेम प्रसंग का मामला है जो गलत हो गया है। वर्ष 2013 में कमदुनी में एक दुष्कर्म हुआ, इस पर ममता बनर्जी ने इसे सीपीआईएम समर्थकों का षड्यंत्र बताया। इसके बाद संदेशखाली की महिलाओं के साथ टीएमसी के नेताओं द्वारा दुष्कर्म किया गया, इस पर ममता बनर्जी ने कहा कि कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने ममता बनर्जी से पूछा कि आप लोग मां-माटी-मानुष का नारा लगाते हैं, आपके इस संवेदनहीन, कुशासन और दकियानूसी सोच के कारण मां शर्मिंदा है, माटी लहूलुहान है और मानुष बेहाल है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा के साथ दुष्कर्म के मामले पर मुख्यमंत्री बनर्जी के बयान ने विवाद खड़ा कर दिया। ममता ने सवाल उठाया कि छात्रा आधी रात को हॉस्टल से बाहर क्यों थी। ममता ने छात्राओं को देर रात बाहर न निकलने की सलाह दी थी।

# भारत का अब तक का सबसे बड़ा लाइव स्कूल इनोवेशन चैलेंज, तीन लाख से अधिक स्कूलों ने लिया हिस्सा

एजेंसी

नई दिल्ली । शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में आज देशभर के तीन लाख से अधिक स्कूलों ने एक साथ भाग लेकर इतिहास रच दिया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में ्र्रविकसित भारत बिल्डाथॉन- 2025ङ्क का शुभारंभ किया, जो अब तक का भारत का सबसे बड़ा लाइव स्कूल इनोवेशन हैकाथॉन है। उद्घाटन सत्र के दौरान उन्होंने ओडिशा के खुर्दा स्थित पीएम गवर्नमेंट हाई स्कूल के छात्रों से संवाद किया। इस अवसर पर प्रधान ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड और पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नं. 2, दिल्ली छावनी का दौरा किया, जहां उन्होंने छात्रों द्वारा बनाए गए विभिन्न नवाचार प्रोजेक्ट देखे और उनके विचारों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासु बने रहने और अपनी रचनात्मकता को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। प्रधान ने देशभर के छात्रों और स्कूलों को इस विशाल नवाचार पहल में उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यहां से उपजे विचार भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिए नए समाधान और मॉडल तैयार करने में मदद करेंगे। मंत्री ने कहा कि विकसित और समृद्ध भारत हमारे होनहार विद्यार्थियों के कंधों पर खड़ा होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को दोहराते हुए छात्रों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

शिक्षा सचिव संजय कुमार ने अपने संबोधन में देशभर के विद्यार्थियों की सहभागिता और नवाचार भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व आंदोलन छात्रों की सीखने की क्षमता को निखारेगा और उनमें नवाचार का दृष्टिकोण मजबूत करेगा। उन्होंने शिक्षा मंत्री का मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया। अटल इनोवेशन मिशन के मिशन निदेशक दीपक बगला ने कहा कि विकसित भारत बिल्डाथॉन नवाचार को एक जनांदोलन में बदल देगा, जो देश के सुदूर गांवों से लेकर महानगरों तक के स्कूलों को जोड़ता है।

उद्घाटन सत्र के बाद 120 मिनट का लाइव इनोवेशन चैलेंज आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के एक करोड़ से अधिक छात्रों ने एक साथ भाग लिया। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र तीन से पांच सदस्यीय टीमों में ्र्रआत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्धिङ्क विषयों पर विचार प्रस्तुत करते हुए प्रोटोटाइप तैयार किए। कार्यक्रम की खास विशेषता ्र्रस्कूल स्पॉटलाइट्सङ्क रही, जिसमें देश के 150 से अधिक दूरस्थ, आकांक्षी, पहाड़ी और सीमावर्ती क्षेत्रों के स्कूलों को सीधा जोड़ा गया। देशभर के 3 लाख से अधिक स्कूलों ने विकसित भारत बिल्डाथॉन में हिस्सा लिया। इनमें उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक 78,206 स्कूलों के साथ भागीदारी की। इसके बाद महाराष्ट्र 41,198, मध्य प्रदेश 18,129, गुजरात 20,017, तमिलनाडु 16,370, बिहार 15,732, ओडिशा 12,344, हरियाणा 11,567, और कर्नाटक 10,248 स्कूलों के साथ प्रमुख राज्य रहे। असम से 15,656, झारखंड से 9,779, छत्तीसगढ़ से 8,363, जबकि राजस्थान से 6,310 स्कूलों ने भाग लिया।

अन्य राज्यों में पंजाब (5,725), हिमाचल प्रदेश (4,575), दिल्ली (4,033), आंध्र प्रदेश (3,980), उत्तराखंड (2,473), तेलंगाना (2,724) और त्रिपुरा (2,299) शामिल रहे। पूर्वोत्तर राज्यों में मणिपुर (896), नागालैंड (926), मिजोरम (835), मेघालय (544) और अरुणाचल प्रदेश (206) स्कूल शामिल हुए। केंद्रशासित प्रदेशों में जम्मू-कश्मीर (4,754), लद्दाख (358), चंडीगढ़ (269), दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव (235), पुडुचेरी (149), अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह (171) और लक्षद्वीप के 9 स्कूलों ने इस ऐतिहासिक पहल में भाग लेकर देश के शैक्षिक नवाचार आंदोलन में योगदान दिया।

# युवा कांग्रेस में पांच नए सचिव, एक संयुक्त सचिव सहित छह की अतिरिक्त नियुक्ति

एजेंसी

नई दिल्ली। युवा कांग्रेस में पांच नए सचिव और एक संयुक्त सचिव सहित कुल छह लोगों की अतिरिक्त नियुक्ति की गई है। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को एक बयान में दी।



नियुक्त किए गए सचिवों में अबिन वर्की कोडियाट्टू, अभिजीत केएम, डॉ. महिपाल गढ़वी, सदफ खान और लिली श्रीवास शामिल हैं। साथ ही करण चौरासिया को संयुक्त सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। पार्टी के मुताबकि ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो गईं।

# कोर्ट के फैसले पर तेजस्वी बोले- हम भाजपा से लड़ेंगे, रविशंकर ने पूछा- ऐसे कैसे बदलेंगे बिहार

नई दिल्ली। बिहार चुनाव के बीच आईआरसीटीसी घोटाले में दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट के आदेश को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बिहार चुनाव से पहले पार्टी पर हमला बताया है। इस पर पूर्व केंद्रीय विधि मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने तेजस्वी से पूछा कि वह बिहार बदलने का वादा करते हैं, लेकिन आईपीसी की धारा 420 उन पर लगी है। उसके साथ वह कैसे बिहार बदलेंगे?तेजस्वी ने यहां पत्रकारों से कहा कि हम तो पहले ही कई दिनों से कह रहे थे कि अब चुनाव आया है तो इस तरह की चीजें होंगी। हम मुकदमे का सामना करेंगे। तूफानों से लड़ने में मजा ही कुछ और है। हमने हमेशा संघर्ष के पथ को चुना है। हम अच्छे मुसाफिर भी बनेंगे और मंजिल पर भी पहुंचेंगे। बिहार की जनता समझदार है। वह सब जानती है कि क्या हो रहा है। जिस व्यक्ति (लालू यादव) ने 90 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा रेलवे को दिया, हर बजट में किराया कम किया, ऐतिहासिक रेल मंत्री के रूप में जाने गए, तो बिहार के लोग जानते हैं, देश के लोग जानते हैं कि सच्चाई क्या है। जब तक भाजपा रहेगी और मेरी उम्र रहेगी, हम भाजपा से लड़ते रहेंगे।वहीं, भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने पत्रकार वार्ता में कहा कि आज अदालत ने राजद प्रमुख लालू यादव, उनके बेटे तेजस्वी यादव, उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। आरोप गंभीर हैं। सरकारी संपत्तियों के आवंटन में भ्रष्टाचार, षडयंत्र, बेईमानी, और इसमें 420 भी शामिल है। इसका मतलब है कि तेजस्वी यादव एक सक्षम अदालत द्वारा अपने खिलाफ तय किए गए 420 के आरोप के साथ बिहार को बदलने के लिए तैयार हैं। अगर उनकी यही छवि है और अदालत ने उन पर ये आरोप तय कर दिए हैं, तो वे कैसा बिहार बनाएंगे?मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कुशासन, करप्शन और क्राइम का जो कुनबा है वह एक बार फिर कानून के हत्थे चढ़ा है। ये पूरा कुनबा गठबंधन करके राज्य में फिर से कुशासन लाने का सोच रहा हो तो उस पर जनता तो अपना फैसला सुनाएगी ही, कानून भी अपना काम कर रहा है।भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि भ्रष्टाचार का यह सिलसिला बताता है कि सत्ता और अवसर जब लालू परिवार के हाथ में हों, तो गरीबों की जमीन से लेकर सरकारी संस्थान तक, कोई सुरक्षित नहीं रहता।भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि यह एक पुराना मामला है और यह चौंकाने वाला है कि राजद नेताओं ने नौकरी के बदले ज़मीन ली। नौकरी के बदले ज़मीन मांगना भ्रष्टाचार का एक अनोखा रूप है। अगर आरोप साबित होते हैं तो यह बड़ी खबर होगी। उन्हें अपनी बेगुनाही बताने के लिए काफी समय मिला। फिर भी आरोप तय करने के लिए केस चलेगा।कांग्रेस नेता शकील अहमद खान ने कहा कि इसका बिहार चुनावों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हम 100 फीसदी तेजस्वी यादव के साथ हैं।उल्लेखनीय है कि आईआरसीटीसी घोटाले में लालू, राबड़ी और तेजस्वी को राउज एवेन्यू कोर्ट ने आरोप तय करने के आदेश दिए। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह साबित होता है कि लालू के रेल मंत्री रहने के दौरान हुए सौदे में उनके परिवार को सीधा लाभ मिला। लालू पर आईपीसी की धारा 420, 120बी के साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) व 13(1)(डी) के तहत आरोप तय किए गए हैं। जबकि राबड़ी और तेजस्वी पर आईपीसी की धारा 120बी और 420 के

# पेज एक का शेष

## मुख्यमंत्री ..

निवेश अब नीतिगत प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि 'ग्राउंड लेवल डिलीवरी' का उदाहरण बन चुका है। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल 3.0 के माध्यम से आवेदन, स्वीकृति और प्रोत्साहन की प्रक्रिया को और सरल किया जा रहा है, जिससे 30 फीसदी तक प्रक्रिया समय और 50फीसदी तक दस्तावेजी औपचारिकताओं में कमी आएगी। पोर्टल में सिंगल साइन-ऑन, डायनेमिक एप्लीकेशन सिस्टम, एआई आधारित चैटबॉट, थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन और डिजिटल मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएँ शामिल की जा रही हैं, जो निवेशकों के अनुभव को और अधिक सुगम बनाएंगी।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों को निर्देश दिया कि वे मासिक लक्ष्य निर्धारित करें और स्वीकृत परियोजनाओं की 'लेटर्स ऑफ कम्फर्ट' जारी करने की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी करें। उन्होंने कहा कि नीति के अनुरूप देय इंसेंटिव बिना किसी बाधा के समय पर वितरित किए जाएँ तथा इंडस्ट्रियल बिल्डिंग बायलॉज को और अधिक व्यावहारिक एवं निवेशक हितैषी बनाया जाए।

बैठक में यह भी बताया गया कि फोकस कंट्री डेस्क के माध्यम से जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, रूस, ताइवान, सिंगापुर और खाड़ी देशों के निवेशकों से सक्रिय संवाद स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वैश्विक मंचों पर उत्तर प्रदेश की औद्योगिक छवि को और सुदृढ़ किया जाए तथा प्रत्येक कंट्री डेस्क ठोस निवेश परिणामों पर कार्य करे। मुख्यमंत्री ने यूपीडा, यूपीसीडा, बीडा और अन्य औद्योगिक प्राधिकरणों को ऑटोमोबाइल, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और लेदर जैसे क्षेत्रों में क्लस्टर आधारित औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान देने को कहा।

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि 'चाइना प्लस वन' रणनीति के तहत उत्तर प्रदेश अब बहुराष्ट्रीय कंपनियों का पसंदीदा निवेश केंद्र बन रहा है। वर्तमान में 219 कंपनियाँ निवेश प्रक्रिया के सक्रिय चरण में हैं, जिनमें कई जापान, कोरिया और ताइवान की अग्रणी कंपनियां हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन प्रस्तावों की सतत मॉनिटरिंग की जाए और सभी विभाग इन अवसरों को मूर्त रूप देने के लिए समन्वित ढंग से कार्य करें।

बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के पास 25,000 एकड़ से अधिक ग्रीनफील्ड भूमि तथा 6,300 एकड़ से अधिक रेडी-टू-मूव भूमि निवेश के लिए उपलब्ध है। लगभग 33,000 से अधिक औद्योगिक भूखंडों का सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि अधिग्रहण के मामलों में किसानों व व्यापारियों से सीधा संवाद किया जाए और उन्हें उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सर्किल रेट की असमानताओं को समाप्त करने और अप्रयुक्त औद्योगिक भूखंडों को निर्धारित समय सीमा के बाद निरस्त कर नए निवेशकों को आवंटित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने 'सेफ सिटी' की तर्ज पर 'सेफ इंडस्ट्री' की परिकल्पना रखी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए, सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम हों, ताकि निवेशक और उद्यमी निश्चिंत होकर कार्य कर सकें। उन्होंने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अधीन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को और सुदृढ़ करने पर बल दिया। साथ ही निर्देश दिया कि मंडलायुक्त और जिलाधिकारी नियमित रूप से निवेशकों/उद्यमियों से संवाद करें, उनकी अपेक्षाओं और समस्याओं का यथोचित समाधान सुनिश्चित करें तथा आवश्यकतानुसार शासन को अवगत कराएं।

बैठक में औद्योगिक विकास, निवेश एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान, औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी और इन्वेस्ट यूपी के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जन सुराज...

बलरामपुर असहाब आलम 25 कटिहार 67 मनिहारी (एसटी) बब्लू सोरेन 26 कटिहार 69 कोरहा (एससी) निर्मल कुमार राज 27 मधेपुरा 72 सिंहेश्वर (अजा) प्रमोद कुमार राम 28 मधेपुरा 73 मधेपुरा शशि कुमार यादव 29 सहरसा 74 सोनबर्षा (एससी) सत्येन्द्र हाजरा 30 दरभंगा 78 कुशेश्वर आस्थान(एससी) शत्रुधन पासवान 31. दरभंगा 79 गौरा बौराम डॉ. इफ्तकार आलम 32. दरभंगा 85 बहादुरपुर आमिर हैदर 33. सिवान 110 बड़हरिया डॉ. शहनवाज 34. सिवान 111 गोरियाकोठी एजाज अहमद सिद्दीकी 35. सारण 116 तरैया सत्येंद्र कुमार साहनी 36. वैशाली 127 राजा पकड़ (अनुसूचित जाति) मुकेश कुमार राम 37. वैशाली 129 महनार डॉ. राजेश चौरसिया 38. वैशाली 130 पटेढ़ी (अनुसूचित जाति) दशई चौधरी 39. समस्तीपुर 132 वारिसनगर सत्य नारायण उर्फ प्रदीप साहनी 40. समस्तीपुर 134 उजियारपुर दुर्गा प्रसाद सिंह 41. समस्तीपुर 139 रोसड़ा (अनुसूचित जाति) रोहित पासवान 42. समस्तीपुर 140 हसनपुर इंदु गुप्ता 43. बेगूसराय 141 चेरिया बरियारपुर डॉ. मृत्युंजय 44. बेगूसराय 147 बखरी (अनुसूचित जाति) डॉ. संजय कुमार पासवान 45. खगड़िया 148 अलौली (अनुसूचित जाति) अभिषंक कुमार 46. भागलपुर 155 कहलगांव मंजर आलम 47. भागलपुर 156 भागलपुर अभय कांत झा 48. मुंगेर 164 तारापुर डॉ. संतोष सिंह 49. मुंगेर 166 जमालपुर लल्लन जी यादव 50. लखीसराय 167 सूर्यगढ़ा अमित सागर 51. नालंदा 174 इस्लामपुर तनुजा कुमारी 52. नालंदा 177 हरनौत कमलेश पासवान 53. पटना - बाढ़ 180 बख्तियारपुर बंलमिकी सिंह 54. पटना - ग्रामीण 188 फुलवारी (अनुसूचित जाति) प्रो. शशिकांत प्रसाद 55. पटना - ग्रामीण 189 मसौढ़ी (अनुसूचित जाति) राजेश्वर मांझी 56. भोजपुर 192 संदेश राजीव रंजन सिंह 57. बक्सर 200 बक्सर तथागत हर्षवर्धन 58. बक्सर 201 डुमरांव शिवांग विजय सिंह 59. बक्सर 202 राजपुर (अनुसूचित जाति) धनंजय पासवान 60. कैमूर (भभुआ) 206 चैनपुर हेमंत चौबे 61. रोहतास 211 नोखा डीएसपी-नस्रुल्लाह खान 62. औरंगाबाद 222 कुटुम्बा (अनुसूचित जाति) श्याम बली राम उर्फ महाबली पासवान 63. गया 228 बराचट्टी (अनुसूचित जाति) इर. हेमंत पासवान 64. गया 231 टिकारी डॉ. शशि यादव65. गया 234 वजीरगंज संतोष कुमार। उल्लेखनीय है कि पहली सूची में जनसुराज ने 51 उम्मीदवारों का नाम घोषित किया था। दूसरी सूची में आज 65 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। इस तरह से जनसुराज के अबतक कुल 116 उम्मीदवारों के नाम का एलान हो चुका है।

## सिख...

के कार्यकर्ता ही थे जिन्होंने पीड़ित परिवारों के घावों पर मरहम लगाया।

उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर राहुल गांधी और सोनिया गांधी क्यों 1984 के सिख नरसंहार की विधवाओं की पीड़ा को लगातार नज़रअंदाज़ करते रहे।

चुग ने कहा कि हजारों सिख परिवारों के ज़ख्म आज भी हरे हैं क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा पीड़ितों की बजाय हत्यारों का साथ दिया।

चुग ने पंजाब कांग्रेस नेताओं चरणजीत सिंह चन्नी, प्रताप सिंह बाजवा और अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग से सीधा सवाल किया की ्र्रक्या वे उन सिख परिवारों के साथ खड़े हैं जिन्होंने अपनों को खोया, या उस कंग्रेस पार्टी के साथ खड़े हैं जिसने यह नरसंहार रचा और अपराधियों को बचाया

उल्लेखनीय है कि कंग्रेस नेता और पूर्व मंत्री पी चिदंबरम यह टिप्पणी हिमाचल प्रदेश के कसौली में आयोजित खुशवंत सिंह लिटरेरी फ़ेस्टिवल 2025 के दौरान की। वे पत्रकार हरिंदर बावेजा की किताब 'दे विल शूट यू, मैडम' पर एक चर्चा का संचालन कर रहे थे। इसी चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलत तरीका था और इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। चिदंबरम ने यह भी कहा कि यह निर्णय अकेले इंदिरा गांधी का नहीं था, बल्कि सेना, पुलिस, खुफिया एजेंसियों और प्रशासन का सामूहिक फैसला था। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी को पूरी तरह दोष देना सही नहीं है।

## भारत...

मंगोलिया के राष्ट्राध्यक्ष के रूप में राष्ट्रपति खुरेलसुख की यह पहली भारत यात्रा है। यात्रा के दौरान वे राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे और उनके सम्मान में भोज का आयोजन किया जाएगा। कल राष्ट्रपति खुरेलसुख प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करेंगे।

उल्लेखनीय है कि भारत और मंगोलिया के बीच राजनयिक संबंध 1955 में स्थापित हुए थे। पिछले सात दशकों में दोनों देशों ने साझा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित एक घनिष्ठ और बहुआयामी साझेदारी विकसित की है। यह साझेदारी रक्षा और सुरक्षा, संसदीय आदान-प्रदान, विकास साझेदारी, ऊर्जा, खनन, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सांस्कृतिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में फैली हुई है।

## रामलीला...

अधिवेशन आयोजित करने का फैसला लिया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी धार्मिक सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर रणनीति बनाने पर भी विचार किया गया है। इसके अलावा राज्य स्तर पर भी बड़े-बड़े सम्मेलन और बैठक आयोजित करने का भी फैसला लिया गया है। बैठक में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दी के अलावा उपाध्यक्ष मौलाना उबैदुल्ला खान आजमी, मौलाना असगर अली इमाम सल्फी मेहंदी, सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी, यासीन अली उस्मानी, कोषाध्यक्ष प्रो. रियाज उमर आदि ने भाग लिया।

अफगानिस्तान...

किसी भी प्रकार के बाहरी खतरे का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं।

अंत में उन्होंने कहा कि ्र्रअफगानिस्तान की स्थिरता पूरे क्षेत्र की स्थिरता के लिए आवश्यक है, और जो भी तत्व इसके खिलाफ काम करेंगे, उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

## 9300 करोड़...

के 1108.57 करोड़ के 57 कार्य खारा पानी एक्वाकल्चर प्रयोगशाला चूरू के 1.40 करोड़ के कार्य बीमा भवन उपपंजीयक एवं उप महानिरीक्षक कार्यालय जयपुर के भवनों का निर्माण 179.69 करोड़ रुपए के तीन कार्य अभीम योजना के तहत ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिटों के भवन निर्माण के 615.81 करोड़ के 12 कार्य 15वां वित्त आयोग के तहत उप स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण के 723.10 करोड़ के 21 कार्यए एनआरएचएम के तहत ड्रग वेयर हाउस एवं लैक्टेशन मैनेजमेन्ट युनिट चित्तौड़गढ़ के भवनों के 158.60 करोड़ के दो कार्य शामिल हैं।

इसी तरह वन स्टॉप सेन्टर भवनों के 73.62 करोड़ के दो कार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोपालगढ़ जोधपुर के भवन निर्माण के 667.65 करोड़ के कार्य डाइट राजकीय माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों के भवनों के निर्माण के 25.40 करोड़ के 9 कार्य राजकीय आयुर्वेद औषधालयों के भवनों के निर्माण के 350.00 करोड़ के 12 कार्य राजकीय होम्योपैथिक औषधालय भवनों के निर्माण के 32.44 करोड़ के 2 कार्य जल जीवन मिशन के तहत पेयजल परियोजनाओं के 236.75 करोड़ के 3 कार्य स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत कोटा शहर के इन्द्र विहार एवं राजीव गांधी नगर की जलवितरण प्रणाली के सुदृढीकरण के 12.55 करोड़ के कार्य लव कुश वाटिका जोरमा उदयपुर के 136.96 करोड़ रुपए के कार्य सिन्थेटिक एथलेटिक ट्रेक के निर्माण के 38.83 करोड़ के चार कार्य शामिल हैं।

अकादमी भवन इन्डोर हॉल एवं जिम हॉल भवन निर्माण के 23.00 करोड़ के 6 कार्य मिनी एवं इंडोर स्टेडियम के निर्माण के 9.00 करोड़ के 2 कार्य सेक्टर.22 प्रताप नगर आवासीय योजना जयपुर में मध्यम आय वर्ग.अ समृद्धि अपार्टमेन्ट प्रथम एवं द्वितीय के निर्माण के 25.21 करोड़ के 3 कार्यए लघुवन उपज प्रशिक्षण केंद्र उदयपुर एवं राजकीय जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास बिलिया बडगामा सागवाडा के भवन निर्माण के 4.55 करोड़ के 2 कार्य देवनारायण योजना के तहत आवासीय विद्यालय एवं छात्रावासों के भवनों के निर्माण के 22.49 करोड़ के 3 कार्यए नर्सिंग कॉलेज बूंदी के भवन निर्माण के 18.63 करोड़ रुपए के कार्य अल्पसंख्यक बालकध्बालिका छात्रावासों के भवन निर्माण के 14.35 करोड़ के 6 कार्यों का लोकार्पण किया गया।

अल्पसंख्यक बालकध्बालिका आवासीय विद्यालयों के भवन निर्माण के 7162 करोड़ के 5 कार्यए कॉमन सर्विस सेंटर के भवन निर्माण के 3.68 करोड़ के दो कार्यए राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय टपूकड़ा के नवीन भवन के 28.50 करोड़ रू. के कार्यए पंचायत समिति ग्राम पंचायत कार्यालय अंबेडकर भवन सामुदायिक केन्द्र एवं नाली निर्माण के 2.86 करोड़ के 5 कार्यए बायोगैस प्लांट स्थापना गौशाला उदयपुर एवं पाली के 81 लाख के 2 कार्य विद्यालय भवनोंए कक्षा कक्षों पुस्ताकलयों प्रयोगशाला एवं विविध निर्माण के 8.54 करोड़ के 19 कार्य डूंगरपुर में नवीन जिला कारागृह के निर्माण के 13.47 करोड़ के कार्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय वृत्ताधिकारी कार्यालय पुलिस थाना एवं पुलिस चौकी निर्माण के 7.82 करोड़ के 7 कार्य एनिकट निर्माण एवं मरम्मत के 26.96 करोड़ के 4 कार्य कमांड क्षेत्र में पक्के जलमार्ग का निर्माण एवं अर्थूना डिस्ट्रीब्यूटरी और इसकी प्रणालियों का पुनर्वास और नवीनीकरण के 73.99 करोड़ के 3 कार्यों का भी लोकार्पण किया गया।

इनके अलावा श्री शाह ने राजकीय महाविद्यालय कन्या महाविद्यालय एवं कृषि महाविद्यालय के 16082 करोड़ के 30 कार्यों जगतपुरा जोन में डामर सड़क सी सी सड़क निर्माण एवं अलवर के कटी घाटी स्थित गौरव पथ पर प्रवेश द्वारा के 4.87 करोड़ के आठ कार्यों33.11 के.वी. जी.एस.एस. निर्माण के 128.98 करोड़ के 58 कार्यों प्रधानमंत्री कुसुम योजना . ए एवं सी के तहत सोलर संयत्रों की स्थापना के 1029.44 करोड़ के 161 कार्यए 220 केवी जीएसएस कारोली एवं रायला और संबंधित लाईन निर्माण के 117.52 करोड़ रुपए के दो कार्यों एवं 132 केवी जीएसएस व संबंधित लाईन निर्माण के 258.02 करोड़ रुपए के सात कार्यों का भी लोकार्पण किया।

इस मौके पर जिन कार्यों का शिलान्यास हुआ उनमें जवाई पुलिया सिरोही का जीर्णोद्धार एवं विभिन्न सड़क निर्माण चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण के 1405.00 करोड़ के 67 कार्यए राजस्थान ग्रामीण जल प्रदाय एवं फ्लोरोसिस मिटिगेशन परियोजना फ़ेज.2 नर्मदा नहर आधारित वृहद पेयजल परियोजना सीपी 02 के लिए 1039.98 करोड़ के कार्य प्रधानमंत्री कुसुम योजना के 805.38 करोड़ के 172 कार्य 220 केवी के 5 जीएसएसए 132 केवी के 10 जीएसएस व संबंधित लाईनों के 961ण18 करोड़ के कार्यए जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नागौर लिफ्ट परियोजना प्रथम चरण में पम्पिंग मशीनरी तथा 179 ग्रामों एवं 1001 ढाणियों को घर.घर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 404.41 करोड़ रुपए के तीन कार्यए अमृत 2ण0 योजनान्तर्गत शहरी पेयजल योजना के 196.00 करोड़ के 12 कार्य शामिल हैं।

इसी तरह जिला अस्पताल चूरू एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण के 172.57 करोड़ रुपए के 15 कार्य सालासर में सहायक अभियन्ता कार्यालय के भवन निर्माण एवं 33 केवी जीएसएस के 127.86 करोड़ के 46 कार्यए सोलर आधारित फव्वारा पद्धति से सिंचाई सुविधा के लिए 165.81 करोड़ के तीन कार्यए 15 वें वित्त आयोग के तहत चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण के 108ण99 करोड़ के 74 कार्यए राज्य मद से चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण के 54ण40 करोड़ के 18 कार्यए राजकीय आईटीआई के भवन निर्माण के 37ण16 करोड़ के चार कार्यए राज्य के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के भवन निर्माण के 80.15 करोड़ के 54 कार्य जल जीवन मिशन आपणी योजना फ़ेज.प्रथम एवं सरदारशहर के 60 ग्रामों के संवर्धन मय पुनर्गठन का कार्य पैकेज.4 ;चूरु.बिसाउ फीडरद्ध के लिए 99ण77 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास किया गया।

इसी तरह पेयजल सप्लाई पाइप लाइन एवं उच्च जलाशय निर्माण के 39.20 करोड़ के आठ कार्य जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जल योजना के 77.20 करोड़ के 44 कार्य ग्रामीण जल योजना जघीना भरतपुर झीरी ब्लॉक सरमथुरा धौलपुर एवं ग्राम नेहड़ाई देवा पोहरा जेठवई किशनघाट जैसलमेर के 58.63 करोड़ के तीन कार्य एमएनआईटी फैकल्टी आवासीय योजनाए जयपुर के 124 एचआईजी आवासों के भवन निर्माण के 91.58 करोड़ के कार्यए प्रताप नगर सांगानेर में सामुदायिक केन्द्रों के भवन निर्माण के पांच करोड़ के दो कार्य जनजाति एकलव्य आवासीय विद्यालय खारडा जिला. पाली के भवन निर्माण का 15.15 करोड़ का कार्य जनजाति बालकध्बालिका आश्रम छात्रावास के भवन निर्माण के 9.09 करोड़ के तीन कार्यों का शिलान्यास हुआ।

इनके अलावा देवनारायण बालकध्बालिका आवासीय विद्यालयों के भवन निर्माण के 56ण85 करोड़ के तीन कार्योंएपर्यटक स्थलए आमेर एवं आसपास सुविधाओं के विस्तार के लिए 16.86 करोड़ के सात कार्यए चित्तौड़गढ अजमेरए डीडवाना करौली एवं जोधपुर में पैनोरमा निर्माण के 20 करोड़ रूपये के पांच कार्यए राजकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण 93.70 करोड़ रुपए के 17 कार्य तालाबए एनीकट नहर आदि के निर्माणए मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के 105.59 करोड़ रुपए के 25 कार्य वृत्ताधिकारी कार्यालय पुलिस थाना एवं 100 क्षमता की महिला बैरिक के भवन निर्माण के 9ण31 करोड़ के तीन कार्यए सवाई माधोपुर जिले में विविध निर्माण के 15 लाख के तीन कार्यों राजकीय नवीन पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के निर्माण के 27.00 करोड़ के तीन नाबार्ड द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरेवाला हनुमानगढ़ के भवन निर्माण के 5.36 करोड़ के कार्यों एवं जैसलमेर जिले के पशु चिकित्सा उपकेन्द्र सियाम्बर एवं पशु चिकित्सालय रातडिया के 57 लाख रुपए के दो कार्यों का शिलान्यास किया गया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन को लेकर दी जानकारी, आचार संहिता का पालन का निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में विधानसभा चुनाव की अधिसूचना निर्गत होने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि कहा कि द्वितीय चरण में जिला की सभी सभी छह विधान सभा सीटों पर 11 नवंबर मंगलवार को मतदान होना है।नरपतगंज विधानसभा के लिए निर्वाची पदाधिकारी भूमि सुधार उप समाहर्ता फारबिसगंज के कार्यालय,रानीगंज (अजा) विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया,फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज के कार्यालय कक्ष,अररिया विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी अररिया के कार्यालय कक्ष,जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी अपर समाहर्ता अररिया के कार्यालय और सिकटी विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी उप विकास आयुक्त का कार्यालय में नामांकन होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अभ्यर्थियों को नामांकन लिए सामान्य वर्ग को 10 हजार और अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति को 05 हजार की नाजिर रसीद कटवानी होगी। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आरओ कक्ष के साथ हेल्प डेस्क भी बनाए गए हैं। जहां उन्हें सभी जानकारियां प्राप्त हो सकती हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध होगी। प्रत्येक स्तर पर सीसीटीवी कैमरा एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। प्राप्त नामांकन पत्रों के उसी दिन आयोग के साइट पर अपलोड करने और आरओ नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि आज से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। वहीं अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित है। इस अवसर पर वरीय प्रभारी निर्वाचन सह अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अजय कुमार ठाकुर, निर्वाचन पदाधिकारी डॉ राम बाबू कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी मनीष कुमार, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी चंद्रशेखर यादव सहित बड़ी संख्या में प्रेस प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की अर्द्धसैनिक बल एवं वाहन कोषांग के कार्यों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह - जिलाधिकारी, सारण अमन समीर द्वारा अपर समाहर्त्ता, विधि व्यवस्था, जिला परिवहन पदाधिकारी, सहायक आयुक्त, मद्य निषेध तथा ठुए के माध्यम से जुड़े सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं सभी अंचलाधिकारियों के साथ बिहार विधान सभा आम चुनाव, 2025 के अवसर पर गठित अर्द्धसैनिक बल कोषांग एवं वाहन कोषांग में चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। अर्द्धसैनिक बलों हेतु चयनित सभी आवासन स्थलों पर सभी आवश्यक सुविधा प्रदान करने, नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की निगरानी हेतु समय समय पर आवासन स्थलों का भौतिक सत्यापन करने एवं प्रतिदिन प्रतिनियुक्त बल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का स्पष्ट निदेश दिया गया। अर्धसैनिक बलों द्वारा क्षेत्र भ्रमण हेतु ईंधन सहित पर्याप्त संख्या में उपयुक्त वाहनों की उपलब्धता करने का निदेश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारियों को उपयोग किये गए ईंधन के भुगतान के संबंध में साप्ताहिक रूप से सभी संबंधित पेट्रोल पंपों से वाउचर प्राप्त कर अभी से ही नियमित रूप से राशि का भुगतान करने का निदेश दिया गया। साथ ही निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त किए गए सभी वाहनों का मतगणना प्रक्रिया की समाप्ति की तिथि से सात दिनों के अंदर शत प्रतिशत राशि का भुगतान करने के परिप्रेक्ष्य में अभी से ही कार्य योजना तैयार कर दिनांक 19.11.2025 तक निश्चित रूप से सभी वाहनों का शत प्रतिशत राशि का भुगतान कराने का निदेश दिया गया।

# शिअद नेता जगदीप सिंह चीमा समर्थकों सहित भाजपा में शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में तरनतारन विधानसभा सीट के उपचुनाव से पहले शिरोमणि अकाली दल के पूर्व महासचिव एवं फतेहगढ़ साहिब से अकाली दल के वरिष्ठ नेता रहे जगदीप सिंह चीमा सोमवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पंजाब भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा और केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू की उपस्थिति में अपने समर्थक सहित भाजपा में शामिल हुए। श्री चीमा का भाजपा में शामिल होना अकाली दल के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। श्री चीमा फतेहगढ़ साहिब जिले से अकाली दल के जिला प्रभारी रहे हैं। वह 2012 और 2022 में पार्टी की सीट से विधानसभा चुनाव लड़ चुके है। दोनों ही बार वह हालांकि चुनाव नहीं जीत पाये थे।

श्री चीमा के पिता रणधीर सिंह चीमा भी शिअद का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे है। वह 50 सालों तक एसजीपीसी सदस्य और तीन बार पंजाब में कैबिनेट मंत्री रहे। पिता की राह पर चलते हुए श्री जगदीप भी शिअद में शामिल हुए और लंबे समय तक पार्टी का हिस्सा रहा। हाल ही शिअद ने चीमा को पार्टी से निष्कासित किया था। शिअद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ दलजीत सिंह चीमा ने 30 सितंबर को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर श्री चीमा को पार्टी से निकाले जाने की खबर की पुष्टि की थी। उन्होंने बताया था कि श्री चीमा के खिलाफ पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है, जिसके चलते उन्हें पार्टी से निष्कासित किया जाता है। शिअद से निकाले जाने के कुछ ही दिनों बाद अब चीमा ने उनकी विरोधी भाजपा का हाथ थाम लिया है। श्री जगदीप सिंह चीमा की जॉइनिंग पर केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने अकाली दल पर निशाना साधते हुए कहा पंजाब की जनता बेअदबी की घटनाओं पर आज भी जवाब मांगती है और उन्हें कभी माफ नहीं करने वाली।

# धामी कैबिनेट में आठ प्रस्ताव पारित, प्रदेश के मिनी आंगनबाड़ी बनेंगे पूर्ण केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड कैबिनेट बैठक में सोमवार को राज्य हित से जुड़े कुल आठ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी है। बैठक में महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, यूनिफॉर्म सिविल कोड नियमावली में संशोधन और राज्य स्थापना दिवस पर विधानसभा सत्र को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। इनमें राज्य के मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों में तब्दील करने को भी मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक ने मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों में तब्दील करने को मंजूरी दी है। कैबिनेट की बैठक में सचिव शैलेश बगोली ने ब्रीफ किया। उन्होंने कैबिनेट में लिए गए फैसलों को मीडिया के समक्ष रखा। बताया कि महिला सशक्तिकरण और बाल विकास विभाग के इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार ने स्वीकृति दे दी है। विभाग में सुपरवाइजर नियमावली में संशोधन कर अब 50 प्रतिशत पदों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मौका मिलेगा। राज्य कैबिनेट ने एक अहम फैसले के तहत देहरादून के रायपुर विधानसभा क्षेत्र में बनने वाली नई विधानसभा भवन परियोजना के लिए फ्री जोन में छूट दी गई है। अब इस क्षेत्र में मकान और छोटी दुकानों के निर्माण की अनुमति आसानी से मिल जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता और स्वास्थ्य पर्यवेक्षक नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी गई है। अब कर्मचारियों को एक बार तबादले में छूट की व्यवस्था मिलेगी। यूसीसी यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड नियमावली में भी आंशिक परिवर्तन को स्वीकृति दी गई है। नेपाल और भूटान के नागरिकों की शादियों का पंजीकरण भी यूसीसी पोर्टल पर आधार कार्ड या विदेशी पंजीकरण के आधार पर किया जा सकेगा। कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि राज्य स्थापना दिवस 9 नवंबर को आयोजित होने वाले विधानसभा सत्र की तिथि तय करने का अधिकार अब मुख्यमंत्री का होगा। बैठक में कार्मिक विभाग की प्रमोशन नियमावली में संशोधन किया गया है। अब यदि कोई कर्मचारी किसी पद पर 50 प्रतिशत सेवा पूरी कर चुका है और दूसरी सेवा में स्थानांतरित होना चाहता है, तो उसे शीतलीकरण अवधि का लाभ पदोन्नति में मिलेगा। वित्त विभाग के अंतर्गत पब्लिक सेंटर से संबंधित नया नियम लागू किया गया है। अब ऐसे सेंटर जो 100 प्रतिशत टेकिंग पर कार्यरत हैं, उन्हें अपने शुद्ध मुनाफ़े का 15 प्रतिशत राज्य सरकार को देना होगा।

## महिला से लूटपाट के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने महिला से लूटपाट के मामले का खुलासा करते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बिट्टू (33) और शिशपाल उर्फ लीलू (35) के रूप में हुई है। दोनों हिसार (हरियाणा) के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटी गई रकम 45,000 रूपये, शिकायतकर्ता का कैनरा बैंक एटीएम कार्ड और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि शिकायतकर्ता इंद्राज कॉलोनी, बावाना निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 3 अक्टूबर को कुछ लोगों ने उसका एटीएम कार्ड जबरन बदल लिया और उसके खाते से 60,000 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने महिला के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पुलिस टीम ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच करते हुए आरोपितों के दिल्ली से हरियाणा तक के रूट को ट्रेस किया। लगातार तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर दोनों आरोपितों को हिसार जिले के राजठल गांव से दबोचा गया।

## युथ कांग्रेस संगरूर ने युवाओं को गांव और वार्ड स्तर पर ज़िम्मेदारी देने के लिए शुरू किया अभियान

संगरूर। पंजाब यूथ कांग्रेस ने सोमवार को राज्य के संगरूर जिले में एक नयी पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य जिले के उत्साही युवाओं को संगठन से जोड़ना और उन्हें गांवों और वार्ड स्तर पर नेतृत्व की ज़िम्मेदारी देना है। पंजाब यूथ कांग्रेस के राज्य सचिव और संगरूर के प्रभारी अंगद दत्ता ने कहा कि अब समय आ गया है कि पंजाब का युवा खुद अपने भविष्य की दिशा तय करे। उन्होंने कहा, जो भी युवा हमारे साथ जुड़ेगा, उसे अपने गांव या वार्ड का प्रधान बनाया जायेगा, ताकि वह अपने इलाके की समस्याओं को उठा सके और संगठन को मज़बूत करे। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को वोट चोरी, नशे और बेरोज़गारी जैसी समस्याओं के खिलाफ़ एकजुट करना है। श्री दत्ता ने कहा, ह्लपंजाब को जागरूक और सक्रिय युवा शक्ति की ज़रूरत है।

# युवा बीज की तरह गलें और विराट वृक्ष बनें : योगेन्द्र

कैनवजि टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। शांतिकुंज में आयोजित दो दिवसीय युवा जागरण शिविर का समापन सोमवार को हुआ। शिविर में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार आदि प्रांतों से आए यूपीएससी की तैयारी में जुटे युवाओं, प्रशासन में उच्च श्रेणी के अधिकारी, वरिष्ठ वकील एवं विद्वान शामिल रहे। शिविर का उद्देश्य युवाओं में व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों की स्थापना तथा राष्ट्र निर्माण हेतु जागरूकता उत्पन्न करना था। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने संस्था की अधिष्ठात्री शैलदीदी से भेंट की और विविध विषयों पर मार्गदर्शन पाया। शैलदीदी ने युवाओं से आत्मबल के साथ जीवन में आगे बढने का संदेश दिया। इस अवसर पर शांतिकुंज व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरि ने कहा कि आगामी वर्ष माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी एवं सिद्ध अखण्ड दीपक के शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। युवाओं को इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए अभी से तैयार हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवार, समाज व राष्ट्र के विकास के लिए बीज की तरह गलें और विराट वृक्ष की तरह बनने की दिशा में कार्य करें। इससे पूर्व शिविर में लोकसेवियों के लिए दिशाबोध विषय पर संबोधित करते हुए युवा प्रकोष्ठ समन्वयक केपी दुबे ने कहा कि शांतिकुंज के वैचारिक क्रांति में सहयोगी बनें और अपने क्रिया, विचार और भावनाओं को पोषित करते रहें। प्रो. प्रमोद भटनागर, अशरण शरण श्रीवास्तव, आशीष सिंह, गोपाल शर्मा आदि ने भी युवाओं को जीवन में सकारात्मक परिवर्तन हेतु अपने अपने विचार रखें। इस अवसर पर पटना हाईकोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता प्रीति आनंद गुप्ता ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। बताया कि गायत्री परिवार से जुडने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक व क्रांतिकारी परिवर्तन आया। इसी प्रकार मनीष कुमार, विनय पाण्डेय, डॉ नीरज शर्मा आदि ने भी अपने प्रेरणादायक अनुभव सुनाए।

# दिल्ली में आग की दो घटनाओं में एक की मौत, पांच लोग झुलसे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह दो अलग-अलग जगहों पर आग लगने की घटनाओं से हड़कंप मच गया। एक घटना में जहां पश्चिमी दिल्ली के तिलक के नगर के चांद नगर इलाके में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, वहीं दूसरी घटना में उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके में एलपीजी गैस लीक के बाद धमाका हुआ, जिसमें एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए। उपायुक्त पश्चिम दराडे शरद भास्कर ने सोमवार को बताया कि तिलक नगर के चांद नगर स्थित मकान संख्या 332/2 में सुबह आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। जब मकान में प्रवेश किया तो वहां सुनील कुमार जिनोत्रा (52) का शव झुलसी हुई हालत में मिला। घटना के समय वह इमारत में अकेले थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आग निचले तल पर बने ऑफिस, गोदाम में शॉर्ट सर्किट से लगी थी। मकान मृतक के चचेरे भाई का बताया जा रहा है। मौके का निरीक्षण अपराध टीम ने किया और शव को डीडीयू अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि फिलहाल किसी तरह की साजिश या फाउल प्ले के संकेत नहीं मिले हैं। वहीं दूसरी घटना सब्जी मंडी के नई बस्ती, किशनगंज इलाके में सुबह करीब 9:29 बजे हुई। यहां एक मकान में एलपीजी गैस लीक के बाद हुए धमाका होने से आग भड़क गई। हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्य झुलस गए, जिनमें से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# कुतुबपुर में खुली बैठक, यूसीसी रजिस्ट्रेशन व विकास प्रस्तावों पर लगी मुहर


कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। लक्सर क्षेत्र के खड़ंजा कुतुबपुर ग्राम पंचायत में सोमवार को ग्राम प्रधान नाजरीन की अध्यक्षता में खुली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड रजिस्ट्रेशन को लेकर ग्रामीणों को जानकारी दी गई। ग्राम विकास अधिकारी शंकरदीप ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए समय पर रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक है। बैठक में गांव के विकास से जुड़े करीब 50 प्रस्तावों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई। इन प्रस्तावों में साफ-सफाई व्यवस्था, निर्माण कार्य, सड़क व नाली निर्माण, विधवा पेंशन, बुजुर्ग पेंशन, परिपक्वता पेंशन, पशु शेड निर्माण, तथा गांव में आवश्यक सार्वजनिक सुविधाओं के विकास से संबंधित प्रस्ताव प्रमुख रहे। साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निर्णय लिया गया कि हर परिवार से 50 रुपए मासिक शुल्क लिया जाएगा। इस राशि से सफाई कर्मचारियों का मानदेय, उपकरणों की खरीद और नियमित सफाई कार्यों पर खर्च किया जाएगा।ग्राम विकास अधिकारी शंकरदीप ने कहा कि सरकार हर गांव को मॉडल पंचायत के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखती है। गांव की तरक्की में जनता की भागीदारी सबसे अहम है। सभी प्रस्तावों का उद्देश्य जनता को सुविधाएं प्रदान करना है। ग्राम प्रधान नाजरीन ने कहा कि खड़ंजा कुतुबपुर गांव को स्वच्छ और विकसित बनाना हमारा संकल्प है। ग्रामवासियों का सहयोग मिलने पर यह संभव होगा। सफाई शुल्क से गांव में नियमित सफाई व स्वच्छता बनाए रखी जाएगी। बैठक में आरिफ, रईस, तालिब उर्फ मुन्ना, शौकत अली, अर्जुन, कमलेश, शाइस्ता, शाहरुख, जहांगीर, आवेश, अल्तमश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## हल्लोमाजरा में गंदा पानी पीने को लोग मजबूर, प्रशासन मौन

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के हल्लोमाजरा क्षेत्र में पिछले छह महीनों से गंदे और मटमैले पानी की आपूर्ति हो रही है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद नगर निगम और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी है। रिहायशी इलाकों में आने वाला पानी देखने में पेट्रोल जैसा दिखाई देता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इसी दूषित पानी के सेवन से उल्टी-दस्त और टाइफाइड जैसी बीमारियां फैल रही हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, अस्पताल में आने वाले कई मरीज हल्लोमाजरा से ही हैं और दूषित पानी के कारण बीमार पड़ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि इस पानी के पीने से अब तक तीन बच्चों की मौत हो चुकी है, लेकिन नगर निगम और प्रशासन के अधिकारी खामोश हैं। स्थिति यह है कि छोटे-बड़े सभी उम्र के लोग बीमारियों की चपेट में हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब वे नियमित रूप से पानी का बिल देते हैं, तो उन्हें साफ पानी मिलना उनका अधिकार है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। सड़कें भी बदहाल हैं। बरसात के दिनों में पानी भरने से कीचड़ फैल जाता है, जिससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063